रांची का तापमान
कांके: अधिक. 31.0° न्यून. 17.0°
रांची: अधिक. 31.8° न्यून. 17.9°
रांची, गुरुवार
17 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक- 75, पृष्ठ-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### जनजातीय परामर्शदातृ पर्षद की बैठक स्थगित

**रांची।** जनजातीय परामर्शदातृ पर्षद (टीएसी) की बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। बताया गया कि 16 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, एनेक्सी भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदातृ पर्षद की होने वाली बैठक अपरिहार्य कारण से स्थगित कर दी गई है।

### 'संस्कृति का पांचवां अध्याय' का विमोचन कल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संस्कृति पर विचारों और भाषणों का संकलन 'संस्कृति का पांचवां अध्याय' अब पुस्तक रूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस पुस्तक का औपचारिक विमोचन नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के समवेत सभागार में शुक्रवार (18 अप्रैल) को शाम 05:00 बजे किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज पुस्तक का औपचारिक विमोचन करेंगे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### 4 दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 से 24 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उनके साथ द्वितीय महिला उषा वेंस, उनके बच्चे और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्य भी होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह उपराष्ट्रपति वेंस की पहली भारत यात्रा होगी। यात्रा के दौरान, वे 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली में अन्य कार्यक्रम होंगे और 24 अप्रैल को वाशिंगटन डीसी के लिए प्रस्थान करने से पहले उनका जयपुर और आगरा जाने का भी कार्यक्रम है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

### हरमू नदी और बड़ा तालाब की सफाई पर हुई सुनवाई

# हाईकोर्ट ने सरकार व रांची नगर निगम से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**अगली सुनवाई नौ जून को**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जल स्त्रोतों नदी, रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई और संरक्षण के संबंध में लिए गए स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई की। मामले में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब और हरमू नदी की साफ-सफाई पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई नौ जून को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि बीते 10-11 अप्रैल को निगम की ओर से हरमू नदी की सफाई कराई गई है। निगम की ओर से समय-समय पर हरमू नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में उनकी ओर से हरमू नदी की सफाई से संबंधित फोटोग्राफ प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने निगम को मौखिक रूप से कही गई इन बातों को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया। वहीं, हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब में जब तक इसकी गहराई में जमे गाद को नहीं हटाया जाएगा, तब तक पूरी तरह से बड़ा तालाब की सफाई नहीं हो सकेगी। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि हरमू नदी में लोगों के घर से निकला हुआ सॉलिड कचरा जा रहा है। ऐसे में हरमू नदी की सफाई भी जरूरी है।

इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि बड़ा तालाब में वर्षों से जमे गाद को निकालने के लिए नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था, लेकिन जुडको ने इसमें विशेषज्ञता नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जताई है। इसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से जल संसाधन विभाग को बड़ा तालाब से गाद निकालने के संबंध में पत्र लिखा गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में भी राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के सभी जिलों से जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, कुछ जिलों से अभी रिपोर्ट आनी बची है। ज्ञात हो कि रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण और साफ-सफाई से संबंधित प्रकाशित एक खबर को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। पूर्व में कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी जिलों में जलस्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण, जल की स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। प्राकृतिक जलस्त्रोतों की स्वच्छता को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने भी कई बार सवाल उठाए थे।



बिना क्लोरीन के ही कांके डैम से हो रही जलापूर्ति

बास मारते पानी को पीने के लिए मजबूर है आम जनता

बेबस है आम आदमी, नहीं मिल रहा पीने लायक पानी

गोंदा जलशोध संस्थान का क्लोरीनेटर है खराब

पीने का तो छोड़िए, ब्रश करने लायक भी नहीं पानी

क्लोरीनेटर खराब नहीं है : शुभम उपाध्याय

### हेमंत सोरेन पहुंचे झामुमो के केंद्रीय कार्यालय, कार्यकर्ताओं से कहा

# आपकी मेहनत हमारी ताकत आपके सपने हैं हमारी प्रेरणा

- पार्टी की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं के साथ किया विचार-विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। वह बुधवार की शाम रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य एवं अन्य ने उनका स्वागत किया। यहां मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक रहे और पार्टी की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मेरे प्यारे कार्यकर्ताओं और साथियों, आप सभी के अथक संघर्ष, विश्वास और समर्पण के बिना यह सफर संभव नहीं था। आज जब मैं पार्टी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मैं आप सभी का आभारी हूं, जिन्होंने हर मुश्किल घड़ी में पार्टी और झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखा। शेष पेज 11 पर

## मुश्किल घड़ी में पार्टी के साथ खड़े कार्यकर्ताओं का जताया आभार




### युवा अध्यक्ष पाकर हम सब गौरवान्वित : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो के केंद्रीय कायार्लय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 14 और 15 तारीख को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन हुआ। महाधिवेशन में निर्वतमान अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाया गया। इसके बाद दिशोम गुरु ने हेमंत सोरेन का नाम केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया, जिसे लगभग साढ़े चार हजार से ज्यादा उपस्थित प्रतिनिधि, अध्यक्ष मंडल के 11 लोग और संचालन शेष पेज 11 पर



### बाबूलाल मरांडी के पेट में दर्द क्यों, जहां कहेंगे, इलाज होगा

झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर पलटवार किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा था कि आने वाले 20 साल तक हेमंत सोरेन अध्यक्ष रहेंगे। इस पर पलटवार करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल जी के पेट में दर्द क्यों होता है। उनके इलाज करवाने की जिम्मेवारी पार्टी लेती है। रिनपास या रिम्स जहां कहेंगे, उनका इलाज कराया जाएगा। बाबूलाल जी बहुत बड़े चीज हैं, बहुत कुछ को बहुत चीजों के साथ जोड़ देंगे।

### वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हुई सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' पर केंद्र से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- वक्फ परिषद के गठन में हिंदू सदस्यों की भूमिका पर भी स्पष्टीकरण मांगा
- आज भी दोपहर 2:00 बजे होगी मामले की सुनवाई

वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने मुस्लिम पक्ष और संशोधन समर्थक दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान विभिन्न संशोधित धाराओं जैसे कि धारा 3, 9, 14, 36 और 83 पर विशेष चर्चा हुई। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि इन संशोधनों से उनके संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। विशेष रूप से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का हनन हुआ है। उनका कहना था कि संशोधन उनके धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करता है।

वहीं, केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल और अधिनियम के समर्थकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन पूरी तरह संविधान सम्मत हैं और इनमें मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की कोई बात नहीं है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अपने प्रारंभिक अवलोकन में यह कहा कि अधिकांश संशोधन संविधान के अनुरूप प्रतीत होते हैं। हालांकि, न्यायालय ने 'वक्फ बाय यूजर' की परिभाषा पर स्पष्टता मांगी है। इसके अलावा, वक्फ परिषद के गठन में हिंदू सदस्यों की भूमिका को लेकर भी कोर्ट ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की है।

कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल और हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं से इन दोनों मुद्दों पर विशेष रूप से सहायता और स्पष्टीकरण देने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार दोपहर 2:00 बजे होगी। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस अहम मामले में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें रखनी शुरू कीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बहस की शुरुआत की। इसके बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलीलें पेश कीं। अधिवक्ता सिंघवी ने कोर्ट के समक्ष कहा कि देशभर में शेष पेज 11 पर

# केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ईएसआईसी अस्पताल का रांची में आज करेंगे उद्घाटन

## नामकुम में है नवविकसित 220 बिस्तरों वाला हॉस्पिटल

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** रांची के नामकुम स्थित 220 बिस्तरों वाले नवविकसित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पताल का केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया गुरुवार को उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप और ईएसआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

डॉ मांडविया मौके पर ईएसआई लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। लाभार्थियों को नकद लाभ प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगे। इस आधुनिकीकृत अस्पताल से 5 लाख से अधिक बीमित व्यक्तियों (आईपी) और उनके आश्रितों को लाभ मिलने की उम्मीद है। नामकुम में ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

### मुर्शिदाबाद हमले के कई पीड़ित परिवारों ने ली झारखंड में शरण

**साहिबगंज।** केंद्र सरकार की ओर से वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित जाफराबाद गांव में एक समुदाय पर हुए हमले के बाद पीड़ित परिवारों ने झारखंड में शरण ली है। घटना में कई पीड़ित परिवार राज्य के साहिबगंज जिले के राजमहल स्थित बर्मन कॉलोनी पहुंचे और पनाह ली। घटना में 12 से अधिक एक समुदाय के लोगों की प्रतिष्ठानों में जमकर लूटपाट और महिलाओं से छेड़छाड़ की गई थी। शेष पेज 11 पर

# अगले सीजेआई होंगे जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली (हि.स.)**



14 मई को लेंगे शपथ, 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे

जस्टिस बीआर गवई देश के अगले चीफ जस्टिस (सीजेआई) होंगे। वर्तमान चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने केंद्र सरकार को उनके नाम की सिफारिश भेजी है। जस्टिस खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई 14 मई को चीफ जस्टिस पद की शपथ लेंगे। जस्टिस गवई लगभग छह महीने तक चीफ जस्टिस के पद पर रहेंगे। परंपरा के मुताबिक मौजूदा चीफ जस्टिस अपने कार्यकाल के आखिरी महीने में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर मोस्ट जज के नाम की सिफारिश सरकार को भेजते हैं। सरकार सामान्यतया उस सिफारिश को मान लेती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को अपना उत्तराधिकारी बनाने की सिफारिश की है। उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया है। जस्टिस गवई देश के 52वें चीफ जस्टिस होंगे।

जस्टिस गवई ने 16 मार्च, 1985 से वकालत शुरू की थी। वे 1987 से 1990 तक बांबे हाईकोर्ट और 1990 से बांबे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में प्रैक्टिस की। अगस्त, 1992 से लेकर जनवरी, 2000 तक उन्होंने बांबे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# हर निर्माण के पहले रिसर्च और भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखा जाए



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

25 साल का होने जा रहा झारखंड अभी भी गलती करो और सीखो मॉडल पर ही चल रहा है जिस पर बिहार के जमाने से ही काम हो रहा था इसमें सबसे हास्यास्पद है सड़क बनाने के बाद उसे काट कर पीने के पानी का पाइप बिछाना और फिर से काटकर सीवरेज लाइन की पाइप बिछाना। झारखंड की राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर में इसी कार्यशैली में काम चलता रहा है जिससे पब्लिक के पैसों की बर्बादी तो होती ही है साथ ही सालों भर सड़कों पर धूल मिट्टी और आवागमन की परेशानी लगी रहती है । ऐसा सभी विभागों के बीच समन्वय नहीं होने से तो होता ही है कभी–कभी जान बूझकर भी किया जाता है जिससे लगता है कि इस पर कोई स्पष्ट नीति या मानक संचालन प्रणाली नहीं बनी है क्योंकि कोई भी बड़ा या खर्चीला स्थायी निर्माण कई दशकों के बाद करोड़ों की लागत से किया जाता है जिसे भविष्य में बढ़ने वाली आबादी या गाड़ियों के दबाव के हिसाब से डिजाइन किया जाना चाहिए । अभी रांची के सबसे व्यस्त रातू रोड में एनएचएआई द्वारा विगत तीन वर्षों से चल रहे एलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण में लगभग वही स्थिति है । निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखने में उच्च कोटि की लग रही है पर अब नगर निगम और जुड़को को पेयजल और सीवरेज का पाइप बिछाना है जिसके लिए तेजी से बन रही सड़क को काटकर पाइप बिछाया जाएगा । सवाल यह उठता है कि विगत तीन वर्षों में यह क्यों नहीं हुआ ? सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि लगभग 15 लाख की आबादी वाले रांची नगर के अवशिष्ट जल को पंडरा से लेकर विभिन्न मुहल्लों से इकट्ठा कर बड़ागाईं बरियातू तक सामान्य पाइप से ले जाना किसी चमत्कार से कम नहीं क्योंकि इसके लिए बड़े-बड़े नाले और मेनहोल बनाए जाते हैं जैसे पड़ोसी कोलकाता में है । विभिन्न मुहल्लों में ठेकेदारों ने सीवरेज लाइन बिछाने के लिए बनी हुई पीसीसी सड़क को खोदकर छोड़ दिया उसकी परेशानी अलग है । विदेशों की या विकसित राज्यों की बात करें तो इसके लिए अगले 100 वर्षों की प्लानिंग होती है ताकि गंदे पानी के निष्पादन की भविष्य में समस्या न हो । युवा झारखंड को इस पर ठोस नीति बनानी चाहिए । कुछ इसी तरह की स्थिति सड़कों की चौड़ाई की है अनेक सड़कें फोरलेन बनीं जिन्हें बनाने के लिए हजारों पेड़ काटे गए और उसके किनारे नालियां बनाईं गईं इसका आकलन नहीं किया गया कि अगले बीस-तीस वर्षों में क्या सिक्स लेन की जरूरत पड़ेगी तो फिर नालियों को तोड़ा जाएगा और एक लेन और बनाया जाएगा । इसमें अमेरिकन मॉडल से सीखने की आवश्यकता है जो किसी भी ख़र्चीले या बड़े कार्य के पहले उसपर शोध में बड़ी रकम खर्च करता है जैसे सड़क बनानी है तो कितनी गाड़ियां कितना लोड लेंगी और भविष्य में कितनी चौड़ी सड़क की आवश्यकता पड़ेगी ?

सबसे बड़ा उनका रिसर्च इस बात पर रहता है कि पिछली सड़क कहां,क्यों और कैसे टूटी ? जो पहले भूल या गलतियां हुईं उन्हें सुधारने के लिए कौन सी तकनीक अपनाई जानी चाहिए । हर साल सड़क नाली,पेयजल और गंदे पानी के निकास के नाम पर इंजीनियर-अधिकारी गठजोड़ से मिले फीडबैक और बढ़ते बजट की समीक्षा करते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखा जाए कि एक ही काम को बार-बार करने की आवश्यकता या मांग को सामान्य नहीं बल्कि आकस्मिकता पर ही स्वीकृत किया जाए । झारखंड में लगभग 117 वर्ष पूर्व स्थापित जमशेदपुर और रूस के सहयोग से बने एचईसी परिसर,बोकारो जैसे औद्योगिक शहर पूरी प्लानिंग से बसे इस कारण उन्हें आज भी न पेड़ काटने की आवश्यकता है और न बार-बार सड़क खोदने की जब कि राजधानी रांची के आसपास सहित पूरे झारखंड के प्रमुख शहरों के आसपास में भूमि माफिया तेजी से ऐसी कॉलोनियां विकसित कर रहा है जिसमें न तो अग्निशमन गाड़ी जाने के लिए 25 फीट की सड़क छोड़ी जा रही है और न न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं । भविष्य में जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स के पैसे इन्हें सुधारने में खर्च होंगे जिससे विकसित झारखंड का सपना साकार करने में सरकारों और जनता को ख़ासी परेशानी होगी । ठेकेदारों और इनसे जुड़े लोगों को भी समझाया जाना चाहिए कि पुराने काम को बार-बार करने के बजाय नए काम करने से भी उन्हें काम की कमी नहीं रहेगी।




# गुरुग्राम जमीन मामले में रॉबर्ट वाड्रा से कई घंटे हुई पूछताछ

**नई दिल्ली (हि.स.)**



- ईडी ने पूछताछ के लिए आज भी किया है तलब

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ लैंड डील घोटाले के मामले में रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन बुधवार को कई घंटे पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा ने पूछताछ के बाद कहा कि उन्हें सच पर भरोसा है और वे किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। राबर्ट वाड्रा के साथ आज उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद थीं। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार को फिर दिन में 11:00 बजे नई दिल्ली में स्थित एजेंसी के हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए बुलाया है।

इससे एक दिन पहले मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे मैराथन पूछताछ की थी। इसके बाद आज फिर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा से गुरुवार को भी पूछताछ होगी। ईडी दफ्तर से बाहर निकलते समय रॉबर्ट वाड्रा कहा, हां, उन्होंने मुझे कल भी पूछताछ के लिए बुलाया है। वे मुझे बुलाते रहेंगे...। शेष पेज 11 पर

### हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन यात्रा का मिला क्लीयरेंस

# 11 सदस्यीय टीम कल होगी रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाएगी। इसके लिए पॉलिटिकल क्लीयेंस मिल गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। टीम 18 अप्रैल को रांची से विदेश के लिए रवाना होगी और 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी।

**कितना होगा खर्च :** सीएम के इस दौरे को आयोजित करने के लिए पुणे की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 3.50 करोड़ रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा 25 लाख रुपये आकस्मिक और दैनिक मदों पर खर्च किए जाएंगे।

**टीम के सदस्य :** स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सेवानिवृत आईएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी शामिल हैं।

इनके अलावा उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआईआईडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल, मुख्यमंत्री के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

## केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार आम लोगों से मिले मुख्यमंत्री, सुनीं समस्याएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपने कांके रोड स्थित आवास पर आम लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनकी परेशानियों को समझा। इस दौरान उन्होंने लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने लोगों को दिया समाधान का भरोसा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

**लोगों ने बताई अपनी समस्याएं**

आम लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पहले भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में आम लोगों से मुलाकात की थी और उनकी समस्याओं का समाधान किया था।



### रांची में पहली बार एयर शो, सीएम को दिया गया निमंत्रण



**रांची।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो होने जा रहा है। इस खास कार्यक्रम के लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण दिया है। यह एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को खोजा टोली, नामकुम के आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस शो में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम शामिल होगी। यह टीम आसमान में हवाई जहाज से जबरदस्त करतब दिखाएगी, जिसे लोग देख कर हैरान रह जाएंगे। एयर शो 19 और 20 की सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक चलेगा। यानी हर दिन एक घंटे तक यह कार्यक्रम होगा।

# झारखंड कांग्रेस ऐप में दर्ज कराएं सुझाव और शिकायत : के.राजू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की ओर चल रहे संगठन सृजन अभियान-2025 के तहत बुधवार को प्रखंड अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि प्रखंड स्तर की कमेटी संगठन की रीढ़ होती है। प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए हमारे पास कार्यक्रम है। संगठन में पंचायत, मंडल, प्रखंड, नगर वार्ड स्तर पर 12 सदस्यीय समिति कार्य करेगी, जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और नौ महासचिव होंगे। इन सभी पदाधिकारी का डाटाबेस अपलोड रहेगा, ताकि उनसे निरंतर संपर्क बना रहे।

कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिए झारखंड कांग्रेस ऐप लांच किया गया है। इस ऐप में प्रदेश कांग्रेस से लेकर पंचायत स्तर तक के नेता-कार्यकर्ता अपने कार्यों की रिपोर्ट, संगठन के बारे में सुझाव शिकायत दे सकते हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद और जुड़ाव बनाये रखने के लिए कनेक्ट केंद्र की भी शुरूआत कर दी गयी है। उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की जिम्मेवारी देते हुए अगले 100 दिनों की कार्य सूची सौंपी। कहा कि संगठन के जनसंपर्क अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाया जायेगा, ताकि लोगों का विश्वास जीतकर हम जन समर्थन प्राप्त कर सके।



**विस्तारित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले डेढ़ महीनों से विभिन्न स्तरों पर संगठन के नीचे पायदान से लेकर ऊपर तक संवाद कर संगठन की मजबूती के लिए विस्तारित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की शिकायतों सुझावों को सुनने उसका समाधान करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। सांगठनिक पदाधिकारी को अधिकार संपन्न बनाया जायेगा, बेहतर काम करने वाले सम्मानित होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है, हमें झारखंड को अगली पंक्ति में खड़ा करना है, अपने नीति कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाना होगा। विपक्षी दल हम पर लगातार हमलावर हैं, हमे उनका जवाब देते हुए अपना संगठनात्मक अभियान जारी रखना है। कार्यक्रम में सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, प्रदीप यादव, सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, प्रदीप बलमुचू, सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह समेत प्रखंड अध्यक्ष व पर्यवेक्षक मौजूद थे।

### नेशनल हेराल्ड मामला

# चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने रांची में ईडी कार्यालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। झारखंड प्रभारी के राजू ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन फिर से यह मामला उठाया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी की सक्रियता से बौखला गए हैं।

**किसी राज्य में चुनाव आते ही ईडी सक्रिय हो जाती है : केशव कमलेश**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब भी देश के किसी राज्य में चुनाव आते हैं, भाजपा की ईडी सक्रिय हो जाती है ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों को अपने दल में शामिल कर रखा है और विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।

**विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात : सिरिवेला प्रसाद**

झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। भाजपा नफरत फैलाकर देश को गुमराह कर रही है।

**कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी।

**प्रदर्शन में ये रहे मौजूद :** इस प्रदर्शन में अनादि ब्रहम, प्रदीप तुलस्यान, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज सोनाल शांति, सुरेन्द्र सिंह, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, गजेंद्र सिंह शशिभूषण राय, जगदीश साहु, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, ईश्वर आनंद, एम तौसीफ खलखो, बेलस तिर्की, निरंजन पासवान, केके गिरी, अरूण साहू, इन्दिरा तुरी, धर्मराज राम, जगरनाथ साहु, राजू राम, शहबाज अहमद, फिरोज रिज्वी, योगेन्द्र सिंह बेनी, अर्चना मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है और सीनाजोरी भी : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी भी करती है और धरना प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिए सीनाजोरी भी करती है।



**नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान की जागीर नहीं रहा :** मरांडी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड को 1937 में शुरू किया गया था और शुरूआत में इसके 5 हजार शेयर होल्डर्स थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान की जागीर नहीं रहा, इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था। मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड की हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देकर झारखंड के गरीबों के पैसे को लुटवाया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के विज्ञापन नेशनल हेराल्ड को हेमंत सरकार ने दिया है। मरांडी ने मीडिया से आग्रह किया कि वे 13 अगस्त 2023 और 21 जनवरी 2024 को झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के फोटो सहित छपे विज्ञापन की जांच करें।

**कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को बनाया अपना एटीएम :** मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपने निजी व्यापार में बदल दिया और अपना एटीएम बना लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर भर्त्सना करती है और कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह देश की विधिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

# मंत्री ने हज यात्रियों के बीच बांटे हेल्थ कार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हज हाउस में हज 2025 में जाने वाले हाजियों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन झारखंड राज्य हज कमिटी द्वारा किया गया जिसमें मुफ्ती व उलमा इकराम एवं जानकार हाजी ने हज के सफर के मुतल्लिक खास बातों को हूजाज इकराम के बीच रखा। कैंप में मोहम्मद नौशाद भी मौजूद थ। हज पर जा रहे आजमीने हजी इकराम को हेल्थ कार्ड का वितरण भी किया गया जिसकी शुरूआत हज पर जा रहे मोहम्मद नौशाद अध्यक्ष लोक सेवा समिति आदि को अपने हाथों से मंत्री इरफान अंसारी और हफीजुल अंसारी ने दे कर किया। बरियातू स्थित इदरीश हॉस्टल की एक टीम डॉक्टर मोहम्मद खुर्शीद के नेतृत्व में मुफ्त मेडिकल और दवा कैम्प लगा कर दिया गया।





### सरकारी स्कूलों में 22 को मनाया जाएगा विश्व पृथ्वी दिवस

**रांची।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य छात्रों को सिर्फ अकादमिक शिक्षा देना ही नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना भी जगाना है। यह नीति बच्चों को सतत विकास के सिद्धांतों के साथ शिक्षित करने पर बल देती है। साथ ही, यह भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, जैसे प्रकृति की पूजा, जल संरक्षण, वनों की रक्षा आदि को वैज्ञानिक सोच के साथ जोड़ने पर केंद्रित है। केंद्रीय स्कूली शिक्षा व साक्षरता सचिव संजय कुमार ने बुधवार को ईको क्लब फोर मिशन लाइफ के वेब पोर्टल के ऑनलाइन प्रदर्शन सत्र को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। संजय कुमार ने कहा कि 22 अप्रैल विश्व भर में पृथ्वी के संरक्षण और जीव व वनस्पतियों के जागरुकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पूरे देश के 14.8 लाख विद्यालयों में इस दिन विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस बार सभी विद्यालयों में बच्चे अपने आसपास, विद्यालय परिसर में या नजदीकी पार्क में जाकर पेड़, पौधों और वनस्पतियो का क्यूआर कोड बनाएंगे।

### जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की तीन माह में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को प्लस टू स्कूलों में जनजातीय समेत अन्य भाषाओं के स्वीकृत 1373 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तीन माह में पूरी करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने तालेश्वर महतो की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव भी कोर्ट में उपस्थित थे। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव की ओर से अदालत को बताया गया कि नियुक्ति के लिए नियमावली बनायी जा रही है। नियमावली बनने में छह माह का समय लग जाएगा। इस पर अदालत ने कहा कि इस मामले में पहले ही काफी विलंब हो गया है। इतना समय नहीं दिया जा सकता। सरकार का पक्ष रखते हुए अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि 1373 पद स्वीकृत किया गया है। अब नियमावली बनायी जा रही है, जिसमें छह माह का समय लगेगा। इसके बाद जेएसएससी को नियुक्ति के लिए भेजा जाएगा।




### सीयूजे में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक संगोष्ठी का आयोजन

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश व लोकतंत्र की भी नींव मजबूत होगी : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे। मौके पर उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का सर्वांगीण विकास होगा और सारे कार्य सुचारू तौर पर चलेंगे। एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश में आर्थिक और हर स्तर पर सुधारीकरण होंगे जिससे देश और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी। 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपए खर्च हुए। साथ ही काम के घंटों का भी काफी नुकसान होता है। साथ ही देश में हर पांच साल में 1012 दिन कोड ऑफ कंडक्ट लगा रहता है जिससे काम का नुकसान होता है। यह एक गंभीर विषय है जिसमें पक्ष और विपक्ष में इसपर चर्चा होनी चाहिए जिससे सही निर्णय लिया जा सके।

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने मुख्य अतिथि संजय सेठ का पुष्प गुच्छ, शाल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकें भेंट की। कुलपति ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए विषय पर अपनी समझ रखी और लिंगदोह आयोग के वजह से देश में जो चुनाव में बदलाव आए उससे छात्रों को अवगत कराया।

मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ आलोक गुप्ता ने एक राष्ट्र एक चुनाव को सराहा। वहीं कहा कि इससे भ्रष्टाचार मिटेगा और शिक्षा क्षेत्र को भी बेहतर बना पाएंगे क्योंकि सारे चुनाव स्कूलों में होते हैं और शिक्षक अपना मूल योगदान शिक्षा में दे पाएंगे। इसके अलावा सुरक्षा कर्मियों को लाभ मिलेगा।

झारखंड केंद्रीय विवि के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय अग्रवाल ने भी इस सार्थक प्रयास को काफी सराहा और कहा कि इससे भ्रष्टाचार मुक्त देश बना पाएंगे। इस मौके पर कई विद्यार्थी और शिक्षकों ने अपनी राय रखी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो केबी पंडा ने दिया और संचालन डॉ प्रज्ञा शुक्ला ने किया।



**एक राष्ट्र, एक चुनाव है प्रासंगिक : समाजसेवी**

समाजसेवी राजीव कमल बिट्टू ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपना विचार रखा। उन्होंने कहा कि भारत देश ने आजादी के बाद शुरूआती सालों में एक चुनाव करवाए थे और आज ये बहुत प्रासंगिक है कि हम इस विषय पर अपनी सोच को फिर से इस और लगाएं ताकि एक राष्ट्र बना सके।

### पूरे झारखंड में हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

# पुलिस ने सुनी 2109 लोगों की समस्याएं




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता नेतृत्व में मंगलवार को सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी जिलों में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा 2109 लोगों की समस्या सुनी गई। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जानकारी देते हुए कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की इस पहल से जनता और पुलिस के बीच विश्वास की मजबूत नींव को तैयार करना, साथ ही पीड़ित, महिलाओं, बच्चों, कमजोर वर्गों और बुजूर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना, पुलिस की पहुंच को ग्रामीण और दूर दराज क्षेत्रों में सुलभ बनाना और आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाना है।

#### इन जिलों में सुनी गई इतने लोगों की समस्या

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. रांची | 256 | 10. गिरिडीह | 133 | 19. साहेबगंज | 172 |
| 02. खूंटी | 14 | 11. बोकारो | 130 | 20. देवघर | 24 |
| 03. सिमडेगा | 74 | 12. धनबाद | 156 | 21. गोड्डा | 71 |
| 04. लोहरदगा | 37 | 13. लातेहार | 116 | 22. चाईबासा | 16 |
| 05. गुमला | 48 | 14. पलामू | 107 | 23. जमशेदपुर | 73 |
| 06. रामगढ़ | 52 | 15. गढ़वा | 115 | 24. सराइकेला | 79 |
| 07. हजारीबाग | 95 | 16. दुमका | 139 | 25. कुल | 2109 |
| 08. चतरा | 52 | 17. जामताड़ा | 72 | | |
| 09. कोडरमा | 46 | 18. पाकुड | 32 | | |

**सीएम के निर्देश पर हुआ कार्यक्रम**

#### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आम लोगों को जानकारी दी गई

- महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताया गया।
- नए अपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआईआर और ऑनलाइन एफआईआर करने के प्रणाली डायल '
- 112 और डायल-1930 (साईबर फ्रॉड) के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक किया गया।
- कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए एससी-एसटी अत्याचार निवारक अधिनियम के तहत दर्ज काण्डों में यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।
- क्षेत्र में होने वाले संपत्तिमूलक अपराध जैसे-साईबर अपराध और अवैध रूप से नागरिकों से ठगी करने वाली चिटफंड कम्पनियों आदि की रोकथाम एवं उससे संबंधित दर्ज कांडों में त्वरित गति से अग्रतर कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

## इंटरकर्मियों के समायोजन के मुद्दे पर 13 मई को होगी वार्ता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों की इंटरमीडिएट शाखा में कार्यरत तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के साथ बुधवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने वार्ता की। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वार्ता में इस बात पर सहमति बनी कि विश्वविद्यालय प्रशासन सभी अंगीभूत कॉलेज के प्राचार्य के साथ बैठक आयोजित करेगा, जिसमें इंटरमीडिएट शाखा में कार्यरत सभी कर्मियों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। साथ ही, कॉलेजों की इंटरमीडिएट शाखा में कार्यरत कर्मचारियों के रिक्त पदों की जानकारी भी प्राप्त की जाएगी, इसके लिए कुलपति ने रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू को सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी करने का निर्देश दिया। वार्ता में इस बात पर सहमति बनी कि इंटरमीडिएट के शिक्षकेतर कर्मियों के समायोजन की संभावना पर विचार-विमर्श के लिए 13 मई, एक वार्ता होगी, जिसमें इंटरमीडिएट के 10 शिक्षकेतर कर्मी शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया। वहीं, इंटर कर्मचारी संघ ने इंटर के शिक्षकेतर कर्मियों की मांगों को अविलंब करने की अपील की। इंटरकर्मियों का कहना था कि यह उनके पूरे परिवार के भरण-पोषण का मामला है। वे पिछले लगभग 15 वर्षों से सेवा दे रहे थे। अब किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए उनकी उम्र खत्म हो गई है। आजसू ने भी इंटरकर्मियों की मांगों का समर्थन किया।



छाया : मनोज मिश्रा

आज है आशियां कल न जाने क्या होगा। रातू रोड का डिवाइडर।

## विद्यार्थी चेतना संघ इकाई गठन की हुई घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों की समस्याओं के समाधान एवं उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध संगठन 'विद्यार्थी चेतना संघ' की नई इकाई का गठन किया गया है। संगठन के मार्गदर्शक मूल्यों— जागरूकता, नेतृत्व और भागीदारी —को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों पर प्रतिनिधियों की घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष : कौशिक रंजन, उपाध्यक्षः राहुल लोहरा, आकाश कुमार, अभिषेक साही, अनुष्ठ सिंह, मौसम कुमार, महासचिवः रोहित साहू, सचिवः सिद्धांत कुमार गुप्ता, **उपसचिवः** मनीष कुमार, त्रिधा पॉल घोष, दिव्या दुबे, पंकज कुमार, कोषाध्यक्षः हिमांशु शेखर, उपकोषाध्यक्षः श्रीधर मिश्रा, अनिमेष शांडिल्य, हर्ष राज, विवेक कुमार, मीडिया प्रभारीः अभिषेक कुमार हिमांशु, उप मीडिया प्रभारीः रिया पांडेय, अतुल प्रकाश, बबन कुमार, कार्यालय मंत्रीः भूषण कुमार,उप कार्यालय मंत्रीः ज्वाला गौतम, दिनेश कुमार सिंह, आदित्य कुमार, अनुकृत पांडेय, हरीश नायक, सोनू कुमार, सोशल मीडिया प्रभारीः सोमा रानी कुंडू, उप सोशल मीडिया प्रभारीः मृत्युंजय महिंद्रा, स्वयं ऋषि, आशीष कुमार, चैतन्य कुमार गोलापल्ली, तकनीकी टीमः ऋषभ, सारस्वत, आदित्य अलख, ईमोन, बैठक प्रमुखः अमोल के साथ 50 सक्रिय इकाई सदस्यों की भी घोषणा की गई। मौके पर अध्यक्ष कौशिक रंजन ने कहा, यह संगठन केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने, उनके हक की लड़ाई लड़ने और एक बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की दिशा में कार्य करेगा। हमारा उद्देश्य भागीदारी पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना है, जिसमें हर विद्यार्थी की भागीदारी अहम होगी। संगठन निकट भविष्य में विभिन्न जागरूकता अभियान, शैक्षणिक संवाद, तकनीकी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियाँ संचालित करेगा।

## राजधानी की गलियां ऐसी भी

- सीवरेज पाइप बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़क की नहीं हुई मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी को साफ-सुथरा रखने के लिए लैम बस्ती में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया है। वहां तक सीवरेज का पानी पहुंच सके इसके लिए सीवरेज पाइप सड़क के बीचों-बीच बिछाई गई है, हर दो घर के बीच टंकी बनाई गई है। इसके लिए अच्छी सड़क को बीच से तोड़ा गया है। विकास के लिए तोड़ने की बात तो ठीक है मगर तोड़ी सड़कों को मरम्मत नहीं किया गया है।

ऐसा ही एक मामला पंचशील नगर का है,यहां की गलियों में सड़कों को दुरूस्त किया गया है लेकिन कुछ गलियों की सड़कों को मरम्मत नहीं कर, उसे बदहाल कर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। पंचशील नगर के रोड नंबर तीन की साइड गली में सीवरेज पाइप लाइन बिछाई गई, टंकी बनाया गया है। मुख्य गलियों की मरम्मत हुई परंतु साइड गलियों को छोड़ दिया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हुआ और ऐसा कब तक रहेगा। बदहाल सड़क की हालत देखकर विधायक सीपी सिंह ने बजट सत्र में विधान सभा में कहा था कि बीच से सड़क को तोड़कर मरम्मत नहीं किया गया है मानो भारत- पाकिस्तान का बॉर्डर बना दिया गया है।

## दीपक जैन ने मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख (एसडीटीडी) के रूप में पदभार ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बर्नपुर स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत, ए एंड आई, सी एंड ए) दीपक जैन ने मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख (एसडीटीडी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री जैन 1990 में सेल भिलाई स्टील प्लांट में शामिल हुए और ईटीएल विभाग में पदस्थापित थे, जहां वे महाप्रबंधक के पद तक पहुंचे। वर्ष 2021 में उन्हें मुख्य महाप्रबंधक, इसको स्टील प्लांट बर्नपुर के पद पर पदोन्नत किया गया, जहां बाद में उन्हें कई अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रांची में श्री जैन सेल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन डिवीजन (एसडीटीडी) का नेतृत्व कर रहे हैं, जो सेल में नई डिजिटल संस्कृति का सूत्रपात कर रही है। सेल रांची इकाइयों के सभी कार्यपालक निदेशकों और प्रमुखों ने उनका स्वागत किया और भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## रांची में ट्रैफिक सुधार को लेकर नगर निगम में बैठक

# कचहरी से कांटाटोली सड़क पर पार्किंग बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था कैसे बेहतर हो, इस पर विचार करने के लिए बुधवार को रांची नगर निगम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त संदीप कुमार ने की। इसमें ट्रैफिक से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई और जरूरी निर्देश जारी किये गये। बैठक में कई फैसले किए गए। कचहरी से कांटाटोली तक सड़क पर पार्किंग बंद कर दिया गया है। इस रूट पर सड़क किनारे गाड़ियों की पार्किंग से जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए अब यहां सड़क पर पार्किंग नहीं की जा सकेगी। निगम वैकल्पिक पार्किंग स्थल की जानकारी देगा




**रिक्शा-ऑटो को मिलेगी तय जगह :** रिक्शा और ऑटो चालकों को अब तय जगहो से ही सवारी लेनी और छोड़नी होगी। इससे ट्रैफिक में रुकावट नहीं आयेगी

**दुकानों के सामने पार्किंग पर रोक :** दुकानदारों को दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा।

**31 पार्किंग स्थलों पर गाड़ी खड़ी करने की अपील :** निगम ने शहर में 31 जगहों को वैध पार्किंग स्थल घोषित किया है। लोगों से अपील की है कि वे वहीं पर अपने वाहन खड़ा करें।

**गलत पार्किंग पर कार्रवाई :** जो लोग तय नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**क्या बोले नगर आयुक्त :** नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की कि वे तय पार्किंग स्थलों पर ही वाहन लगाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

**आज / कल**




## जीजीएसपीएस स्कूल प्रांगण में अग्निशमन कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल रांची के प्रांगण में बुधवार को अग्निशमन सप्ताह 2025 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में किशोर तिर्की फायर ऑफिसर पिस्का, नरेंद्र कुमार महतो लीडिंग फायरमैन, फायरमैन संतोष बभुगा और रमेश बराइक ने उपस्थित विद्यार्थियों को अग्निशमन से संबंधित सभी व्यावहारिक जानकारी दी। इस संवादात्मक कार्यशाला में बच्चों ने बढ़- चढ़ हिस्सा लिया और अग्नि से सुरक्षित रहने की जानकारी से परिचित हुए। स्कूल की प्राचार्य शालिनी विजय ने वक्ताओं का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें हमेशा आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार और दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम का संचालन तमन्ना परवीन ने किया।

### रांची विवि के पूर्व सीनेट व सिंडिकेट सदस्यों ने राज्यपाल व सीएम को लिखा पत्र

# उच्च शिक्षा विभाग में अनियमितता, हो जांच : डॉ पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




- विभा पांडेय को गलत तरीके से दिया गया है सेवा विस्तार : अर्जुन राम

रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय और अर्जुन कुमार राम ने राजभवन और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली और विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए हैं।

डॉ अटल पांडेय ने कहा कि विभा पांडेय, जो नीलांबर - पीताम्बर विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका हैं, उन्हें उच्च शिक्षा विभाग ने अपने ही नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए, बिना विश्वविद्यालय में ज्वाइन कराए और बगैर कुलपति से एनओसी या अनुमति लिए सेवा विस्तार दे दिया है। विभा पांडेय पिछले पांच वर्षों से कार्यरत्त हैं, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने ही पत्र जारी कर कहा था की जिनका तीन वर्ष पूर्ण हो जाएगा वह स्वतः विरमित समझे जाएंगे। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उच्च शिक्षा विभाग नियम परिनियम से नहीं मनमानी से चल रहा है।

अर्जुन राम ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारी लोगों की समस्या के समाधान के बदले समस्या को बढ़ाने का काम करते हैं। वेतन निर्धारण सहित अन्य काम को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इन लोगों के कारण शिक्षकों और कर्मचारियों को बिना न्यायालय गए न्याय ही नहीं मिलता। जब सारे काम न्यायालय से ही होगा तो ये अधिकारी लोग किसलिए कुर्सी पर बैठे हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था जिसमें स्पष्ट था की उप निदेशक जिनका ग्रेड पे 7000/- हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे परंतु उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए 6000/- ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। जिनमें अधिकतर प्राध्यापक 2008 बैच के जिस पर सीबीआई जांच चल रही है, ऐसे में उप निदेशक जैसे बड़े पद नियुक्त करना कहां तक सही है? दोनों सिंडीकेट सदस्यों ने उपरोक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग और विभा पांडेय को उनके अपने विश्वविद्यालय में वापस भेजने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है।



## एक नजर

### आक्रोश मार्च ऐतिहासिक होगा : विनय

**सिल्ली।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो ने दी। उन्होंने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संविधान के प्रति आस्था है तो उन्हें तुरंत मंत्री हफीजुल हसन को बर्खास्त करना चाहिए।श्री महतो ने बताया कि आक्रोश मार्च भाजपा रांची महानगर जिला एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में आहूत की गई है। सभी कार्यकर्ता पहले जिला स्कूल परिसर में एकत्रित होंगे फिर राजभवन तक पैदल जायेंगे ।अंत में महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे।कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, डॉ प्रदीप वर्मा इनके अलावे जिला एवं मंडल के कार्यकर्ता भी अपना आक्रोश प्रदर्शन करेंगे।

### अंतर विद्यालय एकल गायन प्रतियोगिता में यश राज को प्रथम पुरस्कार

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी में इंटर स्कूल सोलो सॉंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची शहर के 10 विद्यालयों ने भाग लिया।
डीएवी,पब्लिक स्कूल हेहल के कक्षा 9 के हर्ष राज को प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को केवल तरासने का काम यदि सतत प्रयास के साथ किया जाए तो वे जीवन में सम्पूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनेंगे। माता-पिता एवं हम सभी शिक्षकों की भी यह नैतिक जिम्मेवारी है कि विद्यार्थियों को सही दिशा निर्देश व कुशल मार्गदर्शन करें। न जाने भविष्य में विद्यालय का कौन सा बालक समाज व राष्ट्रनिर्माण में नींव का पत्थर साबित हो जाए।

मामूली विवाद में पति ने पत्नी को कुदाल से मार कर किया घायल, रिम्स रेफर

# पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ा**
बेड़ो थाना क्षेत्र के निवासी संतोष रौनियार ने बुधवार की सुबह अपनी पत्नी तन्नु गुप्ता को कुदाल से सिर पर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामूली विवाद में यह सब घटनाएं हुई है ।दंपति के दो छोटे बच्चे हैं। आरोपी पति संतोष रौनियार के पिता शत्रुघ्न गुप्ता थाना के पास घड़ी का दुकान का संचालन करते हैं घटना की खबर मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष और समाजसेवी शशि टाइगर तुरंत घटनास्थल पहुंचे और ऑटो को रुकवा कर संतोष की पत्नी घायल तन्नु गुप्ता को बेड़ो अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया। अस्पताल भेजने में उन्हें जयराम गोप, विष्णु बडाईक, विश्वा गोप, प्रेम महतो, अभय लाल खन्ना, धीरज गुप्ता और पत्रकार हमारे छोटे भाई रवि सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रवि सिंह ने थाना प्रभारी देव प्रताप धान को घटना की त्वरित सूचना दी। बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर बुरी तरह घायल तनु गुप्ता को रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल तनु गुप्ता की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर बेडो.के थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने घटनास्थल से हमले में प्रयुक्त खून से सने कुदाल को बरामद कर लिया। घटना के बाद दंपति के दोनों छोटे बच्चों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। घटना के बाद संतोष के पिता शत्रुघ्न ने बच्चों को संभाला। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि दोषी संतोष गुप्ता को कड़ी से कड़ी सजा दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर करे इनकी पत्नी की जान बच जाय। घटना के बाद गांव के लोगों ने संतोष के द्वारा किए गए हमले की खूब भर्त्सना की है।

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए : राष्ट्र सेवा फाउंडेशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुर्शिदाबाद में हो रहे दंगे पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस समर्थित दंगा से देश दहल गया है। ममता बनर्जी केंद्र सरकार के कानून, आदेश निर्देश तक को अपनी मर्जी के अनुसार उसे जूते तले रौंदती रहती है।ऐसे भयावह हालत को खत्म करने के लिए एकमात्र उपाय पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। कहा की जब हिंदू अपने हीं देश में बहुसंख्यक होते हुए भी सुरक्षित नहीं हैं। हिन्दुओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा हो, तो बंगाल को बांग्लादेश बनने में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा? जब हिंदू अपने हीं देश में सुरक्षित नहीं हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### डीसी से की आधार केंद्र की संख्या बढ़ाने की मांग



**अड़की।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव क्षेत्र के लोगों को आधार सुधार और मोबाइल नंबर लिंक कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी रमेश मुंडा ने खूंटी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड के सभी 16 पंचायत में आधार सुधार के लिए आधार केंद्र खोलने की मांग की है। वर्तमान में केवल 2 आधार केंद्र संचालित हैं। लोगों को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक लाइन में खड़े रहना पड़ता है, जिसमें छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं भी परेशान रहती हैं। इसके बावजूद काम होने की कोई गारंटी नहीं है। रमेश मुंडा ने मांग की है कि आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

### एनसी ने राज स्पोर्ट्स बुंडू को 2-1 से किया पराजित



**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित बहुचर्चित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का 19वां मैच राज स्पोर्ट्स बुंडू और एनसी स्पोटिंग के बीच जी एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीमो के बीच जबरदस्त खेल देखने को मिला। एनसी के गोल्डेन मुंडा ने 25वां और 45वें मिनट पर शानदार मैदानी गोल मारकर टीम को 2-0 का बढ़त बना दिया। हाफ टाइम के बाद राज स्पोर्ट्स बुंडू स्कोर को बराबरी करने का प्रयास करते हुए अरुण मुंडा द्वारा पहला गोल मारकर स्कोर को 2-1 का अंतर मे ला दिया। फिर दोनों टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ प्रहार कर खेल को काफी रोमांचक बना दिया।और अंत तक स्कोर 2-1 पर समाप्त हुआ।प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार गोल्डेन मुंडा को कमिटी के प्रेम पूर्ति द्वारा सम्मानित किया गया। रोप खेल खेलने के कारण एन सी के अमर लोहरा और राज स्पोर्ट्स बुंडू के अजय मुंडा को रेफरी द्वारा पीला कार्ड दिखाया गया।मैच का संचालन करम मुंडा,गुप्तेश्वर मुंडा महावीर पुराण ने किय। ग्रुप बी लीग का 20वां मैच बृहस्पतिवार को यूनिक एफ सी अड़की और रायल एफ सी के बीच खेला जायेगा।इस अवसर पर आयोजक पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, उपाध्यक्ष प्रेम पूर्ति, सचिव निशांत भेंगरा, उपसचिव करम मुंडा, कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी, चांदनी कुमारी, सरिता कुमारी प्रमिला कुमारी, संन्योती कुमारी, मोनिका कुमारी शकुंतला कुमारी, जीविका कुमारी और तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### पिठौरिया थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**पिठौरिया।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन झारखंड के सभी जिलों के थानों में किया गया। इसी क्रम में रांची जिला के पिठौरिया थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को पूर्वाहन 11 बजे से किया गया। यह कार्यक्रम पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार की अगुवाई में हुआ और थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा अवर निरीक्षक सुनील कुमार दास,संतोष कुमार यादव, अमृत कुमार मेहता,के सहयोग से थाना क्षेत्र वासियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गयी। अनेक मामले का मौके पर ही समाधान किया गया। आवेदनों में जमीन से संबद्ध, रुपए के लेन-देन और आपसी विवाद से संबंधित आये थे।अपील की जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के आयोजन को क्षेत्र के लोगों ने सार्थक बतलाया। लोगों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होने चाहिए ताकि लोगों को काफी सुविधा मिले और इनके मामलों का शीघ्र समाधान हो। इस कार्यक्रम से सभी को लाभी पहुंचने की बात कही गई।

आज से चालू हो जाएगा वाटर सप्लाई

# नदी से बुकबुका प्लांट को मिलने लगा पानी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
विगत करीब एक महीने से खलारी के पांच पंचायतों में बंद हुआ वाटर सप्लाई गुरूवार देर शाम तक चालू हो जाने की उम्मीद है। करजंतोरा में सपही नदी में स्थित संप का खराब हुआ पंप मरम्मती के बाद बुधवार को लगा दिया गया। इसके साथ ही बुकबुका स्थित फिल्टर प्लांट को नदी से पानी सप्लाई शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि गुरूवार शाम तक जलमीनार में पानी भर पाएगा, इसके बाद ही लोगों को पानी मिल सकेगा। मरम्मती के बाद पंप लगाने वाले तकनीशियन ने शुरूआत में दो-दो घंटे के अंतराल में पंप चलाने कहा है। जिसके कारण जलमीनार भरने में थोड़ा विलंब हो सकता है। विगत करीब एक महीने से संप का पंप खराब हो जाने से प्रखंड के पांच पंचायतों में जलापूर्ति बंद था। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पहल करते हुए पंप को रांची मंगवा लिया। वहीं पर अनुभवी तकनीशियन से पंप का मरम्मत कराया गया। पंप के कुछ पाट्र्स को कोलकता भेजकर मरम्मत करवाना पड़ा।

**ऑपरेटरों को सात महीने से नहीं मिला है वेतन**

फिल्टर प्लांट में काम करने वाले आपरेटरों को सात महीने से वेतन नहीं मिल सका है। जिसके कारण प्लांट संचालन में परेशानी आ सकती है। एक आपरेटर ने बताया कि होली के समय ही बकाया वेतन देने की बात कही गई थी, परंतु नहीं मिल सका। बहुग्रामीण जलापूर्ति संचालन समिति को आपरेटरों सहित प्लांट के अन्य कर्मियों का वेतन प्रत्येक महीने समय पर देना होगा तभी प्लांट ठीक से चल पाएगा।

सीसीएल ने 'वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम' का किया आयोजन

# महिलाएं देश के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही : चंद्र शेखर

*सीसीएल सार्वजनिक खरीद नीति का पालन करते हुए ऐसे वेंडर विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एमएसई उद्यमियों को सशक्त बना रहा है*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा बुधवार को सीसीएल मुख्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसई) उद्यमियों के लिए एक दिवसीय 'वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) राज किशोर ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल एमएसएमई नीति के तहत एससी-एसटी एवं महिला एमएसई उद्यमियों को खरीद में प्राथमिकता एवं आरक्षण देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा की गई एमएसएमई नीति में संशोधन, जीईएम पोर्टल से खरीद प्रक्रिया, एवं सीसीएल द्वारा नियमित रूप से खरीदी जाने वाली सामग्रियों एवं सेवाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) चंद्र शेखर तिवारी ने एमएसई क्षेत्र की भारतीय अर्थव्यवस्था में भूमिका पर प्रकाश डाला और एससी-एसटी एवं महिला उद्यमियों को सरकारी निविदाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने महिला उद्यमियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीएल सार्वजनिक खरीद नीति का पालन करते हुए ऐसे वेंडर विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एमएसई उद्यमियों को सशक्त बना रहा है। जो एमएसएमई इकाइयों की निविदाओं में भागीदारी एवं उनके उत्पादों के प्रचार-प्रसार में सहायक हैं। कार्यक्रम में सरकार के जीईएम पोर्टल से जुड़े विशेषज्ञ ने पोर्टल पर नवीनतम सुविधाओं एवं पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में बताया और एमएसई उद्यमियों को उसमें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएसएचओ-रांची की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक किरण मारिया तीरू ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए स्थानीय एससी-एसटी एवं महिला उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा की।

### संताल सांस्कृतिक सोसाइटी के क्रियाकलाप पर हुई चर्चा



**रांची।** संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की बैठक उपाध्यक्ष सुखदेव टुडू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मौजूदा परिस्थिति में सोसाइटी की क्रिया कलाप, सोसाइटी की भूमि एवं अध्यक्ष और सचिव की भूमिका पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस सोसाइटी के बाइ-लॉज पर चर्चा करने एवं पारित करने के लिए 20 अप्रैल को बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। 27 अप्रैल को आम बैठक बुला कर कार्य कारिणी समिति के सदस्यों का चयन करने का निर्णय लिया गया।

### सड़क दुर्घटना से एक युवक की मौत



**अड़की।** थाना क्षेत्र के तमाड़- खूंटी सड़क के रेंकाट मोड़ पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कूड़ा पूर्ति गांव के साढ़ मुंडा के रूप में हुई। दुर्घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि साढ़ मुंडा बुधवार अपने गांव कूड़ा पूर्ति से हेमरोम बाजार सब्जी खरीदने गया था, घर आने के क्रम में तीखी रेंकाट मोड़ के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन के धक्के से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों ने अड़की पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। वहीं दूसरी और जरंगा सरना के मोड़ पर सिमेंट लोड ट्रक अनियंत्रण हो कर पलट गया। बताया जा रहा है ट्रक पलटने के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। वही अड़की पुलिस ट्रक को कब्जे में लिया है।

### सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की मापी एवं पुर्नमूल्यांकन किया जाए : प्रशासक

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण की नई रणनीति पर चर्चा करने, लक्ष्य की प्राप्ति तथा राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि करने हेतु प्रशासक, रांची नगर निगम, संदीप सिंह की अध्यक्षता में राजस्व शाखा, टाऊन प्लानिंग शाखा, कर संग्रहकर्ता एजेंसी, एवं राज्य स्तर पर गठित पीएमसी के साथ संयुक्त बैठक की गई। पूर्व वित्तीय वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की मापी एवं पुर्नमूल्यांकन करने की बात कही गई। इस निमित्त सभी बड़े बकाएदारों, जिन्होंने अपना होल्डिंग टैक्स नहीं जमा किया है, उन्हें नोटिस निर्गत करते हुए टैक्स की वसूली की जाए तथा कर संग्रहकर्ता को क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि यह महसूस होता है कि, संबंधित व्यक्ति के द्वारा निगम को बताए गए क्षेत्रफल से निर्मित क्षेत्रफल अधिक है, तो वैसे लोगों की सूची तैयार करें एवं उनके भवन का पुर्नमूल्यांकन करने हेतु कार्रवाई करे। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि होल्डिंग प्राप्त करते समय आवेदकों द्वारा जो स्व-कर निर्धारण फॉर्म भरा जाता है, उसमें अनुमोदित भवन प्लान की विवरणी प्राप्त कर ले (अगर हो तो) ताकि उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की वैधानिक परेशानियों का सामना ना करना पडे।

जन शिकायत समाधान के दौरान प्रेमी-प्रमिका की हुई शादी

## जेएसएलपीएस की जेंडर कोऑर्डिनेटर ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान 14 अलग अलग मामलों में से चार मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। कातिंगकेला चेनिया टोली के रहने वाले प्रेमी प्रज्ञा केंद्र संचालक जॉनसन आईंद एवं प्रेमिका हेमंती कोनगाडी.के लव इन रिलेशनशिप के मामले को जेएसएलपीएस एवं पुलिस प्रशासन के पहल पर निष्पादित करते हुए दोनों का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही विधिवत शादी करा दी गई। इस मामले में प्रेमिका हेमंती कोनगाडी. पूर्व में ही एक बच्ची की मां बन चूकी है जबकि उसका प्रेमी दानेकेरा निवासी जॉनसन आईंद उसे छोड़कर कहीं और शादी का प्लानिंग बना रहा था। मामला जब जेएसएलपीएस के पास आया तो उन्होंने पीड़िता हेमंती की व्यथा सुनी। तब उन्होंने जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में दोनों पक्ष को बुलाया और पुलिस प्रशासन की मदद से दोनों का ऑनस्पॉट विवाह करा दिया। इस मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, सब इंस्पेक्टर सचिन लकड़ा, सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार महतो, एएसआई दिलोज हेरमन सोय, कृपा सिंह, अरूण कुमार साहु, जेएसएलपीएस की जेंडर कोऑर्डिनेटर सुशीला कुमारी, प्रतिमा देवी, बिरजिनिया बालमोच सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए एक दर्जनों मामले

## मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क में अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को खलारी, बुड़मू व मैकलुस्कीगंज थाना का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीनों थाना मिलाकर करीब एक दर्जन मामले ही शिविर में आए। इनमें ज्यादातर मामले जमीन से संबंधित थे। खलारी में कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने झारखंड स्टेट हाइवे आथेरिटी (साज) द्वारा बनाए गए मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क में खलारी के चूरी होयर गांव में अधूरे सड़क का मामला दिया गया। साथ ही हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क के केडी रोड खलारी में मुख्य सड़क व किनारे बनी नालियों के स्लैब का अतिक्रमण का मामला दिया गया। वहीं प्रकाश महतो ने दाखिल खारिज के एक मामले की शिकायत की। बुड़मू के जाकिर हुसैन ने जमीन पर जबरन ईंट भट्ठा चलाने की शिकायत की। मीना देवी ने अबुआ आवास नहीं बनने देने के लिए पड़ोसी के खिलाफ शिकायत की। मैकलुस्कीगंज के नारायण यादव, देवकीनंदन शर्मा ने भूमि विवाद का मामला लिखकर दिया।

# खेल प्रतिभा को बढ़ाना स्टेडियम बनाने का मुख्य उद्देश्य : शिल्पी



**बैठक में ये निर्णय लिया गया कि स्टेडियम के बेहतर संचालन के लिए संचालन समिति का गठन 1860 एक्ट के तहत किया जाएगा**

**नवीन संवाददाता। मांडर**
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर और इटकी का दौरा कर कला, संस्कृति एवं खेल कूद विभाग द्वारा तैयार स्टेडियम के संचालन के लिए बैठक की। मांडर के हेसमी स्थित शहीद शेख भिखारी स्टेडियम और सियार टोली स्टेडियम इटकी के संचालन और रख रखाव को लेकर भविष्य की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में ये निर्णय लिया गया की स्टेडियम के बेहतर संचालन के लिए संचालन समिति का गठन 1860 एक्ट के तहत किया जाएगा। 100 रुपए की सदस्यता राशि जमा कर इच्छुक युवा आजीवन सदस्य बन सकेंगे। समिति के अध्यक्ष पद पर स्थानीय विधायक पदेन रहेंगे। जबकि सचिव पद पर स्थानीय बी डी ओ पदभार संभालेंगे। संचालन समिति में 60 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रहेगी। स्टेडियम का उपयोग सिर्फ खेल और कला संस्कृति पर आधारित आयोजन के लिए किया जाएगा। सिद्धू कान्हु खेल क्लब और डे बोर्डिंग के लिए तीन कमरा आवंटित किया गया है। मंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभा को उभारना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है। स्टेडियम का निर्माण विभाग के द्वारा जरूर किया गया है लेकिन इसके संचालन और रख रखाव की जिम्मेदारी यहां के युवाओं और स्थानीय ग्रामीणों की है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अब स्टेडियम के अभाव में अपनी खेल प्रतिभा को दबाना नहीं होगा।

### छोटानागपुर लॉ कॉलेज के संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** आर्य समाज मंदिर में स्वर्गीय बैरिस्टर श्याम कृष्ण सहाय की 62वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके समाज और शिक्षा क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण सहाय परिवार की ओर से किया गया, जिसमें विशेष रूप से राहुल सहाय (पोते), ज्योति कुमार सिन्हा (पोते), आयुष सहाय (परपोते), ऐश्वर्या सहाय (परपोती), संगीता श्रीवास्तव (पौत्रवधू) एवं राजेश सिन्हा,वरुण बिहारी ,नरेंद्र सिंह, राज कुमार चौरसिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

### 21 तक वज्रपात के साथ बारिश की संभावना

**रांची।** मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। 17 अप्रैल को भी राज्य के 18 जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। बारिश के दौरान गरज और वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

राज्य के श्रम कानूनों की हो रही अनदेखी

## मजदूरों को शोषण कर रही है मधुकॉन कंपनी : अब्दुल्ला



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
असंगठित मजदूरों की बैठक खलारी के डकरा में हुई। अध्यक्षता सुनील सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। मजदूरों ने बताया कि एनके एरिया के केडीएच में मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड कोल हैंडलिंग प्लांट का निर्माण कर रही है। कंपनी मजदूरों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि यह कंपनी जब से यहां काम कर रही है, हमेशा विवाद में रहती है। मजदूरों से 12 से 14 घंटा काम करवाया जाता है। मजदूरी में बढ़ोतरी के बजाय कटौती करती है। कहा कि कंपनी झारखंड सरकार के श्रम कानून के नियमों को ताक पर रख कर मजदूरों को शोषण करने का काम कर रही है। कहा कि अगर मजदूर एकजुट होकर अपने हक के लिए आंदोलन करने की बात करते हैं तो कंपनी प्रबंधन द्वारा धमकी दिया जाता है।

## पीएम आवास और अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों की बैठक बुधवार को हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुप्रिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे पीएम अवास और अबुआ अवास योजना की समीक्षा की गई। बैठक में पंचायत सचिव को वितीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत अबुआ आवास में की गई भुगतान राशि के अनुकुल आवास में कार्य करवाते हुए पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2024-25 अबुआ आवास के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरुप योग्य लाभार्थियों का निबंधन नियमानुसार करवाने हुतु पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरुप योग्य लाभुकों का निबंधन नियमानुसार कवाने हेतु निर्देशित किया गया।

# हर व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
छत्तरमांडू लोधमा क्षेत्र में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद के अंतर्गत बड़की नदी पर बुधवार को पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ममता देवी एवं सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल द्वारा किया गया। यह पुल लंबे समय से स्थानीय जनता की मांग रही है। इसके निर्माण से छत्तरमांडू, लोधमा सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार एवं सामाजिक गतिविधियों में भी गति आएगी। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा हमारी प्राथमिकता है कि हर गांव और हर व्यक्ति तक विकास पहुँचे। यह पुल केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रगति की मजबूत नींव है। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष शंभु बेदिया, बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, दिलीप सिंह, त्रिभुवन बेदिया, कमलेश बेदिया, इनायत अंसारी, आशा देवी, गौरीशंकर महतो,सगीर अंसारी, तसलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

## वार्ता नहीं होने पर संयोजक मंडली ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गिद्दी।** गिद्दी सी संयोजक मंडली ने पावर प्लांट के लिफ्टरों के साथ आठ दिन के अंदर वार्ता नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गिद्दी सी संयोजक मंडली ने बुधवार को बैठक करके यह चेतावनी दी है। बैठक में उपस्थित संयोजक मंडली के लोगों ने कहा कि 13 अप्रैल को गिद्दी थाना प्रभारी के उपस्थिति में पावर प्लांट के लिफ्टरों के साथ मजदूरों के बकाया के हिसाब करने और भुगतान को लेकर वार्ता किया जाना था। पर वार्ता में लिफ्टर उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद थाना प्रभारी ने आठ दिन के अंदर वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। लेकिन थाना प्रभारी के उक्त आश्वासन के बाद भी वार्ता नहीं हुआ तो संयोजक मंडली अनिश्चितकालीन बंदी का निर्णय लिया है।

थाना परिसर के जन शिकायत समाधान शिविर में पहुंचे कई फरियादी


# पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
थाना परिसर में बुधवार को जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ों आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुडू ने की, जबकि एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरही सीओ अमित किस्कू, चौपारण सीओ संजय यादव, बरकट्ठा सीओ श्रवण कुमार झा सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। बरही थाना परिसर में आयोजित इस शिविर में बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, बरही सर्किल इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार, बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, पदमा थाना प्रभारी राणा बहादुर प्रताप सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी मुकेश भोक्ता, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार और महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप भी मौजूद रहीं। जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें बरही थाना क्षेत्र से 19, चलकुशा से एक, बरकट्ठा से एक, पदमा से एक, चौपारण से तीन व गोरहर थाना से कोई मामले नहीं आए।इस सम्बंध में एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों को सुनना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इस तरह के शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की भावना मजबूत होती है और समाधान की प्रक्रिया को गति मिलती है।

30 जून को हूल दिवस पर मंत्रियों को किया गया आमंत्रित

# आयोजित होने वाले महासम्मेलन को किया गया रद्द : रामजी बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्यों ने कल्याण मंत्री चमरा लिंडा,शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी से मुलाकात की। इस निमित आगामी 30 जून को सूरजकुंड धाम में आयोजित होने वाली हूल दिवस के अवसर पर उक्त मंत्रियों को आमंत्रित किया गया। मौके पर उपस्थित भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के अध्यक्ष रामजी बेसरा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मंत्रियों से मुलाकात के दौरान हम लोगों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा ह, जिसमें मांझी हाउस तथा मांझी थान निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगामी 18 अप्रैल को बरकट्ठा ब्लॉक परिसर में आयोजित होने वाली महासम्मेलन कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे किंतु उनकी तबीयत थोड़ी ठीक नहीं चल रही है। मुलाकात के दौरान सचिव मनोज मुर्मू ,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मुर्मू ,महेंद्र मुर्मू, महादेव मरांडी, अनिल मर्मू मौजुद रहे।

❑आगामी 30 जून को सूरजकुंड धाम में आयोजित किया जाएगा हूल दिवस

पुलिस के हत्थे चढ़ा एक सब्जी वाहन लुटेरा, दो फरार, वाहन जब्त

# अपराध से कोई समझौता नहीं होगा : एसडीपीओ




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मात्र एक घंटे में त्वरित करवाई करते चौपारण पुलिस ने सब्जी वाहन लुटेरा को वाहन सहित गिरफ्तार जेल भेज दिया है. उक्त जानकारी प्रेस वार्ता आयोजित कर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दी. वार्ता में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बुधवार की अहले सुबह एक पिक अप संख्या बीआर 56 जी 3518 बंगाल से करीब 1000-1200 किग्रा करेला लादकर बिहार की ओर जा रही है. जिसे बाइक पर सवार 3 अपराधियों ने ओवरटेक करते हुए जीटी रोड सिंघरावा के पास वाहन को रोक दिया और चालक मोनू कुमार को घायल कर गाड़ी लेकर भागने लगा. पुलिस को जानकारी होते ही सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार के निर्देशन में चौपारण पुलिस अपराधियो का पीछा किया और वाहन लूटकर भाग रहे एक लुटेरे को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार युवक रसोईया धमना का विशाल कुमार राणा पिता संतोष राणा है. जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की सघन छापेमारी जारी है. जिन्हे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा. गिरफ्तार व्यज्ति के पास से ओप्पो का एक स्नार्टफॉम बरामद किया गया है. जब्त सब्जी को व्यवसाई को सुपुर्द कर दिया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया मात्र एक घंटे के अंदर किया गया, इसके लिए चौपारण पुलिस का योगदान सराहनीय है. उन्होंने दो टूक कहा कि अपराधियों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है, अपराधी अपराध छोड़े या क्षेत्र से बाहर जाएं. प्रेस वार्ता में सर्किल इंस्पेक्टर सहित सब इंस्पेक्टर लालचंद प्रसाद भी मौजूद थे. छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर लालचंद साह, बिंदेश्वर महतो, कैलाश चंद्र महतो, दिव्य प्रकाश हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह, आरक्षी विजय कुमार सिंह सहित चौपड़ा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

## इंटर कॉलेज होसिर में शाशिनिकाय सदस्यों की बैठक

**गिद्दी।** झारखंड इंटर कॉलेज होसिर में मंगलवार को पांच सदस्यीय शाशिनिकाय सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने की। बैठक में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के आदेशानुसार शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में दीपचंद महतो, दानदाता के रूप में युगल किशोर महतो को चयनित कर जैक को अनुशंसित किया गया। बैठक में कॉलेज के विकास संबंधी भी चर्चा की गई। बैठक में होसिर कॉलेज के सचिव सुरेश महतो, पूर्व सचिव युगल किशोर महतो, पूर्व सचिव कुमेशवर महतो, प्राचार्य खेमनाथ महतो, राजू कुमार, कृपाशरण महतो, बलराम महतो, लाक्षो कुमारी, तुलसी उपस्थित थे।

**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**(Department of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs)**
Gate No. 28, Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi - 834008
E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

**Corrigendum – 1**
**(NIT No. 11/2025-26 Dated 11.04.2025)**

**Sub:** Corrigendum No.1 to the referred NIT No. 11/2025-26 dated 11th April 2025 (PR No. 350219 Dated 11.04.2025) against the RFP of Hiring of Event Management Agency for SAAF Senior National Championship 2025.
**The following changes are incorporated to the RFP:**

| S.N. | RFP Clause Reference | Clause as per RFP | To be read as |
|---|---|---|---|
| 1. | Section-III, Sl. No. 2 | Evaluation Criteria | Attached as Annexure 'A' |
| 2. | Section VI (b) 1.03 Transportation | Hiring Charge Per Day | Hiring Charge for 12 hour per Day |
| 3. | Section VI (c) BOQ for Event/venue operation (Workforce) | As per RFP | Attached as Annexure 'B' |
| 4. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 3 | Panel Cabins, quantity - 5 | Porta cabins, quantity - 4 |
| 5. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 4, Double Storey structure | Quantity – 2 | Quantity - 1 |
| 6. | Section VI (I) BOQ for Overlays, Sl. No. 13, Metal Chair with cushion | Chair with Leatherette Upholstery with Back support and side arms. | Chair with Leatherette Upholstery with Back support |
| 7. | Section VI (m), Sl. No. 1.01 Printing of Coffee Table Books/Picture Books | Quantity -100 | Quantity – 30 |
| 8. | Section VI (n) | Newly Inserted | Attached as Annexure 'C' |
| 9. | Section IX | Newly Inserted | Attached as Annexure 'D' |

**Note:**
1. Comprehensive information regarding the corrigendum is available on website – **sports.jharkhand.gov.in**
2. Tender Fee: There will be No price/fee shall be charged for the bidding document.
3. Successful bidders are required to submit GST Certificate of Jharkhand within 7 days of the award of contract. Payment for any bills submitted by the bidder will be processed only if the GST number mentioned in the bill is registered for the state of Jharkhand.
4. All other terms and conditions mentioned in tender document will remain unchanged.

**Sd/-**
**Director**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 350526 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 25-26 (D)

## जेएमएम को मजबूत करना एकमात्र लक्ष्य : विकास राणा

**हजारीबाग।** विकास राणा को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का केन्द्रीय समिति सदस्य नियुक्त किया गया, इसके लिए पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन , झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन , गाण्डेय की विधायक कल्पना सोरेन , झारखण्ड सरकार के केबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू , केबिनेट मंत्री योगेन्द्र महतो , पार्टी के वरीय नेता विनोद कुमार पाण्डेय , दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा , हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया सहित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी वरिष्ठ नेतागण का आभार व्यक्त किया। 13वां केन्द्रीय महाधिवेशन, राँची में केन्द्रीय समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद विकास राणा ने कहा कि नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। पार्टी ने मुझे दायित्व देकर जो सम्मान दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करूंगा। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना मेरा लक्ष्य है।

महायज्ञ के अंतिम दिन भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

# ऐसे आयोजन से भक्ति की भावना का होता है प्रसार : निर्मल महतो

*जहां पर महायज्ञ का आयोजन होता है वहां प्रभु की कृपा से खुशहाली और समृद्धि आती है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सांडी तिलैया में श्री श्री 1008 पांच दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार की रात्रि महायज्ञ आयोजन समिति ने भक्ति जागरण का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक निर्मल महतो ने महायज्ञ आयोजन समिति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों के बीच भक्ति की भावना का प्रसार होता है। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर दूर से पहुंचते हैं और एक दूसरे से मिलते हैं। जिससे लोगों के बीच भाईचारे की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जहां पर महायज्ञ का आयोजन होता है वहां प्रभु की कृपा से खुशहाली और समृद्धि आती है। वहीं, विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि महायज्ञ आयोजन समिति इस आयोजन के लिए प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों के बीच धार्मिक भावना का प्रसार होता है और खुशहाली आती है। मौके पर राजेंद्र महतो, जयकिशोर महतो, नितिश प्रजापति, विशेश्वर बेदिया, अध्यक्ष सावन बेदिया, सचिव शंकर बेदिया, कोषाध्यक्ष प्रयाग बेदिया, मुख्य सरंक्षक भुनेश्वर उर्फ भुनु महतो, लाली बेदिया, श्यामदेव बेदिया, बालेश्वर बेदिया, राजेश मांझी, मंजू देवी, पालो देवी, उषा देवी, संतोष महतो, अनिल बेदिया, लेदो मुंडा, प्रवेश महली, लखन बेदिया, अशोक करमाली, बहादुर ठाकुर, शोभा देवी, फुलमनी देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिजली तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**रामगढ़।** 11 हजार बिजली तार की चपेट में आने से कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी तेतरिया टोला स्थित पुल के नीचे से शौच कर वापस लौट रहे भीम महतो( 52 वर्ष) पिता स्व जानकी महतो की बुधवार को मौत हो गई। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, नीलकंठ महतो सहित कई अन्य लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर घटना स्थल पर प्रशासनिक, बिजली विभाग एवं सीसीएल के अधिकारियों के आने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की । घटना स्थल पर जुटे लोगों ने कहा कि बिजली विभाग ने करमा परियोजना को कोयला उत्पादन को लेकर अपना 11 हजार का सप्लाई दिया है। फिलहाल जहां घटना घटी है वहां नए पुल के निर्माण से तार उसके काफी नजदीक है।

**कार्यालय – जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी**
(जिला आयुष समिति, खूँटी)
पशुपालन परिसर, (**Veterinary Campus**),कचहरी मैदान के सामने,
पोस्ट+पु0 – खूँटी, जिला – खूँटी, राज्य – झारखण्ड, पिन – 835210
पत्रांक–............./आयुष खूँटी, दिनांक–

**कार्यालय आदेश**

जिला आयुष समिति, खूँटी के अधीनस्थ जिलार्न्तत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आयुर्वेदिक औशधालय/जिला संयुक्त औशधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों (खूँटी/कर्रा/मुरहू/रनियाँ/अड़की/तोरपा) के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में योग प्रशिक्षक के चयन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रषिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष–28 महिला–28 | किसी मान्यता प्राप्त विष्वविालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड/प्रधानमंत्री कौषल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | 1. पुरूष योग पशिक्षक को प्रति माह कम से कम 32 योग सत्र आयोजित करने पर 250/– रू0 प्रति सत्र की दर से 8000/– रू0 मात्र प्रतिमाह देय होगा। 2. महिला योग पषिक्षक को प्रति माह कम से कम 20 योग सत्र आयोजित करने पर 250/– रू0 प्रति सत्र की दर से 5000/– रू0 मात्र प्रतिमाह देय होगा। |

योग प्रषिक्षक के **Walk-In-Interview** की प्रखण्डवार सूची

| दिनांक– 14.05.2025 | दिनांक– 15.05.2025 |
|---|---|
| खूँटी, मुरहू एवं तोरपा | कर्रा, अड़की एवं रनियॉ |

सामान्य जानकारी एवं निर्देशः–
1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र **Khunti.nic.in** पर उपलब्ध है।
3. आवेदक विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों (10वीं का अंक पत्र, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र आदि) को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आवेदक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भर कर बंद लिफाफे में डाक द्वारा वर्णित अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर कार्यालय के पता – कार्यालय–जिला संयुक्त औशधालय (आयुश विभाग), पशुपालन विभाग परिसर, कचहरी मैदान के सामने, पोस्ट+थाना–खूँटी, जिला–खूँटी, पिन–835210 पर हार्ड कॉपी डाक के द्वारा अवश्य भेजेंगे।
5. आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.04.2025 को अपराहन् 4:00 बजे तक निर्धारित है, उसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. अभ्यर्थी दिनांक 14.05.2025 एवं 15.05.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ उपलब्ध कराए गए प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
7. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा, अगर भविश्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।
9. कार्य दिवस/योग सत्र आयुश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग–दर्शिका के अनुरूप होगी।
10. प्रत्येक योग सत्र दो घंटे का होगा।
11. स्थानीय प्रमाणित (Certificate) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। खूँटी जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
12. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
13. आयुश्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुश के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
14. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुश्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुश्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
15. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन आदि आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी। सिविल सर्जन, खूँटी।
PR 350451 District(25-26)D

तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के लिए बैठक आयोजित

# खेल को सफल बनाने के लिए आचार्यों को विभाग ने दिए दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता की तैयारी के संदर्भ में सुरेश मंडल, विभाग प्रमुख देवघर विभाग सह मार्गदर्शक खेलकूद, विद्या विकास समिति, झारखंड ने आगामी 20 मई से 22 मई 2025 तक होने वाले प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता के निमित्त आचार्यों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आचार्यों से विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की एवं आचार्यों का मार्गदर्शन भी किया जिससे कि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बैठक में आचार्य -दीदी को आवास, भोजन, जल, स्वच्छता, अनुशासन, विद्युत, चिकित्सा आदि विभागों की विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में प्रबंध करनी समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी, सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद ,हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख, ओमप्रकाश सिंहा,प्रवासी कार्यकर्ता सह विद्यालय के प्राचार्य, सह प्रमुख खेलकूद सहित आचार्य बंधु -भगिनी उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रांतीय अधिकारियों एवं विद्यालय के अधिकारियों के द्वारा आचार्यों को दिशा निर्देश दिए हैं। जिससे कि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह अपने संबोधन में कहा में कहा कि आगामी प्रांतीय खो- खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में आप सभी आचार्य, दीदी को जो विभाग एवं दायित्व दिया गया है।

## सभी थाना प्रभारी हर दिन करेंगे मॉर्निंग मीटिंग : एसपी

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने अपने कार्यालय सभागार में मंगलवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसपी ने लंबित कांडों, हत्या पोक्सो, नक्सली महिला उत्पीड़न लूट डकैती जैसे अति संवेदनशील सहित अन्य मामलों कि समीक्षा की। सभी थाना और ओपी प्रभारी को हर दिन मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने का निर्देश दिया गया। जिससे सही समय पर लंबित कांडों का निष्पादन हो सके। जन शिकायत से जुड़े मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन आदि मामलों पर त्वरित कार्यवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, सभी मार्केटिंग कंपलेक्स और दुकानों में उनके मालिकों से मिलकर सीसीटीवी लगवाने के लिए जरूरी पहल करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगरप्रिंट को अपडेट करने, ईसाक्ष्य एप का इस्तेमाल करने का आदेश दिया गया।

स्कूल में बच्चे के साथ मारपीट करने का आरोप

# स्कूल संचालक और शिक्षक की भूमिका की होगी जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र के परबता स्थित एक निजी स्कूल मनस्थली विद्यापीठ के संचालक और शिक्षक पर एक स्कूली बच्चे के साथ बेरहमी से पीटने की घटना प्रकाश में आया है।निजी स्कूल के संचालक संजीव सिंह और शिक्षक जीतन साव पर आरोप है कि उन्होंने बच्चे को बेरहमी से पीटा। पीड़ित के पिता बबलू लाल ने मामले को लेकर शिक्षा पदाधिकारी को शिकायत की है। उन्होंने स्कूल संचालक और दोषी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित बबलू लाल ने बताया कि मेरा पुत्र रुद्र कुमार तीसरी कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। स्कूल में बच्चे को बेरहमी से पीटने से वह काफी डरा हुआ है। इस तरह की घटना पहले भी हुआ है।लेकिन इस बार तो हद पार कर दी। एक बार पीटने के बाद बच्चे को लंच के समय पैर के ठेहुने ,लात ,हाथ व छड़ी से बुरी तरह पीटा गया। रोता बिलखता बच्चे ने इसकी जानकारी घर मे दी।इसके बाद पिता बबलू लाल ने बीईईओ किशोर कुमार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बीईईओ किशोर कुमार ने आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआरपी रामकृष्ण पांडेय और अनंत कुमार पांडेय को जांच के आदेश दिए हैं। बीईईओ ने बताया कि जांच के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी व उप विकास आयुक्त ने नेताजी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने वहां पर बच्चों की पढ़ाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त बच्चों के रहने वाले कमरा का निरीक्षण किया। लाईट एवं पंखा कई कमरा खराब पड़े हैं। गर्मी के मौसम में बच्चों को बिना पंख के रहने में काफी दिक्कतें हो रही है जिसे देखते हुए उपायुक्त महोदय ने सभी कमरा का पंखा एवं लाइट ठीक करने तथा जनरेटर व नया पंखा की खरीद हेतु प्रस्ताव तैयार कर भेजने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने किचन -सह-स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। रसोइया से मीनू के आधार पर बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रतिदिन देने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने डाइनिंग हॉल को साफ सफाई रखना की बात कहीं। उन्होंने बच्चों को खाना दिए जाने वाली प्लेट नया खरीदने की बात कहीं। पुराने एवं खराब बर्तन में बच्चों को भोजन न देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त शौचालय की साफ-सफाई का जायजा लिया। शौचालय की बेहतर साफ-सफाई रखने के लिए सफाई कर्मी की नियुक्ति करने की बात कही। उपायुक्त ने बच्चों से मुलाकात कर वहां की व्यवस्थाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। बच्चों ने उपायुक्त महोदय को विद्यालय में शिक्षक की कमी से अवगत कराया। जिस उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक से कल से ही इस विद्यालय में दो शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। विद्यालय परिसर में खेलने हेतु स्थान नहीं है। जिससे तहत बच्चों ने उपायुक्त से खेल की मैदान उपलब्ध कराने की बात कहीं। उपायुक्त ने सभी बच्चों को आश्वासन दिया है कि उनके खेलने के लिए मैदान की व्यवस्था की जायेगी। वार्डन ने उपायुक्त को बताया कि जोकबाहर के छात्र अमन लूगून का गाल में घाव हुआ है जिसका इलाज बीरू अस्पताल से कराया जा रहा है। उपायुक्त ने अमन लूगून की दवाई की जानकारी ली। तथा सिविल सर्जन, सिमडेगा से बच्चे की इलाज के लिए दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, विद्यालय के वार्डन, शिक्षक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# 'मोर पुलिस मोंय पुलिस' जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** नगर भवन में बुधवार को 'मोर पुलिस मोय पुलिस' जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड जगुआर के पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सौरभ ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से की गई।इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाना और उनका समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं सामने रखीं। एक महिला ने अपने पति को मुंबई से वापस लाने की गुहार लगाई, वहीं सामटोली के अलेक्जेंडर कुल्लू ने अपने इलाके में बिजली के खंभे लगाने की मांग की।सिमडेगा निवासी विनीता खाखा ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों और वेडिंग ज़ोन में हो रहे जुए पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों से सामाजिक माहौल पर बुरा असर पड़ रहा है। इसी प्रकार, दोरोथिया बघवार नामक महिला ने जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ी अपनी परेशानी अधिकारियों के समक्ष रखी।भट्टी टोली निवासी परवेज आलम ने अपनी 6 एकड़ जमीन को लेकर गंभीर मामला उठाया। उन्होंने बताया कि फरसा बेड़ा स्थित उनकी जमीन पर अजित नवरंगी और अनिल नवरंगी द्वारा 9 वर्षों से कब्जा कर रखा गया था। हालांकि, न्यायालय ने फैसला उनके पक्ष में दिया, लेकिन उन्हें लगातार डराया और धमकाया जा रहा है। उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग की।आईजी अनूप बिरथरे ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ता है और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होती है।कार्यक्रम में नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। इस मौके पर उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, एसडीपीओ बैजू उरांव सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेमिनार आयोजित कर गांव के लोगों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत ढेंगुरपानी गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित गया। इस कार्यक्रम के तहत संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, आबुआ आवास, पीएम आवास, जन वितरण प्रणाली, आत्मा , कृषि के अलावा श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रवासी व असंगठित मजदूरों का निबंधन करने की जानकारी दी गई और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की एएनएम आभा बरवा ने ग्रामीणों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और उन्हें समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं परबा पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक अजय लाल मेहर ने ग्रामीणों को मनरेगा में काम मांगने की जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा में काम करने के लिए प्रेत किया। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का भी चयन किया। कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों ने लीड्स द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिली है और वे इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि आने वाले समय में, इस तरह के जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यरमु और भी ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।मौके पर संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान, वार्ड सदस्य बंधनु धनवार, प्रभु बड़ाईक, सोहराई किस्पोट्टा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यंगता जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 48 दिव्यांगों का जांच किया गया।शिविर में सदर अस्पताल सिमडेगा के डॉक्टर शिलवंत,बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ मनोरंजन कुमार ने दिव्यांगता जांच किया।दिव्यांग शिविर को सफल बनाने में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अजीत मिश्रा,वृंदा एम के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संजय शेखर,अयुमन जड़िया, एएनएम, जीएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।बानो स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि दिव्यांगता जांच शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों का जांच किया गया जिसमें 25 % से लेकर 75% दिव्यांगों का जांच किया गया। इसके आधार पर बाद में सभी दिव्यांगों और विकलांगों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

# 10 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जज ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बुधवार को प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में बैठक हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए सहयोग की अपील की गई। बैठक में पीडीजे ने कहा कि सभी विभाग हमेशा सहयोग करते रहे हैं इसलिए आगामी राष्ट्रीय लोक में भी सहयोग करें। मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित पक्षकारों को प्राधिकार के जरिए नोटिस जारी करें और इसकी समय से तामिला कराएं। बैठक में पीडीजे ने बैंक ऋण से संबंधित मामलों के भी ज्यादा से ज्यादा निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक में पीडीजे ने कहा कि भरण पोषण के मामलों में वादिनी को कौशल विकास के प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि थानों में सिविल संबंधित जो भी मामले समझौते के आधार पर सुलझाए जाते हैं। उन मामलों में समझौता पत्र जिसमें दोनों पक्षों का हस्ताक्षर हो। उसे स्थाई लोक अदालत में जमा करेंगे।

# न्यूज बॉक्स

## नौमिल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच शिविर आज

**बानो।** प्रखंड के नौमिल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 अप्रैल को शाम 4:00 बजे से लेकर 7:00 तक किया गया है।इस अवसर पर सिविल सर्जन उपस्थित रहेंगे।बानो स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य जांच किया जाएगा और इसके अलावा आयुष्मान कार्ड,आभा कार्ड के अलावा विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

## बानो में एनएमओपीएस/झारोटेफ ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

**बानो।** बुधवार को एनएमओपीएस/झारोटेफ बानो इकाई के सदस्यों द्वारा बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी को मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर राज्य कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई अहम मांगें प्रस्तुत की गईं। मांग पत्र में प्रमुख रूप से शिक्षक संपर्क को राज्य कर्मियों की तरह एमएसीपी का लाभ देने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने, और केंद्रीय कर्मियों की भांति शिक्षण भत्ता देने की मांग की गई। इसके साथ ही राज्य कर्मियों की एनपीएस में जमा राशि वापस करने तथा सभी राज्य कर्मियों को राज्य प्रशासनिक सेवा की सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देने और इस परीक्षा को प्रतिवर्ष नियमित रूप से आयोजित किए जाने की भी मांग की गई।इसके अतिरिक्त परिवहन भत्ता समेत अन्य सुविधाएं सभी कर्मियों को प्रदान करने की मांग भी पत्र में शामिल रही।इस अवसर पर एनएमओपीएस/झारोटेफ बानो के प्रखंड सचिव प्रेम प्यारे लाल, प्रखंड अध्यक्ष जगत मणि वैद्य, गणेश गंझू, राजेश कुमार महतो, चंद्रदीप पासवान, शिवसागर यादव, विजय कुमार साहू, आशीष चंद्र, मनोज कुमार, गजेंद्र प्रसाद, जगन्नाथ भगत, शमीम अख्तर, तरुण कुमार, हीरालाल साहू, महावीर सोनी, उमेश कुमार साहू समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बानो थाना परिसर में मनाया गया थाना दिवस

**बानो।** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद, पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा और थाना प्रभारी विकास कुमार उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल 19 आवेदन मिला जिसमें 06 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामलों के निष्पादन हेतु अगली तिथि दी गई।इस अवसर पर सीओ रवि भूषण प्रसाद ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना दिवस मे विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।भूमि संबंधित मामलों सभी 19 मामलों की सुनवाई की गई और 06 मामलों का निपटारा किया गया एवं अन्य 13 मामले हेतु अगली तिथि दी गई है।सीओ ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ विवादित भू स्थल पर जाकर जमीन की मापी की जाएगी तत्पश्चात सत्यापन कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर अंचल निरीक्षक विल्सन केरकेट्टा,राजस्वकर्मी मिथलेश कुमार गुप्ता,शैलेश डुंगडुंग,अंचल आमिन अंतो कुमार,चौकीदार प्रिया सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह के अलावा ग्रामीण थे।

## बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत भवन किया गया जन शिकायत कार्यक्रम

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कादोपानी पंचायत भवन में कम्यूनिटि पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। इसके साथ ही मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, साईबर अपराध, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा आदि जैसे विषयों पर जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लोगों के समस्याओं से संबंधित कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। इस मौक़े पर एस0आई0 अजेंद्र सिंह, मुखिया एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## एसपी के निर्देश पर थाने में कई मामलों का हुआ निपटारा




**कोलेबिरा।** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी कोलेबिरा अनुप कच्छप और थाना के प्रभारी थाना प्रभारी एस आई सकलदेव महतो उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया।मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित पूर्व के लंबित 04 और 03 नया आवेदन कुल 07 आवेदन प्राप्तहुआ जिसमें पूरा से लंबित 04 मामलों में से 02 मामले का निष्पादन किया गया।इस अवसर पर सीओ अनुप कच्छप ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना दिवस मे विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।भूमि संबंधित सभी 07 मामलों की सुनवाई की गई और 02 मामले का निपटारा किया गया एवं अन्य मामले हेतु अगली तिथि दी गई है।सीओ ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ विवादित भू स्थल पर जाकर जमीन की मापी की जाएगी तत्पश्चात सत्यापन कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर अंचल निरीक्षक संजीवन बड़ाइक,राजस्व उप निरीक्षक प्रणय तिर्की एस आई सकलदेव महतो के अलावा ग्रामीण थे।

# महाबुआंग रेलवे स्टेशन में ग्रामीणों ने रखी सुविधाओं की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** हटिया-हटिया रेलखंड के महाबुआंग रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को ग्रामीणों ने विभिन्न बुनियादी सुविधाओं को लेकर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक श्री विकास कुमार के समक्ष अपनी मांगें रखीं।सोय पंचायत की मुखिया सोमारी कैथवार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने महाबुआंग और बानो रेलवे स्टेशन से संबंधित कई समस्याओं को उठाया। प्रमुख समस्याओं में सिजांग गांव के स्कूली बच्चों द्वारा डबल रेललाइन पार करने में हो रही कठिनाई, मेमो पैसेंजर ट्रेन का बीच-बीच में रद्द होना, और इस वजह से यात्रियों को हो रही परेशानियाँ शामिल हैं। ग्रामीणों ने इस ट्रेन को नियमित रूप से चलाने की मांग की।इसके साथ ही ग्रामीणों ने सुबह हटिया से राउरकेला और शाम को राउरकेला से हटिया के लिए यात्री ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग भी रखी।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने स्टेशन के सामने रेलिंग पर जाली लगाने की बात कही, ताकि वहां स्थित 15 फीट गहरे गड्ढे में कोई गिरने से बच सके। इसके अलावा स्टेशन के पास खड़े सूखे पेड़ को कटवाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का आश्वासन दिया।

## बरसलोया में चार दिवसीय अखंड हरिकीर्तन शुरू, कई मंडलियों ने लिया भाग

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम बरसलोया में आयोजित चार दिवसीय अखंड हरिकीर्तन महोत्सव के दूसरे दिन अधिवास और नामकरण के साथ अखंड हरिकीर्तन की शुरुआत की गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखी गई।अखंड हरिकीर्तन में बरसलोया बस्ती, रामजड़ी, झारखंड और ओडिशा की कई प्रमुख कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। इनमें ओडिशा के समलपुर मंडली, रियु की जय दुर्गा और जय गणेश कीर्तन मंडली, फुलवा टांगर सहित अन्य मंडलियाँ शामिल रहीं।गुरुवार को आकर्षक झांकी के साथ भव्य मेला आयोजित किया गया, जबकि शुक्रवार को पूर्णाहुति, नगर भ्रमण और महाभंडारे के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ओडिशा से आए लोकप्रिय कलाकार उर्मिला महतो, सुमन गुप्ता एवं अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।पूजा अनुष्ठान में पुरोहित की भूमिका पवन शर्मा और अवधेश पाढ़ी ने निभाई, वहीं यजमान के रूप में अमित सिंह अपनी धर्मपत्नी बिनीता देवी के साथ उपस्थित रहे। माला जापक के रूप में सुधांशु शेखर आचार्य, गणेश दास, अवधेश पाढ़ी, बालेश्वर मिश्रा, संदीप पति, नितेश दास समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे।

# नेशनल हेराल्ड केस में चार्जशीट करने के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में बुधवार को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने केंद्र सरकार की कथित प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ आवाज बुलंद की।जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना और कांग्रेस नेतृत्व के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल करना पूरी तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है। यह कानून के नाम पर सत्ता का दुरुपयोग है और विपक्ष को डराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी पीछे नहीं हटेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।कार्यक्रम में ज़िला परिषद सदस्य जोशिमा खाखा ने कहा कि ईडी की चार्जशीट साबित करती है कि प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी और सोनिया गांधी की सच्चाई और हिम्मत से डरते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस मामले में कोई आर्थिक लेन-देन नहीं हुआ, उसे मनी लॉन्ड्रिंग बता कर फर्जी केस बनाया गया है। यह एक गैर-लाभकारी संस्था से जुड़ा मामला है, जिसे बदले की भावना से उठाया गया है।धरने में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, पूर्व विधायक थेयोदर कीड़ो, मो. सम्मी आलम, चंदन सिंह, सुनील मिंज, शशि गुड़िया, प्रवक्ता रणधीर रंजन तिलका रमन और कई कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और जनता के हक में आवाज उठाती रहेगी।

# 'खाट पर सिस्टम' गर्भवती महिला को खटिया पर ढोकर पहुंचाया अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** देश 21वीं सदी में अंतरिक्ष की ओर छलांग लगा चुका है। चांद और मंगल पर कदम रखने की होड़ में भारत भी पीछे नहीं है। लेकिन सिमडेगा जिले के कई ग्रामीण इलाकों की तस्वीर आज भी उसी पुराने दौर में अटकी हुई है, जहां मूलभूत सुविधाएं सपना मात्र हैं। ऐसी ही एक तस्वीर फिर सामने आई है सिमडेगा के पाकरडांड प्रखंड अंतर्गत केसलपुर पंचायत के चुंदयारी गांव से, जहां एक गर्भवती महिला को खटिया पर लादकर सड़क तक लाया गया।प्रियंका देवी, जब प्रसव पीड़ा से कराहने लगीं, तो उनके परिजनों के पास कोई विकल्प नहीं था। गांव तक सड़क नहीं होने के कारण एम्बुलेंस वहां नहीं पहुंच सकती। ऐसे में उन्हें खटिया पर लादकर तीन किलोमीटर दूर पक्की सड़क तक ले जाया गया, जहां से फिर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया।गांव के शंकर सिंह और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज तक न बिजली की सुविधा है, न ही पेयजल और न ही सड़क। ऐसी स्थिति में बीमार पड़ने पर हर बार यही दृश्य सामने आता हएक बीमार व्यक्ति को खटिया पर लादकर अस्पताल पहुंचाना।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिला उपायुक्त और विधायक को इस विषय में लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जी रहे इन ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं गांव तक पहुंचाई जाएं।यह कोई पहला मामला नहीं है। सिमडेगा जैसे सीमावर्ती जिले में अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जो देश के विकास की जमीनी हकीकत को उजागर करती हैं। अंतरिक्ष में पहुंचने वाले देश के लिए शर्मनाक है कि अब भी कई गांवों में जीवन की जंग 'खाट' के सहारे लड़ी जा रही है।जब तक इन गांवों तक सड़क नहीं पहुंचेगी, तब तक 'सरकार आपके द्वार' की बातें सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेंगी।

# कुरडेग प्रखंड कार्यालय में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** बुधवार को कुरडेग प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाना था।इस अवसर पर कुरडेग एवं केरसई प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें चावल, मक्का, महुआ, मडुवा के लड्डू, हरी सब्जियाँ, पपीते की खीर सहित अनेक पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर व्यंजन प्रस्तुत किए गए।महिला पर्यवेक्षिका निर्मला बाखला ने कहा कि गर्भधारण से लेकर बच्चे के दो वर्ष की उम्र तक का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान अच्छा पोषण, प्रेम, देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा अनुभव बच्चों को स्वस्थ और खुशहाल व्यक्ति बनाने में सहायक होता है।बाल विकास परियोजना पदाधिकारी किरण डांग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को पोषक आहार देना है। विशेष रूप से बच्चों के जीवन के पहले 1000 दिनों में पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, क्योंकि यह समय उनके समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होता है।कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएँ एवं सहायिकाएँ उपस्थित रहीं।

# होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक, महिला समिति का हुआ गठन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन सिमडेगा जिला समिति की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष जीतू बड़ाईक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित हुए।बैठक में होमगार्ड जवानों की 365 दिनों की नियमित ड्यूटी की मांग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही महिला समिति का गठन करते हुए निराली कुल्लु को महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि सिमडेगा जैसे जिलों में महिला होमगार्ड जवानों को विशेष रूप से नियमित ड्यूटी दी जानी चाहिए, ताकि वे आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से मुक्त होकर बेहतर कार्य कर सकें। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और जवानों की समस्याओं को राज्य स्तर पर उठाने का आश्वासन भी दिया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने होमगार्ड जवानों की सेवा शर्तों में सुधार की मांग दोहराई और संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## अंडरपास निर्माण नहीं होने पर ग्रामीण में आक्रोशित

# भीओपी निर्माण का स्थानीय लोगों ने किया विरोध




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जीटी रोड चौड़ीकरण के दौरान रसोईया थाना मोड़ पर अंडरपास निर्माण नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है. इन लोगों ने भीओपी निर्माण का विरोध किया है. ग्रामीणों का कहना है कि रसोईया धमना और बेंदगी पंचायत का मुख्य चौराहा धमना मोड है. जो मुख्यालय बड़ी से जोड़ने का काम करता है. इसी मोड़ से होते हुए बच्चे बरही पढ़ने जाते है, ग्रामीण अपने खेत पर जाते है, जनाजे के लिए कब्रिस्तान जाया जाता है.ऐसे में रसोईयाधमना मोड़ से लेकर बाईपास से बरही की ओर जाने वाले रास्ते तक भीओपी निर्माण से ग्रामीणों को लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ेगा. यह मोड़ दुर्घटना जोन के रूप में जाना जाता है जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है. ऐसे में सड़क चौड़ीकरण होने के बाद यह मोड़ आठ मार्ग में बंट जाएगा, जिस क्रॉस करने समय लगेंगे और दुर्घटनाएं बढ़ेगी. अपनी मांगों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बरही थाना में लगे जन समाधान कार्यक्रम में आवेदन देते हुए रसोईया धमना मोड पर अंडर पास निर्माण की मांग किया है. आवेदन देने वालो में समाजसेवी तौकीर रजा, पंसस मो तैयब, अनुज यादव, राजदेव गुप्ता, हरी यादव, प्रो हीरामन साहू, तस्लीम अंसारी, मिथिलेश ठाकुर आदि सहित दर्जनों लोग शामिल थे.

## स्कूली बच्चों को सिखाए गए आग से बचाव के तरीके

**जादूगोड़ा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन विभाग की जादूगोड़ा यूनिट की ओर से 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है. इस दौरान स्कूलों में बच्चों को आग से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है. कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुड़कू में बच्चों को आग के प्रकार, आग लगने के कारण और उससे बचने के तरीके बताये गये. इस दौरान बच्चों को डेमो के जरिए भी समझाया गया कि आपात स्थिति में कैसे सुरक्षित रहना चाहिए. इससे पहले जादूगोड़ा मिल और माटीगोडा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किये गये थे, जिनमें बच्चों ने आग से बचने के तरीके सीखे थे.

# शादी समारोह में भाग लेने बेंगाबाद पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, हुअ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद**
गांडेय विधानसभा अंतर्गत समाजसेवी अर्जुन बैठा के भतीजा की शादी समारोह में भाग लेने बेंगाबाद पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का बेंगाबाद में स्वागत किया। बुधवार को समाजसेवी अर्जुन बैठा के भतीजा का शादी समारोह था।अर्जुन मुंडा सड़क मार्ग से शादी समारोह में पहुंचे और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में घंटों रुके और वापस रांची चल गए। यहां अर्जुन बैठा सहित उनका पूरा परिवार ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इससे पहले जिला व प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान अर्जुन मुंडा ने झारखंड सरकार में शामिल अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री हफीजुल अंसारी के ब्यान शरीयत ओर संविधान पर पलटवार करते हुए कहा कि हफीजूल अंसारी मंत्री हैं अपना मंत्री पद का दायित्व संभाले,उन्होंने शरीयत के आधार पर शपथ नहीं लिए हैं संविधान के आधार पर शपथ लिए हैं। वहीं उन्होंने बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसक घटनाओं के बारे में कहा कि ये प्रशासनिक मुद्दा है ओर अगर सुरक्षा देने में विफल होगी तो स्वाभाविक है कि संवैधानिक संकट खड़ा होगा,मौके पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, चंद्रमोहन प्रसाद,अर्जुन बैठा, यदुनंदन पाठक, विनय शर्मा, सुबोध प्रकाश, संजीत सिंह, समेत कई लोग उपस्थित रहे।



## एसपी के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**बेंगाबाद।** बेंगाबाद में बुधवार को पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के निर्देश पर बेंगाबाद थाना गेट के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में दो पहिया वाहनों ओर चार पहिया वाहनों के डिक्की भी खुलवाकर चेक किया जा रहा था।थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में घटित घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक का निर्देश प्राप्त है पुलिस का यह एंटी क्राइम अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी दुपहिया वाहन चालको से बिना कागजात के वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी है साथ ही बिना हेलमेट के भी बाइक सवार के लोगों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट लगाए बाइक नहीं चलाना है जांच अभियान के दौरान एस आई उदय नारायण सिंह ए एस आई अशोक कुमार समेत पुलिस बल शामिल थे।

## पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन

# अधूरे आंगनबाड़ी केन्द्र को पूर्ण करने की मांग की गई



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडी**
गांडेय प्रखंड परिसर के सभाकक्ष में बुधवार को गांडेय उप प्रमुख किशोर मुर्मू की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा ,कृषि विभाग आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, बिजली विभाग अबुआ आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पेयजल विभाग सहित अन्य विभागों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया। बैठक में पिछले 17 फरवरी को आयोजित बैठक में लिए गए प्रस्तावों की भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रुप से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं में अनियमितता और घुसखोरी का मामला छाया रहा। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि बाल विकास परियोजना की किसी भी कार्यक्रम की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जाती है। सीडीपीओ ने उक्त मामले में सुधार करने की बात कही। बैठक में डोकीडीह पंचायत के मुखिया मो अकबर, पंसस अहिल्यापुर मोहन हाजरा और पंसस फुलझरिया के द्वारा कहा गया कि अधुरा आंगनबाड़ी केन्द्र को पूर्ण किया जाए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। आंगनबाड़ी की महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रखंड स्तर में रसनजोरी, बंधाबाद और रकसकुटों में पालना गृह का निर्माण किया जाएगा।

## डीएसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**धनबाद।** गोविंदपुर में श्री हरदेवराम धर्मशाला में डीएसपी शंकर कामती की अगुवाई में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम हुआ. इसमें कई लोगों ने घर में पानी घुसने की समस्या दूर करने की शिकायत की. लिखित शिकायत दिया कि एनएचएआई की लापरवाही से पिछले दो दिनों की बारिश से घरों और प्रतिष्ठानों में पानी घुस रहा है और घरेलू सामान की क्षति हो रही है. इस समस्या को दूर किया जाय. डीएसपी एवं पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने घरों में पानी घुसने के मामलों को प्रोजेक्ट डायरेक्टर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया. कहा कि बारिश के पूर्व समस्या का समाधान हर हाल में करा दिया जाएगा. बलराम साव व अनूप साव ने शिकायत की कि नालियां इस कदर बना दी गई हैं कि उसमें बारिश का पानी नहीं घुसता है.

# फुटबाल ग्राउंड में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
एसपी अजय कुमार के नेतृत्व में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 16 अप्रैल को छावनी फुटबॉल ग्राउंड में किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान कुल 52 शिकायतकताओं ने उपस्थित होकर अपनी शिकायतों / समस्याओं को पुलिस के समक्ष साझा किया। एसपी अजय कुमार द्वारा शिकायतकताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित थाना / ओपी प्रभारी को निष्पक्षता से जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु थाना / ओपी प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई किया गया, जिसमें कार्यक्रम के दौरान ही कुल 03 मामलों का निपटारा किया गया। एसपी ने कहा कि यह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का चौथा चरण है।कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य लोगों की मदद करना है।कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़, भूमि उप समाहर्ता रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू / रामगढ़, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र रामगढ, पुलिस निरीक्षक माण्डू / गोला, सभी थाना / ओपी प्रभारी, पैरा लीगल वॉलंटियर एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## शिक्षकों की लापरवाही उजागर, सीओ ने निरीक्षण के दौरान आराम करते पाए गए शिक्षक



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रूपायडीह में शिक्षा का स्तर बदहाल होता जा रहा है। अंचल अधिकारी द्वारा बुधवार को अचानक किए गए निरीक्षण में एक भी शिक्षक पढ़ाते नहीं मिले। कुछ शिक्षक कार्यालय में आराम फरमा रहे थे, तो कोई मोबाइल में व्यस्त दिखे। कक्षाएं सूनी थीं और विद्यार्थी खुद असमंजस में खड़े थे। विद्यार्थियों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए – शिक्षक समय पर नहीं आते, पढ़ाई समय सारणी के अनुसार नहीं होती, और बच्चों को छोड़ दिया गया है भगवान भरोसे। इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षकों को न तो अपने कर्तव्यों से कोई लगाव है और न ही बच्चों के भविष्य की चिंता। अंचल अधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि शिक्षकों से स्पष्टीकरण लेकर उनका एक दिन का वेतन काटा जाए और विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही इस रिपोर्ट की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह और अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर-सरिया को भी भेजी गई है।

## बीमार बच्चों को नजरअंदाज कर रहे आंगनबाड़ी केंद्र, सीडीपीओ ने लगाई फटकार



**बिरनी।** बुधवार को बिरनी सीओ सह सीडीपीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने रूपीडीह पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक केंद्र में सिर्फ दस बच्चा मौजूद मिला – वह भी गंभीर रूप से बीमार। ऐसी लापरवाही देख सीडीपीओ भड़क उठे। उन्होंने केंद्र की सेविका को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीमार बच्चे को शनिवार को अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कड़ी कार्रवाई तय है।

## तीन दिवसीय अंबेदकर जयंती समारोह में विजेता छात्राएं हुईं सम्मानित



**विष्णुगढ़।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बीते 3 दिनों से चल रहे अंबेदकर जयंती समारोह का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ. समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार मंडल और विशेष अतिथि दौलत महतो बीएड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी सहित बीआरसी के बीपीएम कुणाल चौरसिया, बीआरपी विनय कुमार पांडेय, बेड़हरियारा मुखिया रामचंद्र महतो, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल आदि शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चण और दीप प्रज्वलित कर किया. वार्डेन ज्योति वर्मा ने पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया. मंच संचालन करते हुए शिक्षक हेमंत कुमार ने बाबा साहब के 135वें जयंती पर आयोजित किए गए कार्यक्रम की जानकारी दी. मुख्यातिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बाबा साहब के विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं के ज्ञान वृद्धि के साथ आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म मिलता है. विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ चतुवेर्दी ने कहा कि इतने दिन के अवधि में कस्तूरबा विद्यालय में तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम मानना संभवतः पहला मौका है. इस दौरान बच्चियों को काफी कुछ सीखने को मिला है. जो शिक्षण संस्थान के लिए अनिवार्य है.


रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.डी.एल. अ-– 09042025–262353
CG-DL-E- 09042025-262353
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II –खण्ड 3– उप खण्ड–II
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3110] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 8, 2025/चैत 18, 1947
No. 3110] NEW DELHI, TUESDAY 8, 2025/CHAITRA 18, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 2025

का.आ. 1653(अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) के अधिन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 3265(अ) तारीख 12.08.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग (ii) खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के राँची जिले के NH-75E(New NH-20) के कि0मी0 16.400 से कि.मी. 21.3400 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचलन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "26.09.2024" को "हिन्दुस्तान" और "राष्ट्रीय सागर" दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए; और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसारण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप में केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखण्ड राज्य के राँची जिले में NH-75E(New NH-20) के कि.मी. 16.400 से कि.मी. 21-340 (कलेक्ट्रेट कार्यालय राँची के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

| राज्य का नाम :– झारखण्ड | | जिले का नाम :– पश्चिमी सिंहभूम | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम : नामकुम | | | | | |
| गांव का नाम : कोएन्जारी | | | | | |
| 109 | 1 | निजी | टाड़ दो | 0.1469041 | भगत उरांव , दुगा उरांव , करमा उरांव ,रीझा उरांव , घसिया उरांव , भोसा उरांव , छोटा दुरगा उरांव , बंधु उरांव वगैरह, महादेव उरांव , बन्धु उरांव पिता–स्व गन्दुरा उरांव, गवरियल एक्का , ग्रेस उरांव , हौरा उरांव , भोसा उरांव , लोदरो उरांव, मलीका मिन्ज, पिता–स्व0 हबील मिन्ज |
| 110 | 10 | निजी | परती कदीम | 0.0004047 | रहमत अली , जोभर अली , सरोजनी पुर्ती , जोजे–कल्याण जोन पुर्ती, श्रीमती पिंकी देवी , पति–श्री महेश प्रसाद |
| 111 | 13 | निजी | टाड़ दो | 0.005261 | मनसा राम , पिता–स्व पवन दास |
| 112 | 14 | निजी | परती कदीम | 0.0068798 | मनसा राम , पिता–स्व पवन दास |
| 113 | 15 | निजी | दोन तीन | 0.1011736 | अनजोक उरांव वो चमरा दुर्गा उरांव , पिता–डोमा उरांव वो नरसिंग उरांव |
| 114 | 18 | निजी | टाड़ दो | 0.4245245 | बिरसा उरांव पिता डोमा उरांव, चेरी उरांव पिता हेमवा उरांव , मागा उरांव पिता कैला उरंव |
| 115 | 19 | सरकारी | देवी मंडप | 0.0008094 | गैरमजरुवा आम |
| 116 | 2 | निजी | टाड़ दो | 0.169567 | काली उरांव , पिता–जगरनाथ उरांव, पौल तिर्की , पिता–फ्रांसिस तिर्की, लुइसा रुबीना एक्का , जोजे–फिलिप एक्का, श्रीमती बेर्नादेत भेंगरा , जोजे–जोन भेंगरा, संध्या सरोज तिर्की , पति–एसरोन निरल तिर्की, किशोर सुमन होरो , पिता–स्व जोसेफ वाल्टर होरो, सुषमा कान्ता तिर्की , पिता–स्व. अन्थोनी पॉल तिर्की, मुकुट तोपनो , पिता–मनसुख तोपनो, इडन टोपनो, पिता–राजन बाग, सुप्रभा टोपनो, पिता–स्व0 याकुम पुर्ति, सरिता पूर्ति, पिता–दान पुर्ति, प्रिती दिपीका मिंज, पिता–स्व0 प्रतीक मिन्ज, दिपक राज किण्डो, पिता–जयवंत किण्डो |
| 117 | 21 | निजी | परती कदीम | 0.3488466 | चमरा उराव , पिता–नरसिंह उरांव, दानिएल कुजुर , पिता–मार्टीन कुजुर, |
| 118 | 22 | निजी | परती कदीम | 0.3031161 | बीणा खेस , जोजे–भुषण खेस |
| 119 | 24 | निजी | टाड़ दो | 0.1837313 | करमा उराव, पेशरान – रीहा उराव |
| 120 | 3 | निजी | टाड़ दो | 0.1780656 | गन्दुरा उरांव , महरा उरांव , पिता–स्व कान्हु उरांव, गोसला उरांव , सुखु उरांव ,पिता–स्व महरा उरांव |
| 121 | 55 | निजी | दोन तीन | 0.0032376 | बिरसा उरांव पिता डोमा उरांव, चेरी उरांव पिता हेमवा उरांव , मागा उरांव पिता कैला उरंव |
| 122 | 56 | निजी | टाड़ दो | 0.2144881 | बिरसा उरांव पिता डोमा उरांव, चेरी उरांव पिता हेमवा उरांव , मागा उरांव पिता कैला उरंव |
| 123 | 57 | सरकारी | परती कदीम | 0.0125455 | गैरमजरुवा मालिक |
| 124 | 58 | निजी | टाड़ तीन | 0.0866046 | वाडा दुरगा उराव |
| 125 | 63 | सरकारी | परती कदीम | 0.1327398 | गैरमजरुवा मालिक |
| 126 | 67 | निजी | टाड़ तीन | 0.2144881 | रहमत अली , जोभर अली , आनन्दी सुरीन , जोजे–सामुएल सुरीन |
| 127 | 68 | सरकारी | परती पत्थर | 0.0542291 | गैरमजरुवा मालिक |
| 128 | 7 | निजी | परती कदीम | 0.0279239 | बिरसा उरांव पिता डोमा उरांव, चेरी उरांव पिता हेमवा उरांव , मागा उरांव पिता कैला उरंव, गन्दुरा उरांव , महरा उरांव , पिता–स्व कान्हु उरांव, गोसला उरांव , सुखुउरांव,पिता–स्व महरा उरांव |
| 129 | 73 | निजी | टाड़ दो | 0.0797248 | चमरा उराव , पिता–नरसिंह उरांव, श्री आसफ गुड़िया , पिता–स्व.पौलुस गुड़िया, जोरोंग जीदन कन्डुलना , पिता–प्रभु सहाए कन्डुलना, शिल्पी सपना केरकेट्टा , पति–अंथोनी हेरेंज, इमलेन ललीता जोजो, पति–बिन्जामिन टोपनो |
| 130 | 74 | निजी | दोन तीन | 0.1104816 | पेतरुस मुन्डा , पिता–जोसेफ मुन्डा, विलासी तिग्गा, पिता–रीचर्ड तिग्गा,लुईसा उराईन , पति–सोहराई उरांव, श्रीमती एलिस भेंगरा टोपनो , पति–श्री सेलवेस्टर टोपनो |
| 131 | 80 | निजी | दोन तीन | 0.0497774 | खुदीया उरांव , पिता–स्व हेका उरांव, श्री पीटर टोप्पो , पिता–तेलेस्फोर टोप्पो, श्री जोसेफ लुगुन , पिता–जुलियस लुगुन, श्री बुधवा भेगरा , पिता–चुमनु भेंगरा, श्रीमती जसमनी बाडिंग , पिता–जोसेफ बाडिंग, श्री विमल धान , पिता–स्व. चारा धान, श्री सुनिल प्रकाश केरकेट्टा , पिता–स्व. अब्राहम केरकेट्टा, विलयम तिग्गा, पिता–गबरियल तिग्गा, रोशनी तिग्गा, पति–विलयम तिग्गा, जोवाकिम कंडूलना, पिता–जॉन कंडूलना, पारंगत गाड़ी , पिता–बंधन गाड़ी |
| 132 | 81 | निजी | टाड़ दो | 0.0987455 | महादेव लोहरा , पिता–स्व बिरसा लोहरा, जोसेफ नथनियल तिर्की , पिता–अन्थोनी तिर्की, एंमलेन जबेरिया तिडु , पति–प्रीतम टोपनो, जीवन लकड़ा , वल्द–करमा लकड़ा, प्रतिमा तिडु , पति–अमृत कुमार तिडु |
| 133 | 82 | निजी | टाड़ दो | 0.1060299 | खुदिया उरांव , पिता–हेका उरांव, काली उरांव , पिता–जगरनाथ उरांव, मनोज मिज , पिता–सुशील उरांव, राहिल लुईसा सांगा , पिता–माधमा सांगा, फुलकेरिया सांगा , पिता–दाउद डोडराय, संजय मिंज वो प्रभात मिंज , पिता–स्व. सुरेश मिंज, मेरी मिंज , पति–स्व. सुरेश मिंज, बिपीन किशोर नाग, पिता–अलेक्श मघया सांगा, चंपु हस्सा, पिता–फगुआ मुण्डा, सुनील टोपनो, पिता–सोमरा टोपनो , बिरसा उरांव एक्का ,पिता–स्व० काली उरांव , किशुन उरांव एक्का , पिता–बिरसा उरांव एक्का |
| गांव का नाम : तोराड़ | | | | | |
| 134 | 101 | निजी | दोन एक | 0.4289761 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 135 | 102 | निजी | दोन दो | 0.2173209 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 136 | 115 | निजी | दोन दो | 0.0068798 | इन्दर माली , पिता–रामधन माली |
| 137 | 117 | निजी | टाड़ तीन | 0.0222582 | मो0 करमवासी कुंवर, जोजे–गुरु चरन लाल, राधा कृष्ण लाल, वंशीधर लाल , राधा गोबिंद लाल, बजरंग लाल , पिता–स्व गुरु चरण लाल, विनोद चन्द्र लाल , मिजुलाल , अशोक चन्द्रलाल , प्रदीप चन्द्र लाल , वल्द–स्व रामेश्वर दास लाल |
| 138 | 119ध185 | निजी | परती कदीम | 0.0004047 | मो0 करमवासी कुंवर , जोजे–गुरु चरन लाल |
| 139 | 121 | निजी | टाड़ दो | 0.0263051 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 140 | 122 | निजी | दोन तीन | 0.1116957 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 141 | 123 | निजी | दोन तीन | 0.0323756 | राधा कृष्ण लाल , वंशीधर लाल , राधा गोबिंद लाल , बजरंग लाल , पिता–स्व गुरु चरण लाल, विनोद चन्द्र लाल , मिजुलाल , अशोक चन्द्रलाल , प्रदीप चन्द्र लाल , वल्द–स्व रामेश्वर दास लाल, मो0 करमवासी कुंवर , जोजे–गुरु चरन लाल, श्रीमती प्रभा सिन्हा , पति–मिथिलेश कुमार सिन्हा |
| 142 | 124ध183 | निजी | टाड़ दो | 0.0404695 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 143 | 125 | निजी | टाड़ दो | 0.2310805 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 144 | 126 | निजी | दोन तीन | 0.1683529 | सैकु मुन्ड़ा , लछु मुन्ड़ा , गाजा मुन्ड़ा , पिता–हेको मुन्ड़ा |
| 145 | 159 | निजी | टाड़ दो | 0.1991097 | याम कुमर प्रधान , पिता–जीत बहादुर प्रधान, श्रीमते म्नीना देवी , पति–स्व किमालय कुमार श्रेण्ठ, श्रीमती शारदा थापा , पति–पती दीपनारायण धले, श्रीमती बबीता राणा , पति–स्व बिजय सिंह राणा, श्रीमती मंजु कुमारी गुरुड़ , पति–सतीश गुरुड़, श्रीमती अनिता शर्मा , पति–श्री गोबिन्द शर्मा, श्री विक्की थापा , पिता–स्व. मानवीर थापा, प्रकाश गुरुड , पिता–स्व. नील बहादुर गुरुड, श्री धीरज गुरुंग , पिता–स्व. रतन सिंह गुरुंग, श्रीमती यशोदा गुरुंग , पति–श्री धीरज गुरुंग, श्री विकास सिंह गुरूगं , पिता–श्री उदय सिंह गुरूगं, सरस्वती देवी, पिता–केदारनाथ शर्मा, घनश्याम चौधरी , पिता–स्व० किशोरी लाल चौधरी, रमेश कुमार, पिता–स्व0 कैलाश विश्वकर्मा |
| 146 | 160 | निजी | टाड़ दो | 0.092675 | पीरुवा उराँव , राम उराँव , पेशरान–चम्वा उराँव, चन्दा उराँव , खुयू उराँव , पेशरान–बुधु उराँव, विगु उराँव , वल्द–बुधु उराँव, |
| 147 | 161 | निजी | दोन तीन | 0.9542695 | जयंती प्रेमिका तिग्गा, पति–अलफोन्स तिर्की, वेरोनिका हंश, पति–बोअस होरो, बेरानादेत तिर्की, पति–जेरोम बखला, रेज मगदली तिर्की, पिता–स्व0 प्रदीप तिर्की, संगीता सांगा, पिता–स्व0 करमव कुंवर, इमानुएल सांगा, अंजेला तिर्की, पिता–स्व0 प्रदीप तिर्की, क्रेसेंटिया कुजूर, पिता–स्व0 बाहा कुजूर, नजेला तिर्की, पिता–स्व0 प्रदीप तिर्की, लेलिस ललिता एक्का , पिता–बाहा फ्रांसिस कुजूर |
| 148 | 162 | निजी | दोन तीन | 0.0157831 | मो0 करमवासी कुंवर , जोजे–गुरु चरन लाल |
| 149 | 164 | निजी | टाड़ दो | 0.1582355 | श्री श्रीश चन्द्र राय , पिता–श्री आर0 एन0 राय |
| 150 | 169 | निजी | टाड़ तीन | 0.0279239 | मो0 करमवासी कुंवर , जोजे–गुरु चरन लाल, श्री सुकरा मुन्ड़ा , पिता–महादेव मुन्ड़ा, श्रीमती प्रभा सिन्हा , पति–मिथिलेश कुमार सिन्हा, संतोष कुमार , विजय कुमार , शिव कुमार , विक्रम कुमार , पिता–स्व. हीरा लाल, श्रीमती सुशीला देवी , पति–श्री केदार सिंह |
| 151 | 46 | सरकारी | रास्ता | 0.0364225 | गैरमजरुवा आम |
| 152 | 50 | निजी | दोन दो | 0.0032376 | भाकु मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व मंगरा मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व वीरसा मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व सुखु मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा |
| 153 | 51 | निजी | दोन दो | 0.0566572 | श्रीमति दीपा शिखा धानुका , पति–श्री राज कुमार धानुका |
| 154 | 52 | निजी | दोन तीन | 0.4014569 | वकासत–हरवंश साहु |
| 155 | 52/181 | निजी | दोन तीन | 0.0404695 | वकासत–हरवंश साहु |
| 156 | 53 | निजी | टाड़ तीन | 0.3658438 | वकासत–हरवंश साहु |
| 157 | 56 | निजी | टाड़ तीन | 0.2023472 | भाकु मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व मंगरा मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व वीरसा मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा व सुखु मुन्डा, पेशरान – सुना मुन्डा |
| 158 | 57 | निजी | दोन तीन | 0.0267098 | सुखु मुन्डा , मंगरा मुन्डा , विरसा मुन्डा , पेशरान–सुना मुन्डा, सुखवा मुन्ड़ा , मंगरा मुन्ड़ा , भाकु मन्ड़ा , विरसा मुन्ड़ा , पेशरान–सुना मुन्ड़ा |
| 159 | 72 | निजी | टाड़ तीन | 0.2857143 | वकासत–हरवंश साहु |
| 160 | 74 | निजी | दोन तीन | 0.4815864 | प्रशान्त टोप्पो , पिता–ए ए एच टोप्पो |
| 161 | 75 | निजी | दोन दो | 0.4961554 | वुधु साहु , रामसेवक साहु , पेशरान–देवलाल साहु, लक्ष्मी साहु , पेशरान–सुखु साहु, रेश धान , पिता–श्री मंगता धान, चन्द्र मोहन कपुर , पिता–स्व झाझा राम कपुर, गरीश मलहोत्रा , पिता–स्व शादीलाल मलहोत्रा, सुरेश मलहोत्रा , पिता–स्व नारामीरा ताल मलहोत्रा, श्रीमती निलम देवी , पति–श्री डी सी पी सिंह, श्रीमती सोनी निराला , पति–श्री राहुल कुमार, श्रीमती प्रणती प्रसाद , पति–श्री राजीव प्रसाद, श्री दीपक कुमार अम्बस्था , पिता–श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री झुनझुन वाला , पिता–श्री सुरेन्द्र प्रसाद, श्रीमती कान्ति देवी , पति–स्व. नकुलचन्द्र होता, श्रीमती मीनाक्षी कुमारी , पति–रामपार्न साहु |
| 162 | 76 | निजी | दोन दो | 0.0647511 | सेख अहमद अली वोगेरह , सेख अमरुदीन अहमद अली , पिता–सेख अली, श्रीमती लक्ष्मीनीया देवी , पति–भाँगता मुन्ड़ा, सुरेश मुन्डा , पिता–मंगवा मुन्डा, श्री मंगवा मुन्ड़ा , पिता–विरसा मुन्ड़ा |
| | | | कुल | 15.84136 | |

फा.सं. RW/Ranchi/LA/Km 16.400 to Km 47.700/NH-75E/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक

PR 350495 (Road) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# भाजपा की दक्षिण राजनीति

कई कारणों से तमिलनाडु की राजनीति गरमा गई है। एक तो, अप्रैल, 2026 में वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। हालांकि, चुनाव होने में अभी एक साल का समय बचा है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां अभी से ही लामबंद होने लगी हैं और सबसे ज्यादा सक्रियता भाजपा दिखा रही है। दूसरे, गृह मंत्री अमित शाह ने अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) को राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) खेमे में मिला लिया है। इससे राज्य में राजग खेमा मजबूत बनकर उभरा है। तीसरा, द्रमुक मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दो भाषा फॉर्मूला लाकर हिंदी विरोधी आग को भड़का रहे हैं, जिसको लेकर दूसरे राज्यों से तमिलनाडु में काम करने आए समुदायों में भारी नाराजगी है। चौथा, द्रमुक ने परिसीमन विवाद छेड़ दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे 'राजनीतिक तख्तापलट' बताते हुए कहा कि इससे उन राज्यों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने अपनी जनसंख्या का सही ढंग से प्रबंधन नहीं किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा आयोजित बैठक में विपक्षी दलों की जॉइंट एक्शन कमेटी ने संभावित परिसीमन पर सात सूत्री प्रस्ताव पारित किया। समिति ने परिसीमन की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पर चिंता जताई है और 1971 की जनगणना पर आधारित संसदीय क्षेत्रों की संख्या की सीमा को 25 और वर्षों के लिए बढ़ाने की अपील की है। पांचवां, समग्र शिक्षा अभियान के लिए केंद्र की ओर से तमिलनाडु को धनराशि जारी नहीं की गई है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार इस बात पर अड़ी हुई है कि इस योजना के लिए केंद्र का हिस्सा तभी जारी किया जाएगा, जब तमिलनाडु केंद्र द्वारा प्रायोजित एक अन्य योजना पीएमश्री के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर करेगा। एमओयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के साथ-साथ त्रि-भाषा नीति को पूरी तरह लागू करने की सहमति भी शामिल है, जिसका तमिलनाडु सरकार कड़ा विरोध कर रही है। छठा, द्रमुक के एक वरिष्ठ मंत्री ने एक बैठक में सेक्स वर्कर और हिंदू धर्म के दो संप्रदायों-शैव एवं वैष्णव से जुड़ी अश्लील कहानी सुनाई। बयान इतना विवादित और अशोभनीय था कि इससे न केवल विपक्ष, बल्कि खुद उनकी पार्टी के कई नेता नाराज हो गए। उनकी टिप्पणी का वीडियो वायरल हो गया। इसके कारण मंत्री के. पोनमुडी को पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा और सौतेली बहन कनिमोझी, जो द्रमुक सांसद भी हैं, ने स्टालिन पर मंत्री को बर्खास्त करने का दबाव बनाया। सातवां, नैनार नागेंद्रन को भाजपा की राज्य इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। नागेंद्रन राज्य में भाजपा के 13वें अध्यक्ष बने हैं। नागेंद्रन के नेतृत्व में राज्य की भाजपा इकाई को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। इन सभी घटनाक्रमों के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी कार्ययोजना आगे बढ़ाई। उन्हें कई हिंदू धार्मिक समूहों से जानकारी मिली थी कि राज्य के दक्षिणी जिले में हिंदू धर्म से इस्लाम और ईसाई धर्म में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है। गवर्नर आरएन रवि ने भी इस बारे में अमित शाह को सूचित किया था। भाजपा का लक्ष्य हिंदू एवं हिंदी विरोधी द्रमुक और एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है। पिछले सप्ताह अमित शाह के चेन्नई दौरे ने निश्चित रूप से डीएमके को परेशान कर दिया है।

*'राजनीतिक तख्तापलट' बताते हुए कहा कि इससे उन राज्यों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने अपनी जनसंख्या का सही ढंग से प्रबंधन नहीं किया।*

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर




आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमज़ोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा। यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

आज की बात



**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे.संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे 'हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं' की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# धनकुबेरों के लिए ऋण माफी, गरीबों के लिए उपदेश

किस्सों-कहानियों की पावन भूमि भारत में, जहाँ सम्पन्नता की नदियाँ केवल कुछ चुने हुए लोगों के लिए बहती हैं, एक भयंकर आर्थिक संकट आ गया। सरकार, जो अपनी दूरदर्शिता के लिए जानी जाती है, तुरंत एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाती है-नहीं, नहीं, किसानों की भुखमरी या छोटे व्यापारियों के डूबते कर्ज को हल करने के लिए नहीं, बल्कि एक नई नीति तैयार करने के लिए: "चांदी की चम्मच वालों के लिए सोने की बेलआउट योजना"। इस क्रांतिकारी योजना के तहत, वे अरबपति जिन्हें शेयर बाजार में जुए में हार का सामना करना पड़ा था, उन्हें तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। दूसरी ओर, जो किसान 50,000 का कर्ज चुकाने में असमर्थ थे, उन्हें मेहनत, धैर्य और उपवास के गुणों पर प्रवचन दिए गए। आखिरकार, थोड़ी सी भूख सह लेना कौन-सी बड़ी बात है, जब बदले में सहनशीलता का अनमोल पाठ पढ़ने को मिले? एक भव्य समारोह में, जो मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा, एक कर्ज में डूबे कॉर्पोरेट टाइकून के 20,000 करोड़ का ऋण माफ कर दिया गया, जबकि 5,000 का कर्ज न चुका पाने पर एक किसान को जेल भेज दिया गया। सच्चाई के प्रति समर्पित मीडिया ने इस दौरान देश की आर्थिक मजबूती का प्रमाण देते हुए उस अरबपति के शानदार यॉट ट्रिप की तस्वीरें प्रसारित कीं। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के एक छोटे सब्जी विक्रेता को एक जाने-माने वित्तीय विशेषज्ञ ने प्राइम टाइम डिबेट में ज्ञान दिया-"अगर 100 किलो प्याज नहीं खरीद सकते तो कुछ और खा लो, आखिर भूख से कभी कोई मरा तो नहीं!" सरकार ने "राष्ट्रीय उपवास सप्ताह" की घोषणा की, जिसमें आम नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने उपभोग को कम करके जीडीपी में योगदान दें। इधर बैंक, हमेशा की तरह, रसूखदारों के लिए दरियादिल बना रहा और एक और हजारों करोड़ के कॉर्पोरेट ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया। वहीं, महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग किसान को बैंक की तरफ से प्रेरणादायक पत्र मिला-"एक हफ्ते में कर्ज चुकाओ, वरना ज़मीन नीलाम होगी।" बैंक की चिंता से अभिभूत उस किसान ने तुरंत एक स्थानीय साहूकार से 200% ब्याज पर नया कर्ज लिया ताकि बेइज्जती से बचा जा सके। इस समर्पण से प्रभावित सरकार ने उसकी मृत्यु के बाद सम्मान दिया और उसके नाम पर एक सरकारी योजना शुरू कर दी, ताकि भविष्य में और लोग भी इस प्रेरणा से लाभान्वित हो सकें।

देश की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# हीमोफीलिया : सिर्फ एक बीमारी नहीं, एक मानवीय चुनौती

17 अप्रैल : विश्व हीमोफीलिया दिवस

हर साल 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस वैश्विक मंच पर एक ऐसी रोशनी बनकर उभरता है, जो रक्तस्राव विकारों की गहन जटिलताओं को उजागर करता है और समाज को संवेदनशीलता के साथ जागरूकता की ओर प्रेरित करता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन अनगिनत जीवन का प्रतीक है, जो इस अनुवांशिक रोग के साथ हर पल एक अनकही लड़ाई लड़ रहे हैं। विश्व हीमोफीलिया महासंघ द्वारा 1989 में शुरू किया गया यह आयोजन, इसके संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल के जन्मदिन को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने इस बीमारी के प्रति जागरूकता और सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया। यह दिवस सिर्फ चिकित्सा चर्चा का अवसर नहीं, बल्कि उन लोगों के प्रति सम्मान और एकजुटता का संदेश है, जो इस रोग के साथ जी रहे हैं। हीमोफीलिया एक ऐसी अनुवांशिक बीमारी है, जो शरीर की रक्त को थक्का बनाने की स्वाभाविक क्षमता को छीन लेती है। इसमें क्लॉटिंग फैक्टर्स की कमी या अनुपस्थिति के कारण मामूली चोट भी अनियंत्रित रक्तस्राव का कारण बन सकती है। यह रक्तस्राव बाहरी ही नहीं, आंतरिक भी हो सकता है, जो जोड़ों, मांसपेशियों और अंगों में दर्दनाक सूजन और कभी-कभी स्थायी क्षति तक ले जाता है। यह रोग मुख्य रूप से पुरुषों को प्रभावित करता है, क्योंकि यह X गुणसूत्र से जुड़ा है, लेकिन महिलाएं न केवल इसकी वाहक होती हैं, बल्कि कई बार स्वयं भी इसके लक्षणों से जूझती हैं। समय पर निदान और उपचार न हो, तो यह बीमारी जीवन के लिए खतरा बन सकती है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जो न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरे निशान छोड़ती है। 2025 का विश्व हीमोफीलिया दिवस एक ऐसी थीम के साथ सामने आया है, जो समावेशिता और समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है-"सभी के लिए पहुंचः महिलाएं और लड़कियां भी रक्तस्राव से पीड़ित होती हैं"। यह थीम उन अदृश्य पीड़ाओं को आवाज देती है, जिन्हें समाज और चिकित्सा जगत ने लंबे समय तक अनदेखा किया। परंपरागत रूप से यह धारणा रही है कि हीमोफीलिया केवल पुरुषों की बीमारी है, लेकिन आधुनिक शोध और चिकित्सा प्रगति ने इस मिथक को तोड़ा है। महिलाओं और लड़कियों में माहवारी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, प्रसव की जटिलताएं, या छोटी चोटों पर असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षण अब अनदेखे नहीं रह सकते। यह थीम हमें याद दिलाती है कि रक्तस्राव विकारों का दायरा लिंग से परे है, और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को समय पर जांच, निदान और उपचार का समान अधिकार है। दुर्भाग्यवश, आज भी विश्व के कई हिस्सों में हीमोफीलिया के प्रति जागरूकता और उपचार के संसाधनों का अभाव है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां आर्थिक तंगी, सामाजिक रूढ़ियां और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इस बीमारी को एक अभिशाप बना देती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए, यह रोग केवल शारीरिक पीड़ा ही नहीं, बल्कि सामाजिक बहिष्कार और मानसिक तनाव का कारण भी बनता है। ऐसे में "सभी के लिए पहुंच" जैसी थीम न केवल एक नारा है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य नीतियों में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने की एक पुकार है। यह हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारा समाज और स्वास्थ्य तंत्र वाकई में हर उस व्यक्ति तक पहुंच पा रहा है, जिसे इसकी जरूरत है? विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर विश्व भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम इस जागरूकता को और गहरा करते हैं। जनजागरूकता रैलियां, मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, चिकित्सा कार्यशालाएं और वेबिनार्स के माध्यम से लोग इस रोग के लक्षणों, कारणों और उपचार के बारे में जानते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित शैक्षिक सत्र नई पीढ़ी को इस बीमारी को समझने और इसे समय पर पहचानने के लिए तैयार करते हैं। इसके साथ ही, यह दिन उन परिवारों और व्यक्तियों के लिए एक मंच बनता है, जो इस रोग के साथ जी रहे हैं। उनकी कहानियां, उनके संघर्ष और उनकी जीत हमें प्रेरित करते हैं कि सहानुभूति और सहयोग से जीवन को और बेहतर बनाया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

गृहलक्ष्मी, पत्नी हुई, केवल स्त्री रूप।
कीली से उतरी धरा, बचे न कोई रूप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444


**संपादक**

# झारखंड भाजपा : जड़ों से जागरण की ओर

भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। इस दावे के विपरीत यह झारखंड में खुद को साबित करने के लिए आज संघर्ष करती नजर आ रही है। यहाँ के लिए यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है क्योंकि यहाँ की जातीय, क्षेत्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विविधताएँ अत्यंत जटिल हैं। इस जटिलता के कारण भाजपा से गुटबंदी, प्रभाव और समीकरणों के बजाय विचारधारा और समर्पण की अपेक्षा की जाती है। कैडर की दृष्टि से देखें तो 25 से 50 बूथों पर एक मंडल है और हरेक मंडल पर 25 से 50 हजार मतदाताओं को प्रभावित करने का दायित्व है। ऐसे में इस कैडर से सघन जनसंपर्क, स्थानीय समझ, सामाजिक नेतृत्व व समर्पण की अपेक्षा की जाती है। इस अपेक्षा को कभी भी गुटबंदी और समीकरणों के नाम पर उपेक्षित नहीं किया जा सकता। दुर्भाग्यवश भाजपा के सामने आज यह हकीकत एक संकट बनकर सामने आ खड़ा हुआ है जिसके लिए गंभीरता के साथ आत्ममंथन की जरूरत महसूस की जा रही है। इसके विपरीत जो तथ्य सामने हैं उसके अंतर्गत पार्टी के कर्मठ, समर्पित और प्रभावशाली मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं के उपेक्षा और संगठन विस्तार में अंतर्विरोधों की बातें सार्वजनिक हो रही हैं। इसे स्पष्टता के समझने के लिए सैंपल के तौर पर विभिन्न क्षेत्रों के उन प्रतीकों का उदाहरण लिया जा सकता है जहाँ सामाजिक पकड़, संगठनात्मक सक्रियता, क्षेत्रीय संवाद क्षमताआदि के बल पर संगठन का सीमांत कार्यकर्ता भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने की तपस्या में वर्षों से लगा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में भाजपा को जिन क्षेत्रों में रणनीतिक नुकसान हुआ है उसे केवल आंकड़ों से नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल, सामाजिक समीकरण और विपक्ष को मिले नए अवसरों से समझा जा सकता है। सैंपल के तौर पर तथ्य की शुरुआत रामगढ़ नगर मंडल से करते हैं जहाँ एक छोटे से कार्यकर्ता अभिषेक सिंह व उनके परिवार की पारंपरिक पकड़ को वार्ड नंबर 5, 7 और 9 में काफी प्रभावशाली माना जाता है। इन्हें दल से निकाल दिया गया और अब कांग्रेस को इस क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावनाएं बढ़ गई है। इसी तरह मांडू मंडल के संदीप चौधरी के निष्कासन से चुरचू पंचायत में भाजपा के पिछड़ा वर्ग संपर्क अभियान का कार्यक्रम अब कमजोर होने की कगार पर है जबकि कुछ इसी तरह से चास मंडल के लिए समर्पित विकास वर्मा के निष्कासन के बाद आजसू और टीएमसी जैसे दलों के लिए वैकल्पिक संभावना बढ़ गई है। ब्राह्मण, कायस्थ व वैश्य समुदाय के शहरी आबादी के बीच भाजपा की सशक्त उपस्थिति के माध्यम बने गिरीडीह शहरी मंडल के प्रमोद सिंह और कोडरमा के यादव समाज में अति लोकप्रिय व नगर मंडल के सुरेश यादव के निष्कासन से अब तत्संबंधी पॉकेट में आरजेडी व जेएमएम को स्थापित होने का अवसर हाथ लग रहा है। इसी तरह मुस्लिम व पिछड़ी जातियों में सक्रिय साहबगंज नगर मंडल के राजीव कुमार, युवाओं के बीच अति लोकप्रिय देवघर शहरी मंडल के नवीन कुमार, अनुसूचित जातियों व भूमिहार जाति के मतदाताओं के साथ सीधे संवाद की क्षमता रखने वाले चतरा नगर मंडल के धीरज कुमार, सहकारिता समितियों व शिक्षक संघ के माध्यम से मजबूत जनसंपर्क बनाने की कला में सिद्धहस्त मेदिनीनगर नगर मंडल के विनय सिंह, ओरमांझी मंडल के खिजरी विधानसभा में युवाओं से लोकप्रिय दीपक कुमार, गुमला में जनजाति समाज के कद्दावर कार्यकर्ता मिसिर कुजूर आदि कई ऐसे नाम हैं जिनके निष्कासन से अब यह कयास लगाया जा रहा है कि सीमांत स्तर पर न केवल भाजपा की जमीनी पकड़ कमजोर हो सकती है बल्कि यह सबकुछ आजसू, जेएमएम, कांग्रेस आदि दलों के लिए एक अवसर बन सकता है। निसंदेह आठ दस कार्यकर्ताओं के बूते भाजपा जैसा कोई संगठन खड़ा नहीं होता परन्तु इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इन्हीं कार्यकर्ताओं के बूते कोई संगठन अपना परचम लहराने के काबिल बनता है। मिल रही सूचनाओं के अनुसार झारखंड में अभी कम से कम 200 से अधिक वैसे कार्यकर्ता रडार पर हैं जिनकी सांगठनिक क्षमता, सामाजिक उपस्थिति, चुनावी गणित और राजनीतिक मनोविज्ञान का संदर्भ काफी महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए कि मंडल स्तर का एक कार्यकर्ता न केवल लगातार मतदाताओं को बांधे रखता है बल्कि उसे क्षेत्रीय नेतृत्व के निर्माता, समाज के भीतर संवाद का सेतु और पार्टी के विचारों का संवाहक भी माना जाता है। लाख जतन के बावजूद झारखंड में आज भाजपा सत्ता से बाहर है। यह गिरावट इस बात का प्रमाण है कि मंडल और क्षेत्रीय स्तर पर संगठनात्मक संवाद और पकड़ कहीं न कहीं कमजोर हो चुकी है। ऐसे में, भाजपा के लिए चिंता का विषय यह है कि वह कार्यकर्ताओं की भूमिका का पुनर्मूल्यांकन करे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है और उसे ही यह तय करना होगा कि सिर्फ संख्या बल के साथ बड़ा बने रहना है या फिर सामाजिक सरोकार, सांगठनिक योगदान और स्थानीय विश्वसनीयता के मानदंड पर भी बड़प्पन दिखाना है? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## नवरात्र और होली में उमड़ता है भक्तों का जनसैलाब

चौसट्टी घाट के क्षेत्र में स्थित मंदिर में मां महिषासुर मर्दिनी और मां काली का स्वरूप भी स्थित है, जहां प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। नवरात्र और होली में यहां पर भक्तों का तांता देखने को मिलता है। मान्यता है कि बिना माता को गुलाल चढ़ाए होली की शुरुआत नहीं होती है। वहीं, चौसट्टी घाट का निर्माण इसी नाम से बंगाल के राजा प्रतापादित्य ने सोलहवीं शताब्दी में कराया था। जर्जर होने पर 18वीं शताब्दी में बंगाल के राता दिग्पतिया ने इसका फिर से निर्माण कराया था।

### शिव की काशी पर मोहित हो गई थीं 64 योगिनियां यहीं बस गईं

# अब चौसट्टी देवी के रूप में होती है पूजा

**वाराणसी (आईएएनएस)**

देखी तुमरी काशी, जहां विराजैं विश्वनाथ विश्वेश्वरजी अविनाशी" हिंदी साहित्यकार भारतेन्दू हरिश्चंद्र की यह कविता काशी की सुंदरता का उल्लेख करती है। इसी सुंदरता और निरालेपन को देखने के लिए हर साल 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक शिवनगरी पहुंचते हैं। धार्मिक ग्रंथ बताते हैं कि 64 योगिनियां भी काशी आई थीं। मगर, उन्हें यह नगरी इतनी प्रिय लगी कि वे यहीं पर रह गईं। माता की चौसट्टी देवी के रूप में पूजा होती है। स्कंद पुराण के काशीखंड में वर्णित है कि चौसट्टी माता के दर्शन-पूजन से पाप नष्ट हो जाते हैं। नवरात्र में इनकी आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। चौसट्टी घाट स्थित चौसट्टी या चौसठ योगिनी मंदिर के पीछे की कथा भी बहुत सुंदर है। ज्योतिषाचार्य, यज्ञाचार्य एवं वैदिक कर्मकांडी पं. रत्नेश त्रिपाठी ने महिमा का बखान किया।

पं. रत्नेश त्रिपाठी ने बताया, "मान्यता है कि आनंदवनम या काशी में प्राचीन काल में दिवोदास नाम के राजा थे, जो धार्मिक प्रवृत्ति के थे लेकिन उन्हें भगवान शिव की आराधना पसंद नहीं थी। उन्होंने देवताओं के सामने शर्त रखी थी कि यदि शिव काशी छोड़ कर चले जाएं तो वे काशी को स्वर्ग की तरह बना देंगे। इस पर देवताओं ने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि वे काशी छोड़ कर कैलाश चले जाएं। भोलेनाथ ने उनकी प्रार्थना मान ली और कैलाश पर्वत पर जाकर रहने लगे। उन्होंने आगे बताया, "कुछ दिनों के बाद बाबा विश्वनाथ ने 64 योगिनियों को काशी भेजा। योगिनियों को काशी इतनी भा गई कि उन्होंने यहीं पर रहने की प्रार्थना भोलेनाथ से की। इन्हीं को चौसट्टी देवी के रूप में पूजा जाता है। काशी के निवासी ज्ञानेश्वर पाण्डेय ने बताया, "मंदिर में महिषासुर मर्दिनी और चौसट्टी माता की प्रतिमा स्थापित है, जिनके दर्शन-पूजन से पुण्य की प्राप्ति होती है। मंदिर परिसर में मां भद्र काली की भी प्रतिमा है, मान्यता है कि दर्शन-पूजन से समस्त मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।



## सतपीर दरगाह पर चला बुलडोजर हाईकोर्ट के आदेश पर की गई कार्रवाई

**नासिक (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र के नासिक में मंगलवार को अवैध निर्माण हटाने के दौरान हिंसक झड़प में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। नासिक महानगरपालिका ने बुलडोजर कार्रवाई की, जिसका भारी विरोध किया गया। भारी संख्या में जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। हाईकोर्ट के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई, लेकिन जैसे ही इसे अंजाम देने की शुरुआत हुई, भीड़ ने इसका तीव्र विरोध किया। इसके बाद, मंगलवार रात हाईकोर्ट के निर्देशानुसार दरगाह ट्रस्टियों ने दरगाह को खुद हटाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, भीड़ ने उन मुस्लिम नेताओं पर भी हमला किया जो लोगों को शांत कराने पहुंचे थे। स्थिति को काबू में करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। इस हिंसा में कुल 21 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और पुलिस के तीन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। काफी मशक्कत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। बुधवार सुबह दरगाह को पूरी तरह से गिरा दिया गया।

## आर्मी में भर्ती होना चाहता था नाबालिग परिजनों ने मना किया तो घर से भागा

**नोएडा(आईएएनएस)**

नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र से लापता हुए एक 16 वर्षीय किशोर को पुलिस ने अपनी सतर्कता और तत्परता से बुधवार को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया। यह घटना 14 अप्रैल की है, जब लड़के के पिता ने थाने में शिकायत देकर सूचना दी कि उनका पुत्र सुबह घर से कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन न तो वह कोचिंग पहुंचा और न ही घर वापस लौटा।

परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया, जिसमें किशोर सुबह घर से कोचिंग के लिए निकलता हुआ दिखाई दे रहा था। लेकिन, उसके बाद न वह कोचिंग पहुंचा और न ही कोचिंग से वापस घर लौटा। जब परिजनों ने लड़के के घर लौटने का काफी इंतजार किया तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके साथ ही थाना प्रभारी के निर्देश में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसे किशोर की तलाश की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने सबसे पहले आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों से भी पूछताछ कर आवश्यक जानकारियां जुटाई।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता

# दो खूंखार नक्सली ढेर 13 लाख का इनाम था

**छत्तीसगढ़ (आईएएनएस)**

छत्तीसगढ़ में कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा पर किलम-बुरगुम के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद मुठभेड़ स्थल से दो खूंखार नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

मारे गए नक्सलियों की पहचान बस्तर ईस्ट डिवीजन के खूंखार माओवादी कमांडर डीवीसीएम हलदर (8 लाख का इनाम) और एसीएम रामे (5 लाख का इनाम) के रूप में हुई। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एके-47 राइफल, एक अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों का दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज ने इस सफल ऑपरेशन की पुष्टि की है।

**एक महिला नक्सली भी ढेर, शिनाख्त मु हुई पुष्टि**

बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान कर ली गई थी, जिसमें एक महिला नक्सली भी शामिल थी। शिनाख्त किए गए माओवादियों में पांच लाख रुपये के इनामी माटवाड़ा एलओएस कमांडर एसीएम अनिल पूनेम के अलावा, एक-एक लाख रुपये के इनामी नक्सली पालो पोड़ियाम और दीवान मड़कम शामिल थे। अनिल पूनेम को अम्बेली ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जाता है और वह लंबे समय से सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ था।



पालो पोड़ियाम और दीवान मड़कम की भी हुई पहचान

कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा से सटे किलम-बुरगुम के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम मंगलवार (15 अप्रैल) को माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।

मंगलवार शाम को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल से दो नक्सली कैडरों के शव बरामद हुए। मारे गए खूंखार माओवादी हलदर और एसीएम रामे दोनों पर कुल 13 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज के अनुसार, क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है।

## पुरानी रंजिश को ले गोलीबारी, 20 खोखा के साथ 2 आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बिहार गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के 20 खोखे भी बरामद किए। काशीचक के थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कई लोग हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र भवानीपुर और लीला बीघा गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में खुलेआम हथियार लहराकर कई राउंड फायरिंग करते लोग नजर आ रहे हैं।एसपी अभिनव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया, जिसके बाद इलाके में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया।

## जमशेदपुर में मकान की तीसरी मंजिल पर बेडरूम में घुसा सांड, मचाया उत्पात



**जमशेदपुर (आईएएनएस)**

जमशेदपुर के सोनारी इलाके में एक सांड की वजह से घंटों अफरा-तफरी मची रही। सांड एक मकान का दरवाजा खुला पाकर न सिर्फ अंदर घुस आया, बल्कि सीढ़ियों से मकान की तीसरी मंजिल पर जा पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया। मोहल्ले के लोगों की लाख मशक्कत के बाद सांड नीचे नहीं उतरा। करीब चार घंटे बाद सांड को एक क्रेन के सहारे छत के रास्ते से नीचे उतारा गया। बताया गया कि सोनारी आदर्श नगर के न्यू ग्वाला बस्ती के रिहायशी इलाके में बुधवार को तीन सांड सड़क पर आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान एक सांड मनोज यादव नामक शख्स के घर के अंदर दाखिल हो गया। उसे निकालने की कोशिश की गई तो वह बाहर निकलने के बजाय सीढ़ियों से होता हुआ तीसरी मंजिल पर स्थित बेडरूम में जा पहुंचा। उसने बेडरूम के सामान इधर-उधर कर दिए। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले के सैकड़ों लोग घर के अंदर और बाहर इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने सांड की गर्दन में रस्सी बांधकर नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। बाद में 'बजरंग दल' संगठन से जुड़े लोगों ने एक क्रेन बुलाया।

### महादेव सट्टेबाजी ऐप केस

## ईडी की कई राज्यों में बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को 'ईजमाईट्रिप' के संस्थापक निशांत पिट्टी के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर फिर से छापेमारी की है। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर स्थित ठिकानों पर हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में निशांत पिट्टी के ठिकानों सहित कई राज्यों में नए सिरे से छापेमारी की। ईडी इसके पहले भी इस मामले में छापेमारी कर चुकी है। यह मामला तब सामने आया था जब ईडी ने कुछ साल पहले दावा किया था कि छत्तीसगढ़ के कई राजनेता और नौकरशाह ऐप से जुड़े अवैध संचालन और उसके बाद हुए मौद्रिक लेनदेन में कथित रूप से शामिल हैं। ईडी ने पहले भी यह दावा किया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग' गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के संबंध में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## चुनाव आयोग ने पहली बार 'बीएलए' को दिया प्रशिक्षण बिहार के 280 एजेंट्स शामिल

**नई दिल्ली ।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी। ईसीआई की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) के लिए प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए हिस्सा ले रहे हैं।

## मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में घटनाएं घटीं, लेकिन तोड़ मरोड़कर किया गया पेश : ममता बनर्जी

**कोलकाता (आईएएनएस)**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर बुधवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में इमामों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इमामों को संबोधित करते हुए माना कि मुर्शिदाबाद के कुछ इलाके अशांत रहे, कुछ घटनाएं हुईं।

सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि झूठी खबरें फैलाकर पश्चिम बंगाल को बदनाम किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं हर धर्म के सम्मान की बात करती हूं। हम राज्य में हिंदू-मुसलमान नहीं होने देंगे, मैं हाथ जोड़कर शांति की अपील करती हूं। सीएम ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं पर भी हमला हुआ। पार्टी कार्यालय पर भी हमला किया गया। मुर्शिदाबाद में बीते दिनों जिस तरह हिंसा हुई, वह एक योजना के तहत की गई। आज इस देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह भाजपा का नहीं, भारत का संविधान है। ममता बनर्जी ने कहा, "मुर्शिदाबाद जिले के कुछ इलाकों में वक्फ अधिनियम को लेकर थोड़ी बहुत घटनाएं जरूर हुई है, लेकिन इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि टीएमसी ने वक्फ कानून के खिलाफ संसद में सबसे मुखर होकर लड़ाई लड़ी, लेकिन अफवाहें फैलाकर पार्टी को बदनाम किया जा रहा है। इसके अलावा ममता बनर्जी ने भाजपा पर बाहरी लोगों को बुलाकर हिंसा का आरोप लगाया।

# दो महिलाओं से लूट, बलात्कार व हत्या

### 5 में से 4 दोषी अपना पूरा जीवन जी कर मर गये

**संवाददाता**

**प्रयागराज।** मामला अप्रैल 1979 का है, जब आरोपी ललितपुर के बटवाहा गांव में एक घर में घुसे, कीमती सामान लूटे, वहां उन्होंने दो महिलाओं के साथ बलात्कार भी किया, जिनमें से एक की बाद में मौत हो गई , एक अन्य महिला की हत्या कर दी।इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 42 वर्ष से ज़्यादा समय बाद सजा सुनाई। बचे एक आरोपी जो 74 साल की हो गया है , को बलात्कार व हत्या के मामले में अपनी शेष सजा काटने के लिए अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है। जिसमें उसे चार अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराए जाने के 42 वर्ष से अधिक समय बाद सजा सुनाई गई थी।बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक 23 अप्रैल, 1983 को पांचों आरोपियों को बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि,





उनकी अपील लंबित रहने के दौरान 2 मई, 1983 को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस बीच, चार आरोपियों की मृत्यु हो गई और उनकी अपील को खारिज कर दिया गया।लंबित अपीलों पर विचार करते हुए जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस डॉ. गौतम चौधरी की पीठ ने मामले पर निर्णय में हुई देरी पर खेद व्यक्त किया।पीठ ने कहा कि कोर्ट विशेष रूप से पक्षकारों और आमतौर पर समाज के समक्ष खेद व्यक्त करती है कि इस अपील की सुनवाई में 42 साल लग गए। पांच दशकों की बहुत लंबी अवधि में पक्षों को न्याय नहीं मिला है। चार आरोपी/अपीलकर्ता – वीर सिंह, गंगाधर, धर्मलाल और बंधु न्याय मिलने के बिना ही मर चुके हैं। पीड़ित भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में आदर्श रूप से अदालतों को वास्तविक समय में न्याय देने की आवश्यकता होती है। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने चार साल के भीतर अपना फैसला सुना दिया था और उसके बाद जिम्मेदारी हाई कोर्ट पर आ गई थी।कोर्ट ने कहा कि उस अधूरे कार्य का अफसोस अभी भी बना हुआ है। हालांकि, अब चाहे इससे संबंधित पक्षों, खास तौर पर और आमतौर पर समाज को जो भी मतलब हो, न्याय होना ही चाहिए, भले ही इसमें देरी हो।गुण-दोष के आधार पर हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में जो कुछ भी हुआ, उससे अधिक जघन्य और बर्बर कुछ भी नहीं हो सकता। कोर्ट ने इस बात की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पाए कि एकमात्र जीवित बचे दोषी बाबू लाल ने एक महिला के साथ बलात्कार किया था और उसके साथ मारपीट की थी। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 396 (हत्या के साथ डकैती) के तहत उसकी दोषसिद्धि की भी पुष्टि की गई।कोर्ट ने आदेश दिया कि यह ध्यान में रखते हुए कि किए गए अपराध की जघन्य प्रकृति मुकदमे में विधिवत साबित हो चुकी है, आरोपी अपीलकर्ता को सजा के सवाल पर कोई दया या नरमी नहीं मिलनी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि वह मुश्किल से चार साल तक ही जेल में रहा, जिसके बाद उसे इस अपील के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस प्रकार, निचली अदालत द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि की जाती है।अदालत ने लाल को तत्काल आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। ऐसा न करने पर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ललितपुर को शेष सजा काटने के लिए उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

## रील व सोशल मीडिया के कारण लोग खो रहे धैर्य व एकाग्रता

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया, रील, फोन व इंटरनेट की लत ने बच्चों से लेकर बड़ों तक के जीवन में जहर की तरह काम करना शुरू कर दिया है। इसके कारण 10 वर्ष में लोगों में एकाग्रता का स्तर 30 मिनट से घटकर 7 सेकंड तक आ गया है। एकाग्रता की कमी उन्हें धैर्य की कमी की ओर धकेल रहा है। जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह व अवसाद जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ने के साथ ही याददाश्त की कमी व कम उम्र में भूलने की बीमारी बढ़ने लगी है। इस बारे में एक शोध के बाद एम्स के मनोचिकित्सक डाक्टर नंद कुमार, डाक्टर दीपिका व डाक्टर निषाद अहमद ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।डाक्टर नंद ने बताया कि इंटरनेट पर ज्यादा समय बिताना विशेषकर रील व अन्य सोशल मीडिया पर लोगों के एकाग्रता व धैर्य को खतरनाक स्तर तक खो रहा है। यह बच्चों को तो गंभीर खतरों की ओर ले जा रहा है। शोध में यह पता चला है कि इंसानों के एकाग्रता का जो स्तर व समय जो आज से 10 साल पहले 20 से 30 मिनट तक था वह अब घटकर मात्र सात सेकंड रह गया है। उन्होंने बताया कि इंसान की



- **एकाग्रता पहले 30 मिनट थी अब मात्र 7 सेकंड रह गई है**
- **यह विशेषकर बच्चों को गंभीर खतरों की ओर ले जा रहा है**

एकाग्रता इतनी ज्यादे भंग हुई है कि यह अब गोल्ड फिश से भी कम रह गई है। गोल्ड फिश की एकाग्रता नौ सेकंड है।डाक्टर नंद ने बताया कि उन्होंने बच्चों को इससे बचाने के लिए 'मेट फाइव परियोजना' बनाई है जिसमें पांच गतिविधियों से बच्चों का बेहतर विकास संभव है। बाल मनोरोग से बच्चों को बचाने के लिए तैयार की गई खास कार्यशाला 'मेट फाइव' को दिल्ली के चार स्कूलों में चलाया गया। सफलता मिलने के बाद एम्स दिल्ली ने मेघालय के 20 स्कूलों में 'मेट फाइव पायलट' परियोजना शुरू की है जो बच्चों की सामाजिक मेलजोल आपसी संबंध व मानसिक सेहत सभी को बेहतर करके अच्छा इंसान बनाने में मदद कर रहा है। एम्स ने ऐसे बच्चों को पुरस्कृत किया।

## कांग्रेस का ईडी ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन, दफ्तर के बोर्ड पर कालिख पोती

**पटना (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड के मुद्दे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में बिहार कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पटना में ईडी दफ्तर के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी दफ्तर के बाहर लगे बोर्ड पर स्प्रे से कालिख पोती और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मार्च करते हुए पटना स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कहा, "जिस तरह से ईडी भाजपा की एजेंसी बनकर काम कर रही है। जिस तरीके से ईडी द्वारा दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई हो रही है, वह गलत है।

**आज का मैच**
मुंबई इंडियंस Vs सनराइजर्स हैदराबाद
दिनांक: 17 अप्रैल गुरुवार | स्थान: दिल्ली | 7:30 बजे से

## एक नजर

### सुरुचि सिंह ने लगातार दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में जीता गोल्ड

**लीमा (पेरू)।** युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया। ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है। पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।

### चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 17 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष व महिला) और बास्केटबॉल (पुरुष व महिला) टूनार्मेंट का आयोजन गुरुवार, 17 अप्रैल से होगा। यह आयोजन दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि हॉकी ओलंपियन और हॉकी वर्ल्ड कप 1975 की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक दीवान करेंगे। इस अवसर पर पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वढेरा और मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। खालसा कॉलेज की डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन सुश्री इंदरप्रीत कौर नंदा के अनुसार यह टूनार्मेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में 6 टीमें और महिला वर्ग में 4 टीमें भाग ले रही हैं।पुरुष वर्ग लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में होगा और महिला वर्ग राउंड रॉबिन लीग फॉर्मेट में होगा।

### भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए सात देशों की दौड़ में कनाडा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल ने आधिकारिक तौर पर चार महाद्वीपों के सात देशों और क्षेत्रों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त करने की पुष्टि की है। कनाडा और नाइजीरिया पहले ही भारत के साथ मिलकर प्रतिष्ठित बहु-खेल आयोजन की मेजबानी करने की अपनी इच्छा सार्वजनिक रूप से व्यक्त कर चुके हैं। दो अन्य अनाम देशों ने भी 2030 खेलों की मेजबानी में रुचि दिखाई है, जबकि न्यूजीलैंड कथित तौर पर दीर्घकालिक मेजबानी पाइपलाइन के हिस्से के रूप में 2034 संस्करण पर नजर गड़ाए हुए है।

## क्षितिज नवीद कौल ने 10-अंडर 60 के कोर्स रिकॉर्ड के साथ कुतुब गोल्फ कोर्स में धूम मचा दी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल ने 10-अंडर 60 का सनसनीखेज कोर्स रिकॉर्ड स्कोर बनाया और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के कैलेंस ओपन 2025 के आधे चरण में कुल 12-अंडर 128 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। चौबीस वर्षीय क्षितिज (68-60), चार खिताबों के विजेता, जो पहले राउंड के बाद 23वें स्थान पर थे, ने बुधवार को एक ईगल और आठ बर्डी लगाई, जिससे 22 स्थान ऊपर उठे और दूसरे राउंड की बढ़त हासिल की।

महू के दिग्गज खिलाड़ी मुकेश कुमार ने 2005 में कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित डीडीए ओपन में 11 अंडर 59 का स्कोर दर्ज किया था। हालांकि, 2018 में कोर्स को फिर से तैयार किया गया और इसमें बदलाव किए गए। क्षितिज का 10 अंडर 60 का असाधारण प्रयास नए कोर्स रिकॉर्ड के रूप में गिना जाएगा।

चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने पहले राउंड में 65 का स्कोर बनाया और दूसरे राउंड में 64 का स्कोर बनाया। वे दो पायदान ऊपर चढ़कर 11 अंडर 129 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के ही एक अन्य पेशेवर खिलाड़ी युवराज संधू ने लगातार दूसरी बार 65 का स्कोर बनाया और एक पायदान ऊपर चढ़कर 10 अंडर 130 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## अभिषेक शर्मा को रोक सकती है मुंबई इंडियंस की तेज गेंदबाजी तिकड़ी



एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को मेजबान मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें छह मैचों में चार-चार मैच हारकर अंक तालिका के निचले हिस्से में विराजमान हैं और इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर वे इस स्थिति को सुधारना चाहेंगे। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर।

**अभिषेक शर्मा बनाम मुंबई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी**

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पंजाब किंग्स के खिलाफ एक आतिशी शतक लगाकर आ रहे हैं, जहां उनकी टीम को एक लगभग असंभव जीत भी मिली थी। हालांकि एमआई के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि एमआई की तेज गेंदबाजी तिकड़ी दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ वे दो-दो बार आउट हुए हैं और चाहर के खिलाफ 158 के स्ट्राइक रेट को छोड़ दिया जाए, तो बाकी दोनों के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम का है। बुमराह के खिलाफ तो अभिषेक सिर्फ 59 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

**शमी कर सकते हैं रोहित और हार्दिक को परेशान**

मोहम्मद शमी का इस साल का आईपीएल बहुत मिला-जुला रहा है और एमआई के खिलाफ यह मैच भी मिला-जुला रह सकता है क्योंकि एमआई के कुछ बल्लेबाजों के खिलाफ तो वह बेहतरीन रिकॉर्ड रखते हैं, लेकिन कुछ बल्लेबाजों ने उनकी जमकर खबर भी ली है। रोहित शर्मा शमी के खिलाफ क्ढछ में तीन बार आउट हो चुके हैं, जबकि रोहित उन पर सिर्फ 112 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। एमआई के कप्तान हार्दिक भी उनके खिलाफ तीन बार आउट हो चुके हैं।

### यह मेरे आईपीएल कोचिंग करियर की सबसे बड़ी जीत : पोंटिंग

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग आईपीएल 2014 से ही किसी ना किसी आईपीएल टीम के कोच रहे हैं, लेकिन उन्होंने एक लो स्कोरिंग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली जीत को अपने कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत करार दिया है। इस मैच में पंजाब किंग्स की टीम ने 112 के छोटे से लक्ष्य का बचाव किया, जो कि आईपीएल इतिहास में सबसे छोटे लक्ष्य के बचाव का रिकॉर्ड है। इस मैच में पंजाब की टीम को 16 रनों की जीत मिली, उनके गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 95 रन पर ऑलआउट कर दिया। पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' कहा। मैच समाप्त होने के तुरंत बाद ब्रॉडकास्टर से उन्होंने कहा, अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगा। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता।

# दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को दी 189 की चुनौती



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अभिषेक पोरेल (49), के एल राहुल (38), कप्तान अक्षर पटेल (34) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) की उपयोगी पारियों से दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं बन पायी लेकिन दिल्ली के बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 77 रन जुटाए। संदीप शर्मा का पारी का आखिरी ओवर कुछ लम्बा रहा। इस ओवर में संदीप ने कुल 11 गेंदें फेंकी और दिल्ली को 19 रन दिए। महीश तीक्षणा ने पारी की आखिरी गेंद पर स्टब्स का आसान सा कैच टपकाया।

काफी तगड़ी फिनिश मिल गई है दिल्ली को और उनके पास एक अच्छा स्कोर हो गया है। अक्षर पटेल और स्टब्स की पारियां उन्हें 188 के स्कोर तक ले जाने के लिए सबसे अहम रही। अंतिम पांच ओवर में दिल्ली ने 77 रन हासिल किए। राजस्थान ने कुछ कैच गिराए और मिसफील्ड भी हुई। इसने भी दिल्ली की मदद की।

अक्षर पटेल ने 14 गेंदों पर 34 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए जबकि स्टब्स ने 18 गेंदों पर नाबाद 34 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। अभिषेक पोरेल ने 37 गेंदों पर 49 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। पिछले मैच में शानदार पारी खेलने वाले करुण नायर इस बार खाता खोले बिना रन आउट हो गए।

के एल राहुल ने 32 गेंदों पर 38 रन में दो चौके और दो छक्के लगाए। अक्षर पटेल ने स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। स्टब्स ने फिर छठे विकेट की अविजित साझेदारी में आशुतोष शर्मा के साथ 42 रन जोड़े और दिल्ली को 188 तक पहुंचाया। आशुतोष 15 रन पर नाबाद रहे।

राजस्थान की तरफ से जोफ्रा आर्चर ने 32 रन पर दो विकेट लिए जबकि महीश तीक्षणा और वानिन्दु हसरंगा को एक-एक विकेट मिला।

## हमने कुल मिलाकर ठोस प्रदर्शन किया : कोच राजिंदर



एजेंसी

**झांसी।** हॉकी पंजाब ने उत्तर प्रदेश के झांसी में हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। हॉकी पंजाब के लिए जुगराज सिंह शीर्ष फॉर्म में थे, उन्होंने टूनार्मेंट में पांच गोल करके दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में समापन किया और फाइनल में दो महत्वपूर्ण गोल भी किए। युवा सनसनी अरिजीत सिंह हुंदल ने भी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने नाम तीन गोल किए।

हॉकी पंजाब ने 2023 में टूनार्मेंट जीता था। हालांकि, पिछले संस्करण में, वे हॉकी महाराष्ट्र से क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। इस बार कप्तान हार्दिक सिंह और कोच राजिंदर सिंह की अगुआई में हॉकी पंजाब ने फिर से चैंपियनशिप अपने नाम की।

पंजाब डिवीजन 1, पूल ए स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रहा, जो हॉकी मध्य प्रदेश से तीन अंक पीछे था, जिसने उन्हें टूनार्मेंट में अपनी एकमात्र हार दी थी। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब ने हॉकी हरियाणा पर 3-2 से जीत हासिल की, उसके बाद सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की।

अपनी पिछली हार के बावजूद, हॉकी पंजाब ने सुनिश्चित किया कि वे अपनी गलतियों से सीखें और फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को आसानी से हरा दें।

टूनार्मेंट पर विचार करते हुए, कोच राजिंदर सिंह ने कहा, यह हमारे लिए बहुत अच्छा टूनार्मेंट था, और हमने कुल मिलाकर एक ठोस प्रदर्शन किया।

## टेस्ट क्रिकेट छोड़ने की तैयारी में नहीं है रोहित शर्मा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में बड़ा बयान दिया है जिसमें उन्होंने सभी क्रिकेट प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी20 को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बताया। रोहित ने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से देश का प्रतिनिधित्व करना सर्वोच्च और किसी भी प्रारूप में सबसे महत्वपूर्ण था। मैं टेस्ट क्रिकेट को टी20 क्रिकेट से ऊपर या टी20 क्रिकेट को टेस्ट क्रिकेट से ऊपर नहीं रखूंगा। मेरे लिए, तीनों प्रारूप समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह बयान इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले आया है, जो टी20 युग में टेस्ट क्रिकेट की प्रासंगिकता पर चल रही बहस के बीच उनके संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। रोहित ने यह भी संकेत दिया कि भारत की तेज गेंदबाज जोड़ी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा होंगे। रोहित ने कहा कि हम चाहते थे कि बुमराह, शमी और अन्य गेंदबाज इंग्लैंड दौरे के लिए 100 फीसदी फिट रहें। अगर हमारी टीम पूरी तरह से फिट है, तो जाहिर है कि इंग्लैंड में हमारी सीरीज शानदार होगी। इसलिए इंग्लैंड में हमारे लिए यह एक अच्छी चुनौती होगी। बुमराह ने आखिरी बार भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में खेला था।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के और करीब पहुंचा गोल्ड

**नई दिल्ली।** गोल्ड की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और बुधवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में बीते 24 घंटे में 1,477 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 1,477 रुपये बढ़कर 94,579 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 93,102 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड के दाम बढ़कर 92,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी बढ़कर 76,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर गोल्ड के 6 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का भाव 1.90 प्रतिशत बढ़कर 95,435 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गोल्ड की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई है। गोल्ड के दाम 3,320 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं।

### शेयर बाजार हरे निशान में बंद सेंसेक्स 309 अंक उछला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के करीब सभी सूचकांकों में तेजी थी। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 309 अंक या 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,044 और निफ्टी 108 अंक या 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 371 अंक या 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,345 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 169.95 अंक या 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,349 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईटीसी, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। मारुति सुजुकी,बजाज फाइनेंस और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे।

## स्कैम से बचने के लिए पीडब्ल्यूसी ने एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद किया : एफटी रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑडिट दिग्गज पीडब्ल्यूसी ने जोखिमपूर्ण या लाभहीन मानते हुए एक दर्जन से अधिक देशों में परिचालन बंद कर दिया है। बुधवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य हाल ही उसके अकाउंटिंग नेटवर्क को प्रभावित करने वाले स्कैम से बचना है।

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में बढ़ते मतभेदों के बाद पीडब्ल्यूसी ने अफ्रीका में अपने स्थानीय साझेदार 10 सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए।



रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लीडर्स ने कहा कि उन्होंने हाल के वर्षों में अपने एक तिहाई से ज्यादा बिजनेस खो दिए हैं, क्योंकि पीडब्ल्यूसी के वैश्विक अधिकारियों ने उन पर जोखिमपूर्ण ग्राहकों को सेवाएं देना बंद करने का दबाव डाला था।

पीडब्ल्यूसी संस्थाओं और स्थानीय समाचार रिपोर्ट्स के एक रजिस्टर के अनुसार, पीडब्ल्यूसी ने जिम्बाब्वे, मलावी और फिजी में अपने सदस्य फर्मों के साथ संबंध तोड़ लिए हैं। ऑडिट फर्म के लिए एक और शर्मिंदगी की बात यह है कि चीन के वित्त मंत्रालय और चाइना सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमिशन ने पीडब्ल्यूसी की चीन इकाई पर रिकॉर्ड 441 मिलियन युआन (62 मिलियन डॉलर) का जुमार्ना लगाया और संपत्ति की दिग्गज कंपनी एवरग्रांडे के ऑडिट को लेकर छह महीने का सस्पेंशन किया।

यह कार्रवाई एवरग्रांडे के 78 बिलियन डॉलर के धोखाधड़ी के जवाब में की गई थी। पीडब्ल्यूसी ने 2023 की शुरूआत तक लगभग 14 वर्षों तक एवरग्रांडे का ऑडिट किया। पीडब्ल्यूसी पर ऑडिट विफलताओं के लिए जुमार्ना लगाया गया था, जिसमें एवरग्रांडे की धोखाधड़ी को अनदेखा करना और अनुमोदित करना शामिल था।

## भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता : मार्क मोबियस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने बुधवार को कहा कि भारत अगर मजबूती और नीति निरंतरता के वर्तमान मार्ग पर बना रहता है, तो इसमें दुनिया की तीसरी नहीं, बल्कि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। उन्होंने आगे कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा समय में कुल जीडीपी के मामले में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान ही भारत से आगे हैं।

आईएमएफ के ताजा अनुमानों के अनुसार, भारत की रियल जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर की है, जो जापान के 4.4 ट्रिलियन डॉलर और जर्मनी के 4.9 ट्रिलियन डॉलर से मामूली रूप से कम है। जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को देखें, भारत इस साल जापान और 2027 तक जर्मनी से आगे निकल सकता है।

मोबियस ने आईएएनएस से कहा कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

उन्होंने आगे कहा, भारत की जनसंख्या अब चीन से काफी ज्यादा है। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि चीन की जनसंख्या वास्तव में 800 मिलियन या उससे कम है, जिसकी औसत आयु भारत के 1.2 बिलियन लोगों से कहीं अधिक है। मोबियस ईएम ऑपर्च्युनिटीज फंड चलाने वाले वैश्विक निवेशक ने कहा, अगर भारत आयात प्रतिबंधों को हटाने में सक्षम हो जाता है, तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होती जाएगी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार के हालिया प्रदर्शन पर मोबियस ने आईएएनएस से कहा कि अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ लगने से पहले भी भारतीय शेयर बाजार में काफी गिरावट हुई थी।

## भारत में ऑफिस लीजिंग 2025 की पहली तिमाही में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंची

नवीन मेल संवाददाता

**मुंबई।** वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में ऑफिस लीजिंग एक्टिविटी बढ़कर 19.46 मिलियन वर्ग फीट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स ने रिकॉर्ड 8.82 मिलियन वर्ग फीट जगह ली। यह जानकारी बुधवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

ग्लोबल रियल एस्टेट फर्म जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य रूप से जीसीसी द्वारा संचालित ग्लोबल ऑक्यूपायर्स लीजिंग एक्टिविटी का मुख्य आधार बना रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर टॉप सात शहरों के लिए ग्रॉस लीजिंग चेन्नई को छोड़कर सभी शहरों के लिए पैन इंडिया लेवल पर 28.4 प्रतिशत से अधिक थी।

बेंगलुरु 21.9 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ लीजिंग एक्टिविटी के मामले में लगातार चौथी तिमाही में सबसे आगे रहा, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर 21.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स द्वारा लीजिंग साल दर साल अधिक रही।



बेंगलुरु और पुणे में 'फ्लेक्स' डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स का प्रमुख सेगमेंट रहा, जिसकी डोमेस्टिक ऑक्यूपायर्स की लीजिंग में क्रमशः 70 प्रतिशत और 61.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई में बीएफएसआई का सबसे बड़ा योगदान रहा, जबकि हैदराबाद में टेक का सबसे बड़ा योगदान रहा।

# जलसहिया ने बच्चों को हाथ धुलाई के तरीके व फायदे बताए, जागरूकता बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत भजनियां की जलसहिया शकुंतला देवी की इस दौरान दायित्व के प्रति नियमित सक्रियता की बात कही गई है। उन्होंने गांव, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों की हाथ धुलाई व स्वच्छता अभियान के प्रति विशेष ध्यान दिया है। ब्लॉक वाश कॉडिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि भजनियां की जलसहिया ने पोषण पखवाड़ा के शेड्यूल को फॉलो करते हुए पोषण व स्वच्छता के प्रति खासकर, महिलाओं व बच्चों को सजग और जागरूक करने में काफी अच्छा परफॉर्मेंस दिया है। पखवाड़ा के दूसरे सप्ताह में भी उन्होंने मंगलवार को रजवार टोला में महिलाओं के साथ इस दिशा में विचार विमर्श किया था। इसके साथ ही चापाकल के आसपास सफाई अभियान चलाया। वहीं बुधवार को राजकीयकृत उमवि में पहुंचकर मान्य तरीके और फायदे बताते हुए बच्चों की हाथ धुलाई कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि हाथ धोने से डायरिया, दस्त, पेटदर्द, कुपोषण, कृमि संक्रमण, फ्लू, त्वचा संबंधित रोगों और आंख से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाथों को साबुन और बहते पानी से 20 सेकंड तक धोना फायदेमंद साबित होता है। निर्धारित तरीके से नियमित हाथ धुलाई से दस्त से बीमार होने वाले लोगों की संख्या में 31% की कमी आती है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में दस्त की बीमारियों में 58% की कमी आ जाती है। जबकि सामान्य जनसंख्या में सर्दी-जुकाम जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों में 21% की कमी हो सकता है। उन्होंने बताया कि सामाजिक तौर पर हाथ धुलाई में गरम पानी और जीवाणुरोधी साबुन का प्रयोग करनी चाहिए। गीले हाथों को अच्छी तरह से साफ करने के लिए इसको धोने की उचित विधि के रूप में 30 सेकेंड के लिए गोलाकार गति से रगड़ना चाहिए। फिर एक कागज के तौलिए अथवा साफ तौलिए में हाथ को सूखा लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने संतुलित आहार और पोषण के महत्व को लेकर बच्चों व महिलाओं के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाया है। इस जलसहिया की दायित्व के प्रति निष्ठा से इस गांव में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा मनाने की सार्थकता सिद्ध होती नजर आती है। उन्होंने अन्य जलसहियाओं के भी स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक आहार और हाथ धुलाई के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने की दिशा में सक्रियता के साथ काम करने को लेकर उनकी सराहना की है। इसमें उन्होंने रानीदेवा की पूनम देवी, अधौरा शारदा देवी, शिलापर किरण देवी, गजरही मीना देवी, माली मंजू देवी, पंचपोखरी पूनम देवी, करडंडा कविता देवी, पिपराबांध किरण देवी बटौवा अनीता देवी और गंगापुर-लंकासुर की जलसहिया प्रतिमा देवी के नाम गिनाए हैं। उन्होंने बताया कि इन जलसहियाओं की कोशिश से पोषण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढी है।

# राशन, पेंशन बंद होने से दाने-दाने को मोहताज है बुर्जुग दंपति



प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते पति और पत्नी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के पतहरिया गांव में बुजुर्ग दंपति राशन और पेंशन के लिए दो सालों से भटक रहा है। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। पेंशन और राशन के लिए दंपति प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उन्होंने लिखित रूप से आवेदन भी दिया। उसके बाद भी उनकी आवेदन पर विचार नहीं किया गया। पेंशन और राशन बंद होने से दंपति दाने-दाने को मोहताज है। पतहरिया गांव निवासी 70 वर्षीय भुलाई बियार और 65 वषीर्या पत्नी मूर्ति देवी ने बुधवार को भी प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पेंशन और राशन के लिए पदाधिकारी को आवेदन भी दिया। उसके बाद भी उनका पेंशन और राशन चालू नहीं हुआ। मूर्ति ने बताया कि पेंशन और राशन नहीं मिलने से खाने पर आफत आ गया है। बुजुर्ग दंपति का चार बेटे हैं, लेकिन कोई उन्हें खाने-पीने के लिए नहीं पूछता है। जिससे उनका जीवन काफी मुश्किल में हैं। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें राशन और पेंशन दोनों मिलता था। उसी से अपना गुजारा करते थे। वह भी बंद हो गया। कोई नहीं बता रहा है उनका राशन और पेंशन क्यों बंद हुआ। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में आवेदन भी दिए लेकिन उस पर पहल नहीं हुआ। नतीजतन काफी परेशानी में बूढ़ापे की जीवन काटने को मजबूर हैं। उनका शिकायत है कि गांव के लोग भी ऐसी स्थिति में उनका मदददगार नहीं है। वह दाने-दाने के लिए भटक रहे हैं।

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश मामले में एक गिरफ्तार, जेल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी-लोहरदगा-रांची रेल खंड पर देवनद के समीप रेलवे ट्रैक पर मिली युवती की लाश मामले में पुलिस ने युवती के दोस्त अनिप्प उंराव उर्फ अनुप उरांव पिता स्व जगेश्वर उंराव को गिरफ्तार कर कांड सं 82/25 के तहत जेल भेज दिया है। युवक को उसके घर चतरो पूरना टोली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बीते 13 अप्रैल रविवार को गेरुवागढ़ा निवासी राधिका कुमारी अपने भाई व बहन के साथ पास के ईको पार्क घूमने गई थी इसके बाद दोनों भाई बहन को घर जाने को बोलकर वे दोनों वहां से 27 नंबर पुल तक गए। वहां से लौटने के बाद राधिका को लोहरदगा-रांची रेल लाइन के देवनद स्थित रेलवे पुल के पास छोड़कर मैं चला गया।

### पलामू एक्सप्रेस अब 9 की जगह 6.30 बजे पहुंचेगी पटना

**मोहम्मदगंज।** परिवर्तित समय के अनुसार बरकाकाना-पटना 13347 अप पलामू एक्सप्रेस परिवर्तित समय के अनुसार अब सुबह 6.30 बजे पहुंचेगी। पहले यह सुबह 9 बजे पहुंचती थी। इसी प्रकार बरकाकाना से अब 21.35 की बदले 18.30 बजे खुलेगी। वहीं, डाल्टनगंज आगमन अब रात्रि 22.05 और प्रस्थान 22.10 बजे होगा। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार सिन्हा ( कोचिंग) ने इस संबंध मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। बताया जाता है कि इस सूचना के सार्वजनिक करने के बाद अब उपभोक्ताओं को इसकी तिथि और स्टॉपेज वाले स्टेशनों पर इसकी बदली हुई समय सारणी का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने इसे सांसद वीडी राम की पलामू की जनभावनाओं के हित में उठाया गया अति प्रशंसनीय कदम बताया है।

# 2268 मामले में 934 का निष्पादन : आईजी





**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले के सदर, छतरपुर, हुसैनाबाद, विश्रामपुर और लेस्लीगंज पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।मेदिनीनगर सदर पुलिस अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम टाउन थाना में हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद एवं अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

टाउन थाना, चैनपुर, सदर, सतबरवा, और रामगढ़ थाना क्षेत्र के लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी-अपनी समस्याओं को रखा और निदान करने का आग्रह किया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि पलामू प्रमंडल स्तर पर पिछले तीन बार हुए कार्यक्रम में 2268 आवेदन आए, जिसमें से डेढ़ सौ मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। 934 का निष्पादन किया गया है।

आईजी ने कहा कि लोगों को निडर होकर अपनी बात रखने के लिए इस तरह का मंच दिया जा रहा है। जनवरी में आयोजित कार्यक्रम में 40 लाख रुपए ठगी के मामले से परेशान युवक ने अपनी बात रखी थी और उस मामले में तत्परता से एक्शन लिया गया। राशि की जल्द रिकवरी होने की संभावना है।

इसी तरह अन्य मामलों में भी सक्रियता दिखाई जा रही है और थाना, इंस्पेक्टर और अनुमंडल स्तर पर समस्याओं का निदान क्यों नहीं हो रहा है। इसकी समीक्षा की जा रही है। जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की सार्थकता को समझने और बढ़-चढ़कर पार्टिसिपेट करने की जरूरत है। लोग पॉजिटिव लें और अपनी बात रखें। कोई भी काम परफेक्ट तुरंत नहीं होता है। धीरे-धीरे उसमें सुधार होता है। विश्वास में लेने की जरूरत है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि शिकायतों को प्रमुखता से रखने के लिए मंच दिया जाता है। जहां आकर लोग अपनी बात रख सकते हैं। लोग डरते हैं कि थाना जायेंगे तो परेशान होंगे। ऐसे लोगों को यहां आने की जरूरत है। यहां सीनियर अधिकारी उनकी बात को सुनते हैं और कार्रवाई करते हैं। अगर मामले का निष्पादन थाना स्तर पर होना रहता है तो उसे पांच दिनों में करने की कोशिश की जाती है। दूसरे विभाग का आवेदन रहने पर उसे अग्रसारित किया जाता है। उन्होंने लोगों से आगे आकर शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया।

## पेज एक के शेष

### आपकी मेहनत हमारी...

सोरेन ने आगे लिखा है, आपकी मेहनत ही हमारी ताकत है और आपके सपने ही हमारी प्रेरणा। हम सब मिलकर झारखंड की सेवा, विकास और न्याय के लिए नए जोश के साथ आगे बढ़ेंगे। पार्टी ने जो नया दायित्व दिया है, उसे मजबूती के साथ निभाया जाएगा। ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन को 14-15 अप्रैल को रांची में आयोजित झामुमो के 13वें महाधिवेशन में अध्यक्ष चुना गया था। 38 वर्षों तक झामुमो के अध्यक्ष रहे उनके पिता शिबू सोरेन ने स्वयं अधिवेशन में उनका नाम इस पद के लिए प्रस्तावित किया, जिसका सभी प्रतिनिधियों ने ध्वनिमत से समर्थन किया था। इसके पहले हेमंत सोरेन वर्ष 2015 से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे।

### युवा अध्यक्ष पाकर...

मंडल के 11 लोगों ने एक स्वर से समर्थन किया। इसके बाद हेमंत सोरेन केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष चुनने के बाद महाधिवेशन में उपस्थित केंद्रीय समिति के सभी सदस्यों ने उनको अधिकृत किया कि आगामी दिनों में वे नई टीम की घोषणा करें, कार्यों का बंटवारा करें और नई जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा करें। इस कारण पार्टी के अध्यक्ष हेमंत सोरेन पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आए। केंद्रीय कार्यालय में यह उनका पहला और शुभ दिन था। यहां मैंने और मेरे साथी विनोद पांडेय ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में कई कार्यकर्ता उपस्थित थे, सभी ने उनका स्वागत किया। हेमंत सोरेन ने कार्यालय का भ्रमण कर चीजों का अध्ययन किया। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, जो बरियातु में निमाणार्धीन था, अब पूर्ण होने वाला है। लगभग दो-तीन महीनों के अंदर हमलोग वहां चले जाएंगे। नए अध्यक्ष और संस्थापक संरक्षक गुरुजी उसका उद्घाटन करेंगे। कुछ सांगठनिक पहलुओं पर बातचीत भी हुई है। प्रत्येक सप्ताह यहां सरकार के जो छह मंत्री हैं, एक-एक कर यहां बैठेंगे। यहां पार्टी के कार्यकर्ता और आम लोग भी आएंगे। इसका रोस्टर बहुत जल्द सबके सामने आएगा। हेमंत सोरेन यहां आए, यह हमसबों को अच्छा लगा। उन्हें अध्यक्ष के तौर पर पाकर हम सब गौरवान्वित महसूस करते हैं। हमलोगों को युवा अध्यक्ष मिला है, नई उर्जा के साथ हमलोग काम करेंगे। लगभग एक घंटा से ऊपर उन्होंने यहां समय दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

करीब आठ लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक संपत्तियां 'वक्फ बाय यूजर' के तौर पर दर्ज हैं। उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई कि वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन के बाद इन संपत्तियों पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि जब वे दिल्ली हाईकोर्ट में थे, तब उन्हें बताया गया था कि वह जमीन वक्फ संपत्ति है। उन्होंने कहा, हमें गलत मत समझिए, हम यह नहीं कह रहे हैं कि सभी 'वक्फ बाय यूजर' संपत्तियां गलत हैं। इसके साथ ही बुधवार को दोनों पक्षों के बीच बहस होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दो बजे फिर से सुनवाई का समय दिया है।

### मुर्शिदाबाद हमले के...

यहां शरण लेने वाले एक समुदाय के लोगों में अब भी दशहत का माहौल है और आंखों में अपनों को खोने की पीड़ा है। उन पीड़ित परिवार के कई लोगों ने बुधवार को बताया कि 12 अप्रैल उन लोगों के लिए तबाही का मंजर लेकर आया। वक्फ संशोधन विधयेक के विरोध तो एक बहाना था, लेकिन हकीकत में साजिश के तहत विशेष समुदाय की सामूहिक भीड़ ने हमारे परिवारों पर एकाएक हमला कर दिया। इस दौरान हमलोगों के घर पर बम भी फेंका गया, घरों और दुकानों में लूटपाट भी की गई। उनके सामने उनके परिजन के दो लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। वे लोग लगातार पुलिस को फोन से इसकी सूचना देते रहे, लेकिन दो घंटे तक कोई भी पुलिस सहायता के लिए नहीं पहुंची। वे लोग किसी तरह से जान बचाकर अपने घरों में दुबके रहे। बाद में बहुत मुश्किल से एक एंबुलेंस के सहारे वे लोग अपनी जान बचाकर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की सरकार पर से उन लोगों का भरोसा उठ गया है। पीड़ितों ने बताया कि उन लोगों की उम्मीद तब सिर्फ केंद्र सरकार पर टिकी हुई है। अपनी जान बचाकर यहां पहुंचने वाले लोगों में 85 वर्षीय मटरी सरकार, रूपचंद सरकार, सुष्मिता सरकार, संचित सरकार, सविता सरकार, रुद्र सरकार, पार्थ मांझी, जयदेव सरकार, पूजा सरकार शिव सरकार, हृदय दास, नीलिमा दास, बापी दास, आराध्या दास आदि शामिल हैं।

### अगले सीजेआई होंगे...

महाराष्ट्र सरकार के वकील के तौर पर काम किया। 14 नवंबर, 2003 को उन्हें बांबे हाईकोर्ट का जज नियुक्त कया गया। 24 मई, 2019 को उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया। जस्टिस गवई 23 नवंबर तक देश के चीफ जस्टिस होंगे।

### गुरुग्राम जमीन मामले...

रॉबर्ट वाड्रा आज मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने घर से 2 किलोमीटर पैदल चलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी के मुख्यालय पहुंचे। वाड्रा ने रास्ते में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह मामला करीब 20 साल पुराना है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि मैं जांच एजेंसियों के कार्यालयों में 15 बार गया हूं। मुझसे एक बार में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, मैंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। फिर वे मुझसे एक हफ्ते में ये दस्तावेज फिर से जमा करने के लिए कहते हैं, यह कैसे चल सकता है? केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी हरियाणा में वर्ष 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की इस डीएलएफ जमीन घोटाले में मदद की थी।

## एनसीओआरडी कमिटी से संबंधित बैठक संपन्न

# मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री के रोकथाम का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एनसीओआरडी (नारकोटिक्स समन्वय) कमिटी से संबंधित बैठक किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय समेत अन्य संबंधित सदस्यों ने भाग लिया। एनसीओआरडी कमिटी की बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती के रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु एनसीओआरडी कमिटी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अफीम एवं गांजा की खेती को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया एवं किसी प्रकार की सूचना पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिला ड्रग इंस्पेक्टर गढ़वा को निर्देश दिया गया कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप एवं नशीली दवाओं की बिक्री न हो एवं समय-समय पर दवा दुकानों के स्टॉक की संपूर्ण जांच करें। पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी आदि करने का भी निर्देश दिया गया। जिले के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में नशा निरोधक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री आदि पर पुलिस विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। गढ़वा जिला में मादक पदार्थों की खेती की सूचना प्राप्त नहीं है एवं सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रवीश राज सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) यशोधरा, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार समेत कमिटी के अन्य सदस्यगण मौजूद थें।

# नेशनल हेराल्ड केस : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समाहणालय परिसर में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समर्थन में एक ज्ञापन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार आरोप लगाया है कि जान-बूझकर नेशनल हेराल्ड मामले केस मामले में कांग्रेस नेताओं को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि अब तक इस मामले में कोई भी ठोस तथ्य या आरोप सिद्ध नहीं हुआ है।

ज्ञापन में केन्द्र सरकार पर आरोप मढते हुए कहा गया है कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है, जिसका उद्देश्य केवल विपक्ष और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बदनाम करना है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष गूंजन उरांव ने कहा कि न तो किसी संस्था और न ही किसी व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई प्रमाण मिला है, बावजूद इसके हमारे नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी को केवल बदनाम करने की केन्द्र सरकार के द्वारा कोशिश की जा रही है। नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करना कानून के शासन का एक सौची समझी साजिश अपराध है। इस मुखौटे के पीछे केन्द्र की मोदी और शाह की सरकार हैं।

वहीं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना भाजपा सरकार की दुर्भावनापूर्ण मंशा को दशार्ता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे शीर्ष नेताओं ने देश के लिए अपना खून पसीना और सबकुछ समर्पित किया है। वे हमेशा सत्य और जनसेवा के मार्ग पर अडिग रहे हैं। यह कार्रवाई केन्द्र की बोखलाहट है और कुछ नहीं।

वहीं युवा जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की छवि धूमिल करना और लोकतंत्र में विपक्ष को कमजोर करना है। हमारी मांग की है कि इस प्रकार की बेबुनियाद कार्रवाई को रोका जाए और इस मामले में एक निष्पक्ष जांच हो।

मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुंजन उराव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, आफताब आलम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, बरवाडीह विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव, शहादत हुसैन, कांग्रेस युवा जिला महासचिव इमरान अंसारी, मिथिलेश पासवान, साजन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अफरोज आलम, फूलचंद यादव, वाजिद अंसारी, मोहम्मद यासुक, दानिस आलम, सोहेल अंसारी, कुलदीप यादव, राजीव कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार का अवैध उत्खनन के खिलाफ अभियान जारी है।अंचल अधिकारी ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अंचल पदाधिकारी अपने सहयोगियों के साथ हुसैनाबाद के सोन नदी किनारे बड़ेपुर, बुधुआ, बराही बालू घाटों पर छापेमारी की। जिसमे एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं मौके से दो ट्रैक्टर बालू गिराते हुए भागने में सफल रहे। बालू गिराने और भागने के क्रम में एक ट्रैक्टर का सीओ ने फोटो खिंच लिया हैं। जिसमें वाहन का नम्बर आ गया है, सीओ ने कहा कि जब्त ट्रैक्टर के अलावे दूसरा ट्रैक्टर जो भागने में सफल हो गया,उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा किसी भी हाल में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नही किया जाएगा। सीओ ने बताया कि इस मामले को अग्रेतर कार्रवाई के लिये विभाग को सूचना दी गई है। मालूम हो कि हुसैनाबाद क्षेत्र के सोन नदी में बालू की भरमार होने के बाद भी लोग सरकार के गलत नीतियों के कारण इसका लाभ नही ले पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जिस नदी का नाम बालू उठाव के लिए नामित है। उस नदी में बालू ही उपलब्ध नही है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता अधिक मूल्य पर बालू खरीदने को बिवस है। सरकार अगर यथाशीघ्र बालू को लेकर निर्णय नहीं लेती है, तो फिर एनजीटी का रोक लग जायेगा। जिससे हुसैनाबाद क्षेत्र का विकास कार्य पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा। फिलहाल लोग बिहार से बालू मंगाकर अपने अपने घरों का निर्माण कार्य करा रहे हैं।

# भीमचूल्हा के बोगदा पहाड़ पर रॉक गार्डन पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना

*पर्यटन व पिकनिक टाइम पर सैलानियों का लगता है जमावड़ा*



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के बोगदा पहाड़ पर रॉक गार्डन जरूरत बन गया लगता है। पर्यटन व पिकनिक टाइम में सैलानियों की पसंद बनने को देखते हुए इसे रॉक गार्डन बनाने की जरूरत बताया जाने लगा है। बताया जाता है कि पर्यटक स्थल के सामने ही स्थित बोगदा पहाड़ की ऊंचाई, चट्टान और हरियाली बरबस आकर्षित करती हैं। चाहे नव वर्ष हो अथवा मकरसंक्रांति मेला ऐसे समय में इस पहाड़ की चोटी से लेकर चहूंओर सैलानियों की टोलियां फैली नजर आती हैं। इसे देखते हुए ही इस पहाड़ को रॉक गार्डन के रूप में विकसित, संरक्षित और सुरक्षित रखने की जरूरत पर बल दिया जाने लगा है। लोगों का कहना है कि इस स्थल के अंतर्राज्यीय सड़क मार्ग पर स्थित होने से पलामू जिला मुख्यालय से लेकर सीमावर्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े होने के कारण इस पहाड़ को इस रूप में विकसित करने से भीमचूल्हा के साथ ही इससे भी टूरिज्म को बढावा मिलने लगेगा। भीमचूल्हा पर्यटक स्थल के गाइड सह पुजारी गंगा तिवारी का मानना है कि ऐसा हुआ, तो अभी यूट्यूबर और इसके बाद शूटिंग के लिहाज से फिल्मों के निमार्ता व निर्देशक की नजर में भी चुनिंदा व पसंदीदा जगह बन जाएगी। इससे पेड़ों की सुरक्षा भी होगी, इससे हरियाली और फैलेगी। पर्यावरण भी संरक्षित बनी रहेगी। रोजगार के भी अवसर पैदा होंगे। इससे बेरोजगारी भी दूर होगी।

### इसी पहाड़ में बने हैं रेलवे के तीन टनल

वर्षों वर्ष के अंतराल में रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के साथ एक के बाद एक इस पहाड़ के पूर्वी छोर पर ही इसको तोड़कर अथवा इसकी खुदाई कर तीन टनल अबतक बन चुके हैं। जिन्हें झारखंड के आगमन और प्रस्थान का मुख्य द्वार कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। बताया जाता है कि रेलवे का टनल जब एक था, तब से ही आकर्षण और कौतूहल का विषय बना हुआ है। अब तीन टनल पैदल या रेल सफर में समानांतर रूप में नयनाभिराम दृश्य उपस्थित करते हैं। जिसे कैमरे में बिना कैद किए नहीं रहा जाता है। लोगों का कहना है कि भीमचूल्हा के साथ ही इस पहाड़ को पर्यटन और पर्यावरण के दृष्टिकोण से विकसित और संरक्षित करने से जिला ही नहीं राज्य स्तर पर बड़े टूरिस्ट प्लेस के रूप में एक और उपलब्धि हासिल हो सकता है।



22 कोचों के पंचवटी एक्सप्रेस के सभी यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये सभी कोच वेस्टिबुल के माध्यम से जुड़े हुए हैं

## अब चलती ट्रेन में कर सकेंगे कैश निकासी

# पंचवटी एक्सप्रेस में लगा भारत का पहला ट्रेन एटीएम

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश का पहला ट्रेन एटीएम स्थापित कर दिया है। इसके सुविधा के बाद, यात्री चलती ट्रेन में आसानी से कैश निकाल सकते हैं। एटीएम को ट्रेन के एसी कोच में स्थापित किया गया है और इसका ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। यह मशीन यात्रियों को ट्रेन चलने के दौरान भी कैश निकालने की सुविधा देती है। इसे भारतीय रेलवे की इनोवेटिव और नॉन-फेयर रेवेन्यू आईडिया (आईएनएफआरआईएस) के हिस्से के रूप में पेश किया गया है।

इस पहल को भारतीय रेलवे के भुसावल डिवीजन और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बीच सहयोग से शुरू किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल अच्छा रहा और पूरी यात्रा के दौरान मशीन सुचारू रूप से काम करती रही। हालांकि, इगतपुरी और कसारा के बीच के हिस्से में कुछ समय के लिए नेटवर्क संबंधी समस्याएं आईं, क्योंकि यह रीजन सुरंगों और सीमित मोबाइल कनेक्टिविटी के कारण खराब सिग्नल के लिए जाना जाता है। भुसावल के मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने कहा, "परिणाम अच्छे रहे। लोग अब यात्रा के दौरान कैश निकाल सकेंगे। हम मशीन के प्रदर्शन की निगरानी करते रहेंगे। पांडे ने आगे कहा कि यह आईडिया पहली बार भुसावल डिवीजन द्वारा आयोजित आईएनएफआरआईएस बैठक के दौरान प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, एटीएम को एसी कोच में रखा गया है, लेकिन पंचवटी एक्सप्रेस के सभी 22 कोचों के यात्री इसका उपयोग कर सकते हैं, क्योंकि ये सभी कोच वेस्टिबुल के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

### पंचवटी और जन शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों को मिलेगा खास फायदा

कैश निकासी के अलावा, यात्री एटीएम का उपयोग चेक बुक ऑर्डर करने और खाता विवरण प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। बड़ी बात यह है कि यही एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगा, क्योंकि यह पंचवटी एक्सप्रेस के साथ एक ही रेक साझा करता है। इसका मतलब है कि लंबे रूट पर ज्यादा यात्रियों को भी इस सुविधा का फायदा मिलेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एटीएम में शटर सिस्टम लगाया गया है और चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यदि यह सेवा यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो जाती है तो इसे और अधिक ट्रेनों में विस्तारित किया जा सकता है।



## भारत सपरिवार आ रहे हैं अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस

**ब्यूरो**

- दिल्ली, जयपुर ,आगरा का दौरा करेंगे, वाराणसी का नहीं
- दिल्ली में लाल किला, जयपुर में आमेर का किला, आगरा में ताजमहल में हो रही व्यवस्था चाक-चौबंद
- मोदी के साथ बैठक करेंगे, टैरिफ पर हो सकती है बात

**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार सहित 18 से 24 अप्रैल तक इटली व भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों में घूमेंगे और राजनीतिक -आर्थिक बैठक भी करेंगे। जेडी वेंस सपरिवार दिल्ली , जयपुर व आगरा का दौरा करेंगे, लेकिन भारत की पुरातन धार्मिक नगरी व पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी क्यों नहीं जा रहे हैं , इस पर लोगों को अचरज हो रहा है। उपराष्ट्रपति सपरिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे ।बुधवार को अमेरिकी दूतावास व पुलिस अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के प्रस्तावित दौरे को लेकर आमेर फोर्ट का सुरक्षा जायजा लिया। अधिकारियों ने आमेर फोर्ट व आसपास इलाकों का बड़ी ही बारीकी के साथ निरीक्षण किया है ।इसके अलावा आमेर महल प्रबंधन की ओर से भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। महल परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा इंतजाम और आगंतुकों की आवाजाही को व्यवस्थित करने को लेकर तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा एजेंसियां भी सभी पहलुओं की बारीकी से नजर रख रही हैं ।इसी तरह उनके आगरा के ताजमहल और दिल्ली के लाल किला जैसे स्थलों पर जाने की संभावना के मद्देनजर भी तैयारी की जा रही है।

## इजरायली नीतियों पर फिर उठे सवाल- गाजा को राहत से वंचित किया गया



**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि गाजा की आबादी पर हमास के नियंत्रण को कमजोर करने के लिए वहां मानवीय सहायता रोकने की नीति अपनाई गई है। इजरायल काट्ज ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के साथ गाजा के दौरे के एक दिन बाद यह बयान दिया। कैट्ज ने कहा, "इजरायल की नीति स्पष्ट है - कोई भी मानवीय सहायता गाजा में प्रवेश नहीं करने वाली। उन्होंने कहा, "मौजूदा हालात में कोई भी गाजा में मानवीय सहायता लाने की तैयारी नहीं कर रहा है और न ही ऐसा करने का इरादा रखता है। 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में भोजन, पानी, दवा, ईंधन और अन्य आपूर्ति के प्रवेश पर रोक को फिर से लगा दी। नेतन्याहू ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक-मुक्ति समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के लिए दवाब डालना था।

## कैंसर पर एनटीयू व एनएचजी का सर्वे परिणाम

# ज्यादातर लोग कैंसर की जांच के लिए तैयार, लेकिन वे करा नहीं पाते हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एशिया में बहुत से लोग कैंसर की जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन इरादे व कार्रवाई के बीच अंतर बना हुआ है, यह नानयांग टेक्नालाजिकल यूनिवर्सिटी ( एनटीयू ) सिंगापुर और नेशनल हेल्थ केयर ग्रुप (एनएचजी) द्वारा किए गए एक बहु-देशीय अध्ययन में पाया गया। स्वास्थ्य व्यवहार संबंधी अपनी सोच व उसमें ,सुधार के लिए सिंगापुर की पहली अकादमिक-क्लीनिकल इकाई एशिया में स्वास्थ्य व्यवहार संबंधी रुझानों पर प्रकाश डालती है। सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से प्रेरित होकर, लोग कैंसर की जांच करवाने के विचार के लिए तैयार हो सकते हैं। हालांकि, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर (एनटीयू, सिंगापुर) व नेशनल हेल्थ केयर ग्रुप (एनएचजी) द्वारा किए गए 10-देशों के एक अध्ययन के प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार, इस इरादे व उनके वास्तविक व्यवहार के बीच अंतर मौजूद है। सिंगापुर में, जहाँ महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे आम है, 40 वर्ष और उससे ज़्यादा आयु की 75 % महिला सर्वेक्षण प्रतिभागियों ने कहा कि यदि उन्हें मैमोग्राम की पेशकश की जाती है तो वे संभवतः मैमोग्राम करवाएँगी। हालाँकि, बीते दो वर्षों में वास्तव में 34 % ने मैमोग्राम करवाया है। इसी तरह, कोलोरेक्टल कैंसर की जांच के लिए, सिंगापुर में 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 70 % प्रतिभागियों ने मल परीक्षण कराने का इरादा जताया, लेकिन पिछले वर्ष केवल 27 % ने मल परीक्षण कराया या कोलोनोस्कोपी कराई। दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक किए गए अध्ययन में सर्वेक्षण किए गए अन्य 9 देशों में भी इरादे और व्यवहार के बीच यह अंतर देखा गया, जिसमें लगभग 10,000 प्रतिभागी शामिल थे। ये प्रारंभिक निष्कर्ष एक बड़े अध्ययन का हिस्सा हैं जो एशिया में विभिन्न स्वास्थ्य व्यवहारों में तह तक जाता है । ये निष्कर्ष बदले में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को रोगी आबादी व समुदाय दोनों में प्रभावी नज़र और हस्तक्षेप, साथ ही अनुरूप उपचार रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में मार्गदर्शन करेंगे। ये 10 देश हैं: चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और वियतनाम।

यह अध्ययन एशियन सेंटर फॉर हेल्थ बिहेवियरल इनसाइट्स एंड इंटरवेंशन (एच ए बी आई टी एस) द्वारा किया गया है, जो एनटीयू सिंगापुर और एनएचजी द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक नया शोध केंद्र है। यह सिंगापुर की पहली एकीकृत शोध इकाई है जो स्वास्थ्य व्यवहार विज्ञान को समर्पित है। एनटीयू के अध्यक्ष प्रोफेसर हो टेक हुआ ने कहा: "स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए, यह आवश्यक है कि हम मानव व्यवहार को समझें। तभी हम लोगों को अच्छी आदतें विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरणा दे सकते हैं। एचएबीआईटीएस एक अंतःविषय सहयोगी मंच के रूप में काम करेगा, जहाँ व्यवहार वैज्ञानिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी, साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने के लिए चिकित्सा डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।" एनएचजी के समूह सीईओ प्रोफेसर जो सिम ने कहा: "एचएबीआईटीएस एक गेम चेंजर साबित होगा क्योंकि हम अपनी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बदलने और सिंगापुर के लोगों को स्वस्थ जीवन के वर्ष जोड़ने के लिए स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य चाहने वाले व्यवहारों को समझने और संशोधित करने का प्रयास करते हैं।"



- चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड व वियतनाम में हुए सर्वे में यह बात सामने आई

डिजिटल विकास और सूचना मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ राज्य मंत्री डॉ. जनिल पुथुचेरी ने आधिकारिक तौर पर एचएबीआईटीएस का शुभारंभ किया। एनटीयू में एचएबीआईटीएस के केंद्र निदेशक और एसोसिएट प्रोवोस्ट (संकाय मामले) प्रोफेसर मे ओ. ल्विन ने कहा: "हमारे बहु-देशीय अध्ययन से पता चलता है कि एक निश्चित इरादा हमेशा कार्रवाई में तब्दील नहीं होता है। इसका मतलब है कि डॉक्टरों के लिए मरीजों की जांच, निदान, जीवनशैली व्यवहार निर्धारित करना ही पर्याप्त नहीं है। प्रभावी हस्तक्षेप विकसित करने के लिए, स्वास्थ्य निर्णयों को आकार देने वाले कारकों को समझना महत्वपूर्ण है। हमारा बहु-देशीय अध्ययन पूरे एशिया में स्वास्थ्य व्यवहार प्रवृत्तियों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इन पैटर्नों में गहराई से जाने से, हम लक्षित हस्तक्षेपों को डिजाइन करने की उम्मीद करते हैं जो न केवल सिंगापुर में बल्कि पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं।" प्रोफेसर चोंग फुई-नाह, क्लीनिकल डायरेक्टर, एचएबीआईटीएस, और वरिष्ठ सलाहकार और वरिष्ठ सलाहकार (पारिवारिक चिकित्सा), एनएचजी, ने कहा: "एचएबीआईटीएस सिंगापुर का पहला व्यवहारिक स्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र है जो शिक्षा और नैदानिक अभ्यास को जोड़ता है। यह एचएबीआईटीएस को कई बीमारियों और विषयों में अनुसंधान को एकीकृत करने और क्लिनिक और समुदाय में अनुसंधान का अनुवाद करने की अनूठी क्षमता प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करता है कि संपूर्ण अपने भागों के योग से बड़ा है। अपने नैदानिक शाखा के माध्यम से, एचएबीआईटीएस स्वास्थ्य मंत्रालय, स्वास्थ्य संवर्धन बोर्ड और पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य रणनीति के साथ घनिष्ठ संरेखण सुनिश्चित करेगा, कार्यान्वयन और नीति परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाएगा, और अंततः जनसंख्या स्वास्थ्य में सुधार करेगा।" व्यवहारिक अंतर्दृष्टि के माध्यम से जनसंख्या स्वास्थ्य को आगे बढ़ाना एचएबीआईटीएस एनटीयू के ली कोंग चियान स्कूल ऑफ मेडिसिन और वी किम वी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड इंफॉर्मेशन के 30 से अधिक शोधकर्ताओं और एनएसजी के बहु-विषयक चिकित्सकों को एक साथ लाता है। इसका उद्देश्य सिंगापुर व एशियाई आबादी में प्राथमिक स्वास्थ्य चिंताओं को बढ़ाने वाले अंतर्निहित कारकों की पहचान करना और ज्ञान और समाधान विकसित करना है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करेगा, स्वास्थ्य संवर्धन प्रयासों को आगे बढ़ाएगा और स्वस्थ एनएसजी जैसी राष्ट्रीय रणनीतियों का समर्थन करेगा।

## अमेरिका की यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### 50 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

**अदन (आईएएनएस)।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने बुधवार को यमन में हूती ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। अमेरिकी विमानों ने यमन के उत्तर, मध्य और पश्चिम के कई प्रांतों में 50 से अधिक हूती ठिकानों को निशाना बनाया। हूती समूह के अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। हालांकि हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी एयर स्ट्राइक के चलते हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों का जवाब दिया जाएगा। समूह ने कहा कि वह इजरायल या संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े जहाजों पर हमला करना जारी रखेगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि यूके समुद्री व्यापार परिचालन (यूकेएमटीओ) ने मंगलवार रात को बताया कि अदन से लगभग 100 समुद्री मील पूर्व में एक जहाज का कई छोटे जहाजों ने दो घंटे तक पीछा किया। छोटे जहाजों पर हथियारबंद शख्श सवार थे। मुठभेड़ के दौरान गोलियां भी चलाई गईं। यूकेएमटीओ ने कहा, "जहाज ने यमनी कोस्टलाइन की ओर अपना रास्ता बदल लिया। सभी चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं। जहाज अपने अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। यह कई महीनों में यूकेएमटीओ की तरफ क्षेत्र में रिपोर्ट की गई पहली ऐसी घटना है।

## पाकिस्तान में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान केएफसी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**लाहौर (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी फास्ट-फूड चेन केएफसी के एक कर्मचारी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि, 15 अप्रैल को सुबह-सुबह बड़ी संख्या में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने आउटलेट पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ के सदस्यों पर गोलियां चलाईं। आसिफ नवाज नाम के एक कर्मचारी को गोली मार दी गई, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। 45 वर्षीय नवाज को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




कहानी फिल्म जगत की

# दीपिका-रणवीर

## ने बेटी के लिए खरीदा नया घर



जब बॉलीवुड के इस जोड़े को मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के अंदर जाते हुए देखा गया, तो चर्चाएं तेज़ हो गईं। पिंकविला के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट की गई एक क्लिप में, दबंग 2 के निर्देशक-निर्माता अपनी पत्नी के साथ अस्पताल जाते हुए देखे गए।

हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह उन्हें मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के बाहर भी देखा गया। खैर, यह वही है जिसके बारे में नेटिज़न्स कुछ समय से अटकलें लगा रहे थे। जब बॉलीवुड के इस जोड़े को मुंबई में एक प्रसूति क्लिनिक के अंदर जाते हुए देखा गया, तो चर्चाएं तेज़ हो गईं। पिंकविला के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट की गई एक क्लिप में, दबंग 2 के निर्देशक-निर्माता अपनी पत्नी के साथ अस्पताल जाते हुए देखे गए।



क्रिकेटर ज़हीर खान और उनकी अभिनेत्री पत्नी सागरिका घाटगे एक बेटे के माता-पिता बन गए हैं। बुधवार को, सागरिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की और बच्चे के आने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने बेटे का नाम फ़तेहसिंह खान रखा है। सागरिका ने एक तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें ज़हीर अपने बच्चे को गोद में लिए हुए नज़र आ रहे हैं और सागरिका भी उनके बगल में खड़ी हैं।